


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in ₹4

▸ वर्ष 21 ▸ अंक-223 ▸ मुंबई, मंगलवार, 11 मार्च 2025 ▸ मुंबई ▸ पृष्ठ 12 ▸ मूल्य










## महाराष्ट्र बजट 2025-26 ▸▸ 50 लाख नौकरियां देने का लक्ष्य

# पवार का पॉवरफुल बजट



▸▸ लाड़की बहन योजना को 36 हजार करोड़ रुपए

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई। महाराष्ट्र में भाजपा की अगुवाई वाली महायुति सरकार ने 2025-26 का बजट पेश कर दिया है। सरकार ने लाडकी बहिन योजना के लिए राशि बढ़ाकर 36 हजार करोड़ रुपए कर दिया है। हालांकि इस बात का जिक्र नहीं किया गया है कि सरकार इस योजना के तहत 1500 रुपए की जगह 2100 रुपए की मदद देने की शुरुआत कब करेगी।**

पिछले साल महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान गठबंधन ने मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना के तहत अनुदान राशि 2100 करने का वादा किया था। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को बजट पेश करते हुए कहा, "मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन" योजना के तहत जुलाई 2024 से करीब दो करोड़ 53 लाख लाभार्थी महिलाओं को वित्तीय लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस पर अब तक 33,232 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने विधानसभा में एक नई औद्योगिक नीति की घोषणा की, जिसमें 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 50 लाख नौकरियों के सृजन पर ध्यान केंद्रित किया गया।



### मराठी दिवस का ऐलान

वित्त मंत्री अजित पवार ने अपना 11वां और महायुति सरकार का पहला बजट पेश करते हुए ऐलान किया है कि महाराष्ट्र सरकार हर साल मराठी भाषा सम्मान दिन मनाएगी और इसके लिए तीन अक्टूबर का दिन तय किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने के बाद अब 3 अक्टूबर को 'शास्त्रीय मराठी भाषा सम्मान दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

### बजट में इन्फ्रा हाईवे प्रोजेक्ट्स

- वर्धा के पवनार से सिंधुदुर्ग के पत्रादेवी तक 86,300 करोड़ रुपये की लागत वाले 760 किलोमीटर लंबे महाराष्ट्र शक्तिपीठ राजमार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण जारी
- बांद्रा और वर्सोवा के बीच 14 किलोमीटर लंबे 18,120 करोड़ रुपए की लागत वाले स्वातंत्र्यवीर सावरकर समुद्री पुल का निर्माण मई 2028 तक पूरा करने की योजना है
- उत्तन से विरार तक समुद्री पुल और संपर्क सड़क की 55 किलोमीटर लंबी परियोजना 87,427 करोड़ रुपये की लागत से शुरू होगी



"महाराष्ट्र का वित्तीय घाटा 2.9 प्रतिशत पर रुक गया है। अगले साल का अनुमान 2.7 प्रतिशत का रखा गया है। हम अपनी कुल जीएसडीपी पर 25 प्रतिशत का लोन ले सकते हैं लेकिन हम अभी केवल 18 प्रतिशत ले रहे हैं।" - **देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री**

"हमने अपने घोषणापत्र में जो भी कहा था वह प्रिंटिंग मिस्टेक नहीं था। हर चीज लागू की जाएगी. यह घोषणा पांच साल के लिए है। हम हर घोषणा उसी अनुरूप लागू करेंगे।"
**-एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री**

"प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने में महाराष्ट्र नंबर वन होगा। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में महाराष्ट्र नंबर वन है। दावोस में महाराष्ट्र ने 56 कंपनियों के साथ 15.72 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिससे 16 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।" - **अजित पवार, वित्त मंत्री**

### मोटर वाहन कर में एक प्रतिशत की वृद्धि

■ अजित पवार ने वाहन के प्रकार और कीमत के आधार पर व्यक्तिगत स्वामित्व वाले गैर-परिवहन चार पहिया सीएनजी और एलपीजी वाहनों पर मोटर वाहन कर में 1 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की। वर्तमान दर 7 से 9 प्रतिशत है, और 1 प्रतिशत की वृद्धि से लगभग 150 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व पैदा होगा। वहीं वाहनों के क्रेन, कंप्रेसर, प्रोजेक्टर और उत्खननकर्ताओं पर एकमुश्त आधार पर 7 प्रतिशत का मोटर वाहन कर प्रस्तावित किया है, और इससे लगभग 180 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व की उम्मीद है।

### 2030 तक चालू होगा वधावन बंदरगाह

■ पालघर में वधवन बंदरगाह 2030 तक चालू हो जाएगा और कहा कि मुंबई के लिए तीसरा हवाई अड्डा बंदरगाह के पास प्रस्तावित है, और मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का एक स्टेशन भी इसके पास होगा। उन्होंने कहा कि बंदरगाह परियोजना समुद्री व्यापार में राज्य की स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सरकार ने राजकोषीय घाटा 1,36,234 करोड़ रुपये और 2025-26 के लिए कुल व्यय 7,00,020 करोड़ रुपये रखा है। राजस्व प्राप्तियां 5,60,963 करोड़ रुपये रहीं, जबकि राजस्व व्यय 6,06,855 करोड़ रुपये था।

### नवी मुंबई बनेगा ग्रोथ हब

■ इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की बात करें तो बजट पेश करते हुए अजित पवार ने घोषणा की है कि नवी मुंबई में 250 एकड़ में नई इनोवेशन सिटी बनाई जाएगी। वहीं सरकार ने ठाणे को नवी मुंबई हवाई एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए ठाणे से नवी मुंबई तक एलिवेटेड रोड की घोषणा की है। अगले एक साल में मुंबई और पुणे में 64.4 किमी मेट्रो लाइनें बिछाई जाएंगी। इसके अलावा महाराष्ट्र में नई उद्योग नीति घोषित होगी।

### यात्री और बंदरगाह टैक्स से राहत

■ महाराष्ट्र मरीन डेवलपमेंट पॉलिसी के तहत पैसेंजर शिपिंग और तटीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यात्री और बंदरगाह टैक्स से राहत प्रदान की गई है। अजित पवार ने कहा है कि पोर्ट एग्रीमेंट्स की अधिकतम अवधि को बढ़ाकर 90 साल कर दिया गया है इससे क्षेत्र में लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट सुनिश्चित होगा।

### बजट में मेट्रो प्रोजेक्ट्स

- मुंबई, नागपुर और पुणे में कुल 143.57 किलोमीटर मेट्रो लाइनें चालू की गई हैं। प्रतिदिन 10 लाख यात्री हो रहे लाभान्वित
- आगामी साल में कुल 64.4 किमी मेट्रो लाइनें चालू की जाएंगी, जिनमें से 41.2 किमी मुंबई में और 23.2 किमी पुणे में
- अगले 5 सालों में कुल 237.5 किलोमीटर मेट्रो लाइन चालू हो जाएंगी। 40 किलोमीटर लंबे नागपुर मेट्रो का पहला चरण पूरा हो चुका है और 6,708 करोड़ रुपये की लागत से 43.80 किलोमीटर लंबे दूसरे चरण का काम प्रगति पर है।
- ठाणे सर्कुलर मेट्रो लाइन और पुणे में स्वर्गेट से कटराज एक्सटेंशन लाइन परियोजना को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है।

### कृषि क्षेत्र में एआई का समागम

प्रदेश में एआई आधारित नीति के तहत कृषि क्षेत्र के विकास के लिए एआई का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके तहत पहले चरण में 1 लाख एकड़ कृषि भूमि को कवर करते हुए 50,000 किसानों को लाभ मिलेगा।

# 'औरंगजेब के मकबरे पर देवेंद्र की वक्र दृष्टि



## सीएम ने कहा- हर कोई चाहता; हटे मकबरा

**मुंबई।** मुगल बादशाह औरंगजेब पर पूरे देश में सियासत गर्म है। अब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सभी का मानना है कि छत्रपति संभाजीनगर में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब का मकबरा हटा दिया जाना चाहिए। छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज और सतारा से भाजपा सांसद उदयनराजे भोसले ने छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब की समाधि को हटाने की मांग की थी। शनिवार को भोसले की मांग पर सीएम फडणवीस ने कहा कि हम सभी भी यही चाहते हैं।

मगर आपको इसे कानून के दायरे में करना होगा, क्योंकि यह एक संरक्षित स्थल है। इस स्थल को कुछ साल पहले कांग्रेस शासन के दौरान एएसआई के संरक्षण में शामिल किया गया था। सात मार्च को शिवाजी महाराज के 13वें वंशज और सतारा शाही परिवार के सदस्य छत्रपति उदयनराजे भोसले ने मकबरा को ढहाने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि जो लोग औरंगजेब की कब्र पर जाते हैं और श्रद्धांजलि देते हैं, उन्हें उस कब्र को अपने घर ले जाना चाहिए, लेकिन औरंगजेब का महिमामंडन अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### केंद्र सरकार से करेंगे बात

शिवसेना नेता शंभूराजे देसाई का कहना है कि उनकी सरकार औरंगजेब की कब्र हटाना चाहती है और इस मुद्दे को लेकर सीएम देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे केंद्र सरकार से बातचीत करेंगे।

■ सतारा सांसद ने की थी मकबरा हटाने की मांग

# यूपी कैबिनेट ने दी 19 प्रस्तावों को मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार को कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इसमें बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज का प्रस्ताव शामिल है। यह मेडिकल कॉलेज स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर बनेगा। इसके अलावा बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। कैबिनेट और मंत्री परिषद की बैठक के बाद यह जानकारी प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि सोमवार की बैठक में कुल 19 प्रस्ताव रखे गए थे। इन सभी प्रस्तावों पर विचार करने के बाद मंत्री परिषद ने मंजूरी दे दी है। यूपी कैबिनेट ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के लिए नर्सिंग कॉलेज के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। जल्द ही इसके लिए गजट और बजट जारी होने की उम्मीद है। इटावा के सैफई स्थित मेडिकल कॉलेज में 300 बेड और पीडियाट्रिक विभाग बनाने की मंजूरी दे दी गई।



- बलिया में बनेगा मेडिकल कॉलेज
- सैफई मेडिकल कॉलेज का होगा विस्तार

### आगरा में शुरू किया जाएगा मेट्रो फेज-2

■ आगरा में मेट्रो के लिए ज़मीन देने और आगरा मेट्रो फेज टू के लिए जमीन अधिग्रहण करने के प्रस्ताव को भी रही झंडी दी गई है। इसी क्रम में हरदोई में पर्यटन की संभावना को देखते हुए बंजर जमीन पर्यटन विभाग को सौंपने पर भी सहमति बनी है। इसके लिए जल्द प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## न्यूज BRIEF

### न्यूयॉर्क जा रहा विमान मुंबई लौटा

**मुंबई।** मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट हवा में थी, इसी दौरान टॉयलेट में बम होने की धमकी का नोट मिला। अधिकारियों ने बताया कि इस धमकी के बाद फ्लाइट को मुंबई हवाई अड्डे पर वापस लाया गया। इस फ्लाइट में 320 से ज्यादा लोग सवार थे। बाद में इसकी मुंबई में सुरक्षित लैंडिंग करा दी गई और सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से जांच की गई।

### कनाडा के नए पीएम मार्क कार्नी

**टोरेंटो।** मार्क कार्नी अब कनाडा के नए प्रधानमंत्री होंगे। सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने कार्नी को नया प्रधानमंत्री चुन लिया है। कार्नी बैंक ऑफ कनाडा के पूर्व गवर्नर हैं। वे बैंक ऑफ इंग्लैंड के भी गवर्नर रह चुके हैं। राजनीति में उनकी एंट्री पहली बार हुई है। यद्यपि उन्हें कई बार वित्त मंत्री का पद ऑफर किया गया, पर वे सदैव मना करते रहे।

### आधे घंटे ठप रहा 'एक्स' का सर्वर

**न्यूयॉर्क।** एलन मस्क के माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स का सर्वर आधे घंटे तक ठप पड़ गया है। सोशल मीडिया पर लोगों ने कई तरह की परेशानियों का जिक्र किया है। इसकी सर्विसेस को इस्तेमाल करने में लोगों दिक्कत आ रही है। नई पोस्ट शेयर या उन पर रिएक्ट नही कर पा रहे हैं। हालांकि आधे घंटे बाद एक्स की सर्विसेस वापिस से काम करने लगी हैं।

# पूर्व सीएम के घर ईडी छापा

■ बघेल व बेटे के 14 ठिकानों पर कार्रवाई

### नोट गिनने मंगाई मशीन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की सियासत में इस समय भूचाल मचा हुआ है। दरअसल आज सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके पुत्र चैतन्य बघेल सहित उनके 14 करीबियों के ठिकाने पर दबिश दी है। ईडी ने शराब घोटाले के मामले को लेकर ये कार्रवाई की है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर दस्तावेजों की जांच कर रहे अफसरों ने नोट गिनने के लिए मशीन मंगवाई है। बैंक कर्मचारी पुलिस की सुरक्षा में नोट गिनने की मशीन लेकर बघेल के घर पहुंचे हैं। दूसरी ओर ईडी की



कार्रवाई को लेकर कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के आवास के बाहर ईडी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। फिलहाल इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि ईडी ने अब तक छापेमार कार्रवाई में कितनी रिकवरी की है।

### विपक्ष को डराने का प्रयास : पायलट



■ छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि, भूपेश बघेल के यहां ईडी का छापा केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध को उजागर करता है। भाजपा ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों को विपक्ष के नेताओं को डराने और दबाने के लिए इस्तेमाल कर रही है।

### करीबियों के यहां भी दबिश

ईडी ने बघेल के करीबी अभिषेक सिंह व संदीप सिंह, भिलाई में बिल्डर अजय चौहान व भिलाई कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर और सांसद चुनाव लड़ चुके राजेंद्र साहू के घर पर भी ईडी ने दबिश दी है। सहेली ज्वेलर्स सहित कई नामी कारोबारियों के ठिकानों पर भी ईडी ने छापेमार कार्रवाई की है।

### शराब घोटाले से जुड़े हैं तार

ईडी ने लिखा है कि भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल के घर समेत चैतन्य बघेल के करीबियों के घर भी छापेमारी जारी है। ईडी ने पाया है कि चैतन्य बघेल शराब घोटाले के अपराध से जुड़े पैसों के प्राप्तकर्ता है। इसमें अपराध की कुल आय लगभग 2161 करोड़ रुपये है।

## महाराष्ट्र में गन्ना लदा ट्रक पलटा

# छह मजदूरों की मौत, आठ घायल

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में एक भीषण सड़क दुर्घटना में छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए. बताया जाता है कि गन्ना ले जा रहा एक ट्रक पलट गया। ये सभी मजदूर उसी ट्रक पर बैठे थे। हादसे में मौके पर ही चार मजदूरों की मौत हो गयी थी। दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस इंस्पेक्टर सानप ने बताया कि अन्य 8 मजदूरों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। घटना सोमवार अल सुबह की है। पिशोर में खेतों से गन्ना काटने के बाद मजदूरों ने ट्रक में लोड किया। ट्रक में गन्ना लोड करने के बाद उस पर 14 मजदूर सवार हो गये। रात



करीब ढाई बजे जब ट्रक कन्नड़ की ओर जा रहा था, तभी ट्रक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार ट्रक पलटने से गन्ने पर बैठे 14 मजदूर गन्ना के नीचे दब गये। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके बाद बचाव कार्य तेजी से शुरू हुआ।

### मृतकों के नाम:

हादसे में मौके पर मरने वालों के नाम मिथुन महारू चव्हाण (उम्र 26), किसन धर्मा राठौड़ (उम्र 30), मनोज नामदेव चव्हाण (उम्र 23) और कृष्णा मूलचंद राठौड़ (उम्र 30 वर्ष) हैं। वहीं विनोद नामदेव चव्हाण और ज्ञानेश्वर देवीदास चव्हाण की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। घायलों के नाम इंदलचंद प्रेमचंद चव्हाण, लाखन छगन राठौड़, सचिन भागीनाथ राठौड़, राहुल नामदेव चव्हाण, रविंद नामदेव राठौड़, सागर भागीनाथ राठौड़, इस्माइल अब्दुल और उमर मूसा भेड़ा बताये गये हैं।

## मोदी सरकार का महत्वपूर्ण फैसला

# आईपीएल में नहीं दिखेंगे शराब-तंबाकू के विज्ञापन

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने 22 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टूर्नामेंट के दौरान सभी प्रकार के तंबाकू और शराब के प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है, जिसमें छद्म विज्ञापन भी शामिल हैं। आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल को लिखे पत्र में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने कहा कि क्रिकेट खिलाड़ी, जो भारत के युवाओं के लिए आदर्श हैं, उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार के तंबाकू या शराब के विज्ञापन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। गोयल ने लिखा, "आईपीएल को स्टेडियम के अंदर, जहां मैच और आईपीएल से संबंधित मैच/कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, तथा राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारण के दौरान, सभी प्रकार के तम्बाकू/शराब के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने वाले नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए, जिसमें सरोगेट विज्ञापन भी शामिल हैं।"



## मध्य प्रदेश : सीधी में सड़क हादसा

# आठ लोगों की मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में रविवार देर रात एक ट्रक और स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) के बीच टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक गायत्री तिवारी ने बताया कि यह घटना सीधी-बहरी रोड पर उपनी पेट्रोल पंप के पास देर रात करीब 2.30 बजे हुई। उन्होंने बताया कि एसयूवी मैहर की ओर जा रही थी जबकि ट्रक सीधी से बहरी की ओर जा रहा था, तभी दोनों वाहनों की आमने सामने की टक्कर हुई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में एसयूवी में सवार आठ लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि नौ घायलों को इलाज के लिए रीवा रेफर किया गया है और अन्य का सीधी जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है तथा जांच जारी है।

# कोर्ट में छलके रन्या के आंसू

**नई दिल्ली।** दुबई से सोना तस्करी कर बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पकड़ी गईं कन्नड़ अभिनेत्री रन्या राव को सोमवार को अदालत में पेश किया गया. अदालत में सुनवाई के दौरान रन्या ने डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस के अधिकारियों पर मानसिक उत्पीड़न और गाली देने का आरोप लगाया. इस दौरान वह कोर्ट में रो पड़ीं। जबकि अधिकारियों ने उनके आरोपों को खारिज कर दिया है और कहा कि एक्ट्रेस जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। हाई-प्रोफाइल सोना तस्करी मामले में गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को आर्थिक अपराध की स्पेशल कोर्ट ने अभिनेत्री को पेश किया गया था, जहां से उन्हें (रन्या) को 24 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पेशी के दौरान अदालत ने रन्या से कई सवाल पूछे। अदालत ने एक्ट्रेस से पूछा कि क्या आपको किसी परेशानी का सामना करना पड़ा? तो एक्ट्रेस कोर्ट में ही रो पड़ीं और उन्होंने डीआरआई अधिकारियों पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया।



▸▸ कहा- डीआरआई अधिकारियों ने गालियां दीं

# रद्द होगा ललित मोदी का पासपोर्ट

**नई दिल्ली।** वानुआतु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने नागरिकता आयोग को भगोड़े ललित मोदी को जारी वानुआतु पासपोर्ट रद्द करने का निर्देश दिया है। रिपोर्टों और प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक कथित प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री नापत ने कहा कि हालांकि जांच में कोई आपराधिक दोष सिद्ध नहीं हुआ है, लेकिन हाल ही में उन्हें बताया गया कि इंटरपोल ने अपर्याप्त साक्ष्य के कारण ललित मोदी पर अलर्ट जारी करने के भारतीय अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया है। प्रधानमंत्री के हवाले से कहा गया है, "मैंने नागरिकता आयोग को श्री मोदी के वानुआतु पासपोर्ट को रद्द करने की कार्यवाही तुरंत शुरू करने का निर्देश दिया है।"



▸▸ वानुआतु के प्रधानमंत्री ने दिए निर्देश

## पश्चिम रेलवे : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025

# सर्वोच्च पद पर पहुंच रहीं महिलाएं : जीएम



**पहली तस्वीर में** पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र पश्चिम रेलवे प्रधान कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए। **दूसरी तस्वीर में** पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती क्षमा मिश्र का पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्रीमती मंजुला सक्सेना द्वारा स्वागत करते हुए। **तीसरी तस्वीर** 'स्वयंसिद्धा' पुस्तक के विमोचन का दृश्य। **चौथी तस्वीर में** सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलक दिखाई दे रही है।

- गोडबोले हॉल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित
- छह मार्च से आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा 6 मार्च से अपनी महिला कर्मचारियों के लिए आयोजित विभिन्न गतिविधियों के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। 10 मार्च को चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय के गोडबोले हॉल में आयोजित एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक मिश्र ने उपस्थित सभी महिला कर्मचारियों को एक प्रेरक भाषण दिया। उन्होंने कहा कि कैसे महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में सर्वोच्च पदों पर पहुँची हैं और कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि महिला सशक्तिकरण की शुरुआत सबसे पहले घर से होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं और बालिकाओं के प्रति दृष्टिकोण और व्यवहार में बदलाव की शुरुआत घर से ही होनी चाहिए। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र तथा पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (डब्लयुआरडब्लयुडब्लयुओ) की अध्यक्षा श्रीमती क्षमा मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

### महिला दिवस का विषय 'एक्सलरेट एक्शन'

इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का विषय 'एक्सलरेट एक्शन'रहा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार समापन समारोह का मुख्य भाषण पश्चिम रेलवे की प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्रीमती मंजुला सक्सेना ने दिया, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण के महत्व और पश्चिम रेलवे में महिला कर्मचारियों द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला। इसके बाद महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने 'स्वयंसिद्धा' नामक पुस्तक का विमोचन किया, जिसमें महिला कर्मचारियों के लिए आवश्यक और महत्वपूर्ण जानकारी के साथ-साथ जीवनशैली और स्वास्थ्य पर सुझाव और दिशानिर्देश दिए गए हैं।

### "पश्चिम रेलवे की नायिका" का विशेष वीडियो जारी

समापन समारोह में "पश्चिम रेलवे की नायिका" शीर्षक से एक विशेष वीडियो भी जारी किया गया। यह वीडियो पश्चिम रेलवे द्वारा रेडियो चैनल – फीवर 104 एफएम के सहयोग से बनाया गया है, यह वीडियो पश्चिम रेलवे की महिला कर्मचारियों की असाधारण सेवा को समर्पित है। वीडियो में महिला कर्मचारियों की प्रेरक शॉट हैं जो रेल यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम करती हैं।

### कठपुतली शो का भी आयोजन

समारोह के हिस्से के रूप में श्रीमती सुची महाडिक द्वारा एक कठपुतली शो भी आयोजित किया गया, जिसने अपने रंगारंग और आकर्षक प्रदर्शन से दर्शकों का मनोरंजन किया। डा. जैंसी शेखर द्वारा कुर्सी योग पर एक सत्र भी आयोजित किया गया। इसके बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और इसमें प्रमुख विभागाध्यक्षों, पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन समिति की सदस्याएं, विभिन्न एसोसिएशनों और यूनियनों के प्रतिनिधियों, पश्चिम रेलवे की महिला अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। महिला दिवस समारोह वास्तव में एक यादगार कार्यक्रम था, जिसमें मौज-मस्ती, स्वास्थ्य देखभाल आदि सभी गतिविधियों को शामिल किया गया था।

## महाराष्ट्र ने चंडीगढ़ में जीते 18 पदक



**मुंबई।** चंडीगढ़ में आयोजित 'अखिल भारतीय सिविल सेवा योगासन खेल प्रतियोगिता 2024-25' में महाराष्ट्र सरकार की टीम ने सफलता की अपनी परंपरा जारी रखी। इस प्रतियोगिता में 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न आयु समूहों के लगभग 400 एथलीटों ने भाग लिया था। महाराष्ट्र टीम को पांच स्वर्ण पदक, सात रजत पदक,छह कांस्य पदक मिले। महाराष्ट्र टीम के दूसरे स्थान के प्रदर्शन को हर तरफ से प्रशंसा और शुभकामनाएं मिल रही हैं।

### कर्मचारी सेवानिवृत्ति योजना 95

# न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपए प्रति माह हो



ठाणे लोकसभा सांसद नरेश म्हास्के ने संसद में कहा

ठाणे। ईपीएस-95 (कर्मचारी सेवानिवृत्ति योजना 95) के पेंशनर्स एक हजार रुपए प्रति माह से कम की पेंशन पर जीवन यापन कर रहे हैं। जबकी महंगाई चरम सीमा पर है। ठाणे लोकसभा सांसद नरेश म्हास्के ने सोमवार को संसद में शून्यकाल के दौरान पेंशनर्स के मुद्दे उठाए और मांग की कि न्यूनतम पेंशन को 7,500 रुपए की जाए। सांसद नरेश म्हस्के ने सदन का ध्यान केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत ईपीएस-95 पेंशन योजना के पेंशनरों द्वारा झेली जा रही समस्याओं की ओर आकर्षित किया। देशभर में, केंद्रीय और राज्य सरकार के उपक्रमों, निजी संस्थानों और कारखानों से जुड़े 78 लाख पेंशनर्स प्रति माह एक हजार रुपए की न्यूनतम पेंशन पर जीवन यापन कर रहे हैं। वर्तमान स्थिति में, यह राशि अपर्याप्त है और वे बुनियादी आवश्यकताओं और स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं। 2013 में कोश्यारी समिति, 2018 में श्रम संसदीय समिति और ईपीएफओ की उच्च स्तरीय समिति ने भी प्रति माह 7,500 रुपए की न्यूनतम पेंशन और 10,050 रुपए की अधिकतम पेंशन की सिफारिश की थी, लेकिन इसे अभी तक लागू नहीं किया गया है।

### पेंशनर्स आठ वर्षों से आंदोलनरत

पेंशनर्स पिछले 7-8 वर्षों से इस मांग के लिए आंदोलन कर रहे हैं। दुर्भाग्यवश, उनकी आवाज आज तक नहीं सुनी गई है। सांसद नरेश म्हस्के जी ने ईपीएस-95 पेंशन योजना की तत्काल समीक्षा और न्यूनतम पेंशन को 7,500 रुपए प्रति माह बढ़ाने की मांग की। इसके अलावा, पेंशनर्स और उनके परिवारों को महंगाई भत्ता और मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए, जो न केवल पेंशनर्स की जीवन गुणवत्ता में सुधार करेगी बल्कि उनके दशकों के योगदान को भी सम्मानित करेगी। सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि सदन और सरकार की जिम्मेदारी है कि वे वरिष्ठ नागरिकों के मुद्दों को प्राथमिकता दें और उन्हें न्याय दें। पेंशनर्स और ठाणे लोकसभा क्षेत्र के संगठनों ने हाल ही में सांसद नरेश म्हास्के से मुलाकात की और उनसे पेंशनर्स के प्रलंबित मुद्दों को हल करने का अनुरोध किया। सांसद नरेश म्हस्के जी ने संसद में पेंशनर्स के मुद्दों को उठाने का वादा किया था।

# ज्ञानेश्वर जामदाड़े भाजपा में शामिल



दिनेश चन्द्र रावल/ जागरूक टाइम्स

- यूबीटी कलवा शाखा प्रमुख रहे जामदाड़े
- राकेश चौघुले की कामगार मोर्चा की पहल

**ठाणे।** शिवसेना उबाठा समूह के कलवा शाखा प्रमुख ज्ञानेश्वर जामदाड़े सहित कई शिवसेना कार्यकर्ताओं ने अपने कंधों पर भाजपा का झंडा उठा लिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले के नेतृत्व में कामगार मोर्चा के ठाणे जिला अध्यक्ष राकेश चौघुले ने पार्टी में शामिल होने की पहल की। भाजपा के ठाणे संभागीय कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे और जिला अध्यक्ष संजय वाघुले की उपस्थिति में यूबीटी समूह के कलवा शाखा प्रमुख ज्ञानेश्वर भानुदास जामदाड़े और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। इन कार्यकर्ताओं को भाजपा संगठन में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचायाने का दायित्व सौंपा गया। उन्होंने भाजपा से ठाणे शहर जिले में नंबर एक पार्टी बनने का संकल्प लेने की भी अपील की। साथ ही,मजदूर मोर्चा के माध्यम से शहर में मजदूरों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पूर्व वरिष्ठ नगरसेवक भरत चव्हाण, जिला महासचिव सचिन पाटिल, समीरा भारती, भाजपा वाईएमसीए के प्रदेश सचिव ओंकार चव्हाण, जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा शहर अध्यक्ष नताशा सोनकर, कोपरी मंडल अध्यक्ष शिवाजी रासकर,कलवा मंडल अध्यक्ष सुदर्शन सालवी, कामगार मोर्चा जिला महासचिव भगवान आडे, गणेश खोपड़े, समाधान सालवी, कोपरी-पचपाखड़ी विधानसभा संयोजक जीतू विश, कामगार मोर्चा उपाध्यक्ष अनिल तुपे, परेश चव्हाण, दीपक कदम, राज भानुशाली, सचिव विकास महाले सहित गणमान्य उपस्थित थे।

### पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल

# सात रेलकर्मी सम्मानित



- डीआरएम ने प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटों किया प्रदान
- रेल संरक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सुधीर शर्मा ने की प्रशंसा

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुधीर कुमार शर्मा ने मंडल के सात रेल कर्मचारियों को सुरक्षित ट्रेन परिचालन में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए सम्मानित किया। इन रेल कर्मियों को ड्यूटी के दौरान उनकी सजगता एवं सतर्कता के कारण अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान के लिए प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटों प्रदान कर सम्मानित किया। वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी उमेश प्रसाद ने बताया कि लाजवंत ढाका वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर-पालनपुर, किशन सिंह सोलंकी ट्रेन मैनेजर-गांधीधाम, सिकंदर लाल ट्रेन मैनेजर-गांधीधाम, बनवारी लाल स्टेशन मास्टर-किडियानगर, बलीराम कुमार कांटेवाला-विरमगाम, मोहम्मद आरिफ़ खान वरि. सहायक चालक-अहमदाबाद और सुश्री लगोटी सोनल बेन कांटेवाला-डीसा को अप्रत्याशित घटनाओं जैसे कोच से चिंगारी निकलते हुए देखना, वैगन से धुआँ निकलते हुए देखना, ब्रेकवान में अत्यधिक कंपन देखना, हेलिकल स्प्रिंग बाहर निकले हुए देखना इत्यादि घटनाओं पर तुरन्त उचित कार्रवाई करना जैसी संभावित क्षति से बचाया है। मंडल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा ने इन सजग सरंक्षा रेल प्रहरी की हौसला अफजाई की और कहा कि यात्रियों की सरंक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है एवं जब रेलकर्मी अपनी ड्यूटी के दौरान सजगता और सतर्कता से काम करते हैं तो हमें सेफ ट्रेन वर्किंग में मदद मिलती है। हमें इन रेल कर्मियों पर गर्व है।

### मुंबई कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अनीषाताई बागुल की पुण्यस्मृति

# रेड लाइट एरिया में सेवा शिविर आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर, मुंबई कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अनीषाताई बागुल की पुण्य स्मृति में मुंबई के रेड लाइट एरिया में एक विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य वहां रहने वाली महिलाओं को सम्मान और सहयोग प्रदान करना था, ताकि वे सशक्त होकर आत्मनिर्भर जीवन जी सके। इस शिविर के दौरान स्थानीय महिलाओं को साड़ियां, आवश्यक वस्त्र और अन्य जरूरी सामग्री वितरित की गई। साथ ही, उनकी समस्याओं को समझने और समाधान निकालने के प्रयास किए गए। बातचीत के दौरान कई महिलाओं ने अपनी जरूरतों को सामने रखा, जिनमें चिकित्सा सहायता, बच्चों की शिक्षा और रोजगार से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रही। इस अवसर पर आयोजकों ने वचन दिया कि यह पहल केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आगे भी महिलाओं को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। कुछ स्वयंसेवी संगठनों ने इस अभियान से जुड़ने की इच्छा जताई और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कई समाजसेवियों और स्थानीय नेताओं ने भाग लिया और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। साथ ही, स्थानीय प्रशासन से अपील की गई कि इस क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी सुविधाओं को बढ़ाया जाए। इस आयोजन के माध्यम से संदेश दिया गया कि हर महिला सम्मान और अधिकार की हकदार हैं। आयोजकों ने कहा कि समाज को मिलकर ऐसे प्रयास करने चाहिए, जिससे हर महिला सुरक्षित और आत्मनिर्भर जीवन जी सके।

### नासिक नगर निगम : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



# महिलाओं को दी गई कानूनी अधिकारों की जानकारी

**मुंबई।** नासिक महानगरपालिका द्वारा 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। नासिक महानगरपालिका के महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा 8 मार्च को नासिक महानगरपालिका के स्थायी समिति हॉल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 7 मार्च को महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया। आयुक्त एवं प्रशासक मनीषा खत्री की अध्यक्षता में आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम में नाशिक महानगरपालिका की सभी महिला अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। प्रख्यात कानूनी सलाहकार एवं विदुषी एडवोकेट चारुशीला खैरनार एवं मनपा विशाखा समिति की गैरसरकारी सदस्य एडवोकेट अंजलि उगवकर द्वारा आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम में एडवोकेट खैरनार एवं एडवोकेट उगवकर ने महिलाओं के अधिकार एवं कर्तव्य, दायित्व, महिलाओं के लिए अधिकार, कानून, उनके उपयोग, कामकाजी महिलाओं के दायित्व एवं उनके सामने आने वाली कठिनाइयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। आयुक्त मनीषा खत्री ने महिलाओं का गुलाब के फूल देकर स्वागत किया। उपस्थित महिलाओं को ग्रीनिंग अर्बन लिविंग संस्था "पान फूल" द्वारा पुष्पवर्षा से सम्मानित किया गया। आयुक्त मनीषा खत्री ने उपस्थित महिलाओं को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया। महिला दिवस कार्यक्रम. आयुक्त (सेवाएं) स्मिता जगाडे, सिटी लिंक मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी सुरेखा जाधव, डॉ. सालुंके, डॉ. काले, उपखण्ड अधिकारी सुनीता कुमावत, आंगनबाड़ी मुख्य सेविकाएं, आशा कार्यकर्ता, नगर निगम के सभी विभागों की महिला अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।



**भायंदर। मीरा-भायंदर महानगरपालिका के नवनिर्वाचित आयुक्त राधाबिनोद शर्मा (आईएएस) अधिकारी को सोमवार को एमएनएस मीरा भायंदर शिष्टमंडल की ओर से सद्भावना भेंट मिली और शहर के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।**

# पश्चिम रेलवे आज चलाएगी स्पेशल ट्रेन

मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए बांद्रा टर्मिनस और भावनगर टर्मिनस स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है।

### ट्रेन संख्या 09013/09014 (02 फेरे)

ट्रेन संख्या 09013 बांद्रा टर्मिनस-भावनगर टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल मंगलवार, 11 मार्च को 19:25 बजे बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09:00 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09014 भावनगर टर्मिनस-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल गुरुवार, 13 मार्च, 2025 को भावनगर टर्मिनस से 04:00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 17:00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।



**मुंबई। नाशिक महानगरपालिका की ओर से 12 मार्च को क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के स्मृति दिवस के अवसर पर महानगरपालिका के उपायुक्त नितिन पवार ने मुंबई नाका के महात्मा फुले चौक स्थित फुले स्मारक पर सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी योगेश कामोद, शंकरराव पोरजे, रमेश पागे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।**


## मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल

म्हाडा MHADA

**(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण)**
**की क्षेत्रिय इकाई**

**फोन नं. 022-66405484, ई-मेल: eecityslum@gmail.com**
**संदर्भ क्र. ईई/सिटी/एमएसआईबी/ई-निविदा/74/2024-25**

**ई-निविदा सूचना क्र. 74**

कार्यकारी अभियंता (सिटी) डिविजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल (म्हाडा की इकाई), **कमरा नं. 539, 4 था तल,** गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 400051, फोन नं. (022) 66405484 द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया माध्यम से किसी शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था या उपयुक्त वर्ग में पंजीकृत ठेकेदारों से 01 नग कार्यों हेतु बी-1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में खुली निविदा/नियमित निविदा आमंत्रित है। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसे डाउनलोड कर सकते है। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर सकते है। निविदा दस्तावेज का विक्रय दिनांक **13.03.2025 को दोपहर 10.05 बजे** से प्रारंभ होगा एवं दस्तावेज विक्रय की अंतिम दिनांक **20.03.2025 को शाम 5.35 बजे** तक है। निविदा दस्तावेज पूर्व बोली बैठक दिनांक : **18.09.2025 दोन. 3.00** बजे। शुद्धि पत्र/संशोधन यदि कोई हो, वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** पर प्रकाशित है। सक्षम अधिकारी के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे।

**म्हाडा- राष्ट्र का एक अग्रणी गृह निर्माण प्राधिकरण**
**सीपीआरओ/ए/151**

**कार्यकारी अभियंता (सिटी)**
**मुं. झो. सु. मंडल, मुंबई**

Follow us: @mhadaofficial


### राजस्थान विकास मंच, ठाणे

# 'राजस्थान दिवस महोत्सव' 30 को



**ठाणे।** राजस्थान विकास मंच ठाणे की तरफ से आयोजित 30 मार्च 2025 'राजस्थान दिवस महोत्सव' को भव्य रूप से मनाने के लिए सर्व राजस्थानी समाज की बैठक ठाणे 'लोढ़ा अमरा' स्थित राकेश जैन अध्यक्ष भाजपा जैन प्रकोष्ठ ठाणे शहर के कार्यालय में आयोजित की गई। संस्था अध्यक्ष एवं संयोजक कपूर रामावत ने बताया कि ठाणे व मुंबई राजस्थानी समाज के सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और अध्यक्षों ने मिलकर राजस्थान दिवस पर 'राजस्थान महोत्सव' धूमधाम से मनाने और हर तरह का सहयोग देने पर सहमति जताई गई है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने एवं कंधे से कंधा मिलाकर एकजुट होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक और यादगार बनाने पर अपील करते हुए कहा कि जो भी कमियां थीं, उनपर चर्चा करते हुए सलाह मशवरा किया गया और कार्यक्रम को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया। रामावत ने बताया कि 30 मार्च को राजस्थानी समाज एक इतिहास रचने जा रहा है। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में यह आयोजन एक नई दिशा देगा। मीटिंग में उपस्थित कपूर रामावत, राजेश रावल, ओम प्रकाश जाजुका, विजय बसावतीया, राकेश जैन, भरत बाफना, पंकज जैन, देविलाल जैन, हरीश चौधरी, अरविंद शर्मा, जितेंद्र खेतान, मनीष मित्तल, मनोहर वैष्णव ,कमलेश रावल, दिनेश रावल, रामानुज भट्टर, रमेश नाहर एवं अनेक राजस्थानी समाज बंधुओं ने सभी राजस्थानी समाज से राजस्थान महोत्सव में शामिल होकर इसे यादगार व ऐतिहासिक बनाने की अपील की है।

### पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल

# वटवा इलेक्ट्रिक लोको शेड विनाइल पेस्टिंग से सुसज्जित



**अहमदाबाद।** भारतीय रेलवे में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के सौ गौरवपूर्ण वर्षों के उपलक्ष्य में पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल के इलेक्ट्रिक लोको शेड, वटवा द्वारा थ्री फेस इलेक्ट्रिक लोको संख्या 41708 WAG9HC पर विनाइल पेस्टिंग से सुसज्जित किया गया। इस विशेष आयोजन के तहत, मंडल रेल प्रबंधक श्री सुधीर कुमार शर्मा ने इलेक्ट्रिक लोको सं. 41708 को भारतीय रेल सेवा के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (इएलएस) वटवा एस.पी. गुप्ता ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक अहमदाबाद के दिशा-निर्देशों तथा नेतृत्व में इस कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया है। यह न केवल भारतीय रेल के गौरवमयी इतिहास को सम्मानित करता है, बल्कि इसके भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए वटवा शेड के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी प्रशंसा के पात्र हैं। गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में वटवा शेड में 50 कन्वेंशनल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव और 92 थ्री फेस इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को नियमित रूप से अनुरक्षण का कार्य किया जा रहा है, जो भारतीय रेलवे की प्रौद्योगिकी और संचालन क्षमता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करता है। यह आयोजन भारतीय रेलवे के उत्कृष्टता और प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के क्षेत्र में भविष्य में और अधिक सफलता की ओर अग्रसर करेगा।

# महाराष्ट्र में स्मारकों पर खर्च होंगे 220 करोड़

▶▶ आंबेडकर, अटल, ठाकरे और संभाजी की याद में बनेंगे मेमोरियल

▶▶ विस चुनाव के बाद महायुति सरकार का पहला बजट पेश

▶▶ कई जनकल्याणकारी योजना और इन्फ्रास्ट्रक्चर का ऐलान

▶▶ मराठी भाषा सम्मान दिन तीन अक्टूबर को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में फाइनेंस मिनिस्टर अजित पवार ने सोमवार को राज्य का बजट पेश किया। इस बजट में उन्होंने कई जनकल्याणकारी योजनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर का ऐलान किया तो वहीं कई स्मारकों की भी घोषणा की। अजित पवार ने बजट में संभाजी महाराज के नाम पर स्मारक बनाने का ऐलान किया है। इसके अलावा इंदु मिल्स में बने आंबेडकर मेमोरियल का काम जल्दी ही पूरा करने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि संगमेश्वर में छत्रपति संभाजी महाराज का स्मारक बनेगा। वहीं बाबासाहेब ठाकरे का भव्य स्मारक भी मुंबई में बड़ी लागत से बन रहा है। इस बजट में इस स्मारक के दूसरे चरण के लिए ही 220 करोड़ रुपएकी राशि आवंटित की गई है। इससे समझा जा सकता है कि कितना बजट स्मारकों के लिए आवंटित हुआ है।



### प्रधानमंत्री आवास योजना

■ प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री अजित पवार ने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-1 के तहत 4 लाख 42 हजार 748 आवास स्वीकृत किए गए हैं, और इनमें से 2 लाख 8 हजार 304 आवास बना दिए गए हैं जबकि शेष घरों का निर्माण इस साल 31 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत अगले 5 सालों में 5 लाख घर बनाने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए 8,100 करोड़ रुपए का कोष उपलब्ध कराया जाएगा।

### शिरडी एयरपोर्ट पर रात में लैंड करेंगे विमान

■ अपने 11वें बजट भाषण में अजित पवार ने जल्द ही शिरडी एयरपोर्ट पर रात के समय विमानों के उतरने की सुविधा शुरू होने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगले महीने से नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से घरेलू उड़ानें संचालित होंगी। इस मामले में इसका 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है और परीक्षण भी सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं।

### अगले साल 24 लाख और 'लखपति दीदी'

■ भाजपा की अगुवाई वाली महायुति सरकार की ओर से बजट पेश करते हुए अजित पवार ने कहा कि दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत करीब 22 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी' की उपाधि से सम्मानित किया गया है। अब अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 तक 24 लाख और महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर विद्युत योजना

■ प्रधानमंत्री सूर्य घर विद्युत योजना के तहत राज्य में 1 लाख 30 हजार घरेलू उपभोक्ताओं ने 500 मेगावाट से अधिक क्षमता के रूफटॉप सौर ऊर्जा सेट स्थापित किए हैं और उन्हें अब तक 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी का लाभ प्रदान किया गया है। राज्य सरकार अब 0 से 100 यूनिट बिजली की खपत करने वाले करीब 1.5 करोड़ उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर पावर सेट खरीदने पर सब्सिडी देने की योजना शुरू करने जा रही है।

### पुणे में शिवश्रुति प्रोजेक्ट का निर्माण चालू

■ नई तकनीकों का इस्तेमाल करके भावी पीढ़ियों को शिवाजी के प्रेरक चरित्र से परिचित कराने के लिए पुणे शहर के अम्बेगांव में 4 चरणों में एक भव्य शिवश्रुति प्रोजेक्ट का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 2 का काम पूरा हो चुका है और शेष कार्य में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार 50 करोड़ रुपये और उपलब्ध कराएगी।

# लोगों से किए वादे नहीं किए पूरे : उद्धव ठाकरे

▶▶ यूबीटी प्रमुख ने महायुति के बजट को बताया फर्जी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के वित्त मंत्री अजीत पवार द्वारा पेश किए गए बजट में प्रमुख 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना' के लिए 36,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। हालांकि, यह महिला लाभार्थियों के लिए मासिक वजीफे में 1,500 से 2,100 रुपए तक की बढ़ोतरी के वादे पर चुप है। नवंबर 2024 के विधानसभा चुनावों के बाद यह महायुति सरकार का पहला बजट है। ठाकरे ने संवाददाताओं से कहा, "यह पूरी तरह से फर्जी बजट है। उन्होंने (महायुति पार्टियों ने) सभी वादे किए लेकिन उनमें से कोई भी इस बजट में परिलक्षित नहीं हुआ।



### ▶▶ चीनी मिलों को बैंक गारंटी पर जताई निराशा

उन्होंने चीनी मिलों को बैंक गारंटी प्रदान करने की राज्य सरकार की योजना पर भी निराशा व्यक्त की। उद्धव ने पूछा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने सत्तारूढ़ दल के करीबी चीनी मिलों को 1,100 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी दी है, जबकि बीएमसी का 16,000 करोड़ रुपए का बकाया लंबित रखा गया है। इसके पीछे क्या कारण है? उन्होंने महाराष्ट्र सरकार द्वारा मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को नए नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोड़ने वाली मेट्रो लाइन के निर्माण पर भी आपत्ति जताई। अगर हवाई अड्डे का प्रबंधन अडानी समूह द्वारा किया जाता है, तो महाराष्ट्र सरकार उन्हें जोड़ने वाली मेट्रो लाइन के निर्माण के लिए करदाताओं का पैसा क्यों खर्च कर रही है?

# मिलन समारोह एवं बात मन की संगोष्ठी आयोजित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। महिला दिवस के उपलक्ष्य में संकल्प साहित्य कला मंच द्वारा 'मिलन समारोह एवं बात मन की' नामक एक प्रेरणादायक एवं आत्मीय संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मंजुला देसाई एवं विशिष्ट अतिथिगण डॉ. राणावत, डॉ. दीप्ति सावंत, डॉ. वर्षा महेश, सरिता उपाध्याय और रीटा कुशवाहा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष बना दिया। डॉ. उमा ढेरे, सोनल वर्तक, डॉ. आभा सिंह, पूजा, सोनल दुबे, डॉ. गीता सिंह, प्राचार्य उमा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । संयोजिका श्रीमती विनीता राजपुरकर, डॉ. ममता झा, श्रीमती मनीषा सिंह एवं श्रीमती सुनीता चौहान ने आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में स्त्री विमर्श के महत्व पर गहन चर्चा हुई। संयोजिका श्रीमती विनीता राजपुरकर, डॉ. ममता झा, श्रीमती मनीषा सिंह एवं श्रीमती सुनीता चौहान ने आभार व्यक्त किया।


## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# स्वस्थ महिला ही सशक्त समाज की नींव रख सकती

▶▶ मंजू लोढ़ा ने किया स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

**मुंबई।** लोढ़ा फाउंडेशन और रोटरी क्लब ऑफ मुंबई सोबो के संयुक्त प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शारदा मंदिर स्कूल, मुंबई में महिलाओं के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन लोढ़ा फाउंडेशन की अध्यक्ष, परमवीर चक्र अवार्ड डायरी की लेखिका एवं महाराष्ट्र हिंदी साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष डॉ. मंजू मंगल प्रभात लोढ़ा ने किया। इस अवसर पर लोढ़ा फाउंडेशन की संस्थापक, मंजू लोढ़ा ने स्वयं उपस्थित रहकर महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित जांच करवाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि 'एक स्वस्थ महिला ही एक सशक्त समाज की नींव रख सकती है'।





### 300 से अधिक महिलाओं ने उठाया लाभ

इस शिविर में 300 से अधिक महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच और परामर्श का लाभ उठाया। विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने महिलाओं की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की, जिसमें रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर स्क्रीनिंग, पोषण परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य जांच शामिल थी। इसके अलावा, महिलाओं को बीमारियों की रोकथाम और समय पर इलाज के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया।

### स्वास्थ्य शिविर से अधिक, एक सशक्तिकरण अभियान

मंजू लोढ़ा की उपस्थिति ने इस शिविर को सिर्फ एक चिकित्सा सेवा ही नहीं, बल्कि एक सशक्तिकरण और जागरूकता अभियान बना दिया। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष सत्र आयोजित किए गए, जहां विशेषज्ञों ने महिलाओं के लिए आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। मंजू लोढ़ा ने यह सुनिश्चित किया कि महिलाओं को केवल स्वास्थ्य सेवाएं ही नहीं, बल्कि सही जानकारी और मार्गदर्शन भी मिले, जिससे वे स्वस्थ और आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। उनके प्रयासों से महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन आ रहे हैं।

# 2162 महिलाओं की जांच की गई जांच

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका कार्यक्षेत्र में आठ मार्च को विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों को महिलाओं से भरपूर प्रतिसाद प्राप्त हुआ। मनपा के 3 अस्पतालों, 2 मातृ एवं शिशु अस्पतालों तथा 26 नागरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में असंक्रामक रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया, जहां महिलाओं के रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर आदि की जांच की गई और स्वास्थ्य संबंधी जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। उपस्थित 2162 महिलाओं में ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की जांच की गई, जिसमें एक महिला में ब्रेस्ट कैंसर का निदान हुआ। इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से असंक्रामक रोगों के प्रति जनजागरूकता फैलाने का कार्य किया गया। रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर के लक्षणों के संदर्भ में मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे की ओर से महिलाओं से अपील की गई कि यदि ऐसे लक्षण महसूस हों तो नजदीकी मनपा अस्पताल या नागरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर शीघ्र जांच करवाएं।



**नवी मुंबई मनपा आयुक्त के मार्गदर्शन में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

# के.सी. कॉलेज में मीडिया समिट संपन्न




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के के.सी. कॉलेज, में मास मीडिया विभाग द्वारा आयोजित 11वां अंतरराष्ट्रीय मीडिया समिट सात और आठ मार्च को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस वर्ष की थीम 'रिइमेजिनिंग मीडिया : इनोवेशंस फॉर ए संस्टेनेबल फ्यूचर' थी, जिसमें मीडिया की भूमिका, तकनीकी विकास और सस्टेनेबिलिटी पर गहन विचार-विमर्श किया गया। समिट का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें एच.एस.एन.सी. यूनिवर्सिटी की कुलपति कर्नल प्रो. डा. हेमलता के. बागला, के.सी. कॉलेज की प्राचार्या प्रो. डा. तेजश्री शानभाग, और मास मीडिया विभाग की प्रमुख प्रो. डा. शालिनी आर. सिन्हा ने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही, प्रो. डा. शालिनी सिन्हा, सह-आयोजक -डा. विधि अग्रवाल और स्नेहा सुभेदार द्वारा संपादित "मीडिया रिसर्च एंड कम्युनिकेशन स्टडीज" नामक पत्रिका का नया संस्करण जारी किया गया। समिट के पहले दिन, अर्पिता कलनुरिया (संस्थापक,ऐम्पल पेस एंड भारत रियूज) ने सस्टेनबल बिजनेस पर अपने अनुभव साझा किए। नेहा बिलंदानी (कम्युनिकेशन स्ट्रैटेजिस्ट) ने "एआई और सीएसआर" विषय पर चर्चा की। डा. मल्कॉम कुक (एसोसिएट प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्पटन) ने "मीडिया स्टडीज में संस्टेनेबिलिटी" पर जूम के माध्यम से व्याख्यान दिया। दूसरे दिन, गौरव बनर्जी (सीईओ, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया) का व्याख्यान समिट का प्रमुख आकर्षण रहा। इसके अलावा, शिवा थोराट (मीडिया प्रोड्यूसर) द्वारा "मैंग्रोव्स" डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग, रिया शर्मा और ईशा अग्रवाल (टैलेंटेड एजेंसी) का ब्रांड्स के लिए सस्टेनेबिलिटी आधारित अभियान पर सत्र, तथा जनमजेय सिंह (फिल्ममेकर और सामाजिक कार्यकर्ता) का "एक्टैंडेड रिएलिटी और सस्टेनेबिलिटी" पर ऑनलाइन व्याख्यान भी उल्लेखनीय रहे।

**"मीडिया रिसर्च एंड कम्युनिकेशन स्टडीज" का नया संस्करण जारी**

# अवैध इमारतों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

ठाणे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण परियोजना मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन ठाणे के शील क्षेत्र से गुजरती है और इस परियोजना में बाधा डाल रही अवैध इमारतों के खिलाफ ठाणे नगर निगम द्वारा बड़ी कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई ठाणे नगर निगम के उपायुक्त मनीष जोशी और राजस्व विभाग की मंडल अधिकारी सपना चौरे, तलाठी नितिन पिंगले और मुबरा मंडल तलाठी के द्वारा की जा रही है। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण करने वाली भीड़ ने अधिकारियों को धक्का दिया और दो महिला पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया। शील पुलिस ने कार्रवाई में बाधा डाल रही महिलाओं को हिरासत में लिया है और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। ठाणे नगर निगम के उपायुक्त मनीष जोशी और मुबरा मंडल अधिकारी सपना चौरे ने कहा कि कार्रवाई सुबह 11 बजे से शुरू हुई और पूरे बुलेट ट्रेन क्षेत्र में बनाई गई अनधिकृत इमारतों को गिराया जा रहा है।



# महाकुंभ से लौटे तुलसी योगा परिवार का स्वागत



सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स

मुंबई। तुलसी योगा परिवार, नरिमन पॉइंट, मुंबई द्वारा प्रयागराज महाकुंभ 2025 में त्रिवेणी संगम पर अमृत स्नान कर लौटे योग साधकों के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह नौ मार्च को सोरठिया ब्रह्म क्षत्रिय पंचवाड़ी, तीसरी पाजरापोल, मुंबई में संपन्न हुआ। इस अवसर पर तुलसी योगा परिवार, मॉर्निंग ग्रुप और सुप्रभातम ग्रुप के सदस्यों का माला पहनाकर अभिनंदन किया गया और स्मृति चिह्न के रूप में 10 ग्राम चांदी का सिक्का भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों ने 144 वर्षों के बाद बने ऐतिहासिक और दिव्य महाकुंभ संयोग के साक्षी बनने का गौरव प्राप्त किया। कार्यक्रम में तुलसी योगा परिवार के अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपुरोहित, प्रभारी धिरुभाई सारस्वत, उपाध्यक्ष दलाराम चौधरी, मीडिया प्रभारी जितुभाई रावल, प्रवक्ता श्यामभाई शर्मा और कोषाध्यक्ष भरतभाई ललवानी सहित समस्त पदाधिकारी एवं योग परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह आयोजन आध्यात्मिक एकता और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण का प्रतीक बना, जिसमें सभी सदस्यों ने महाकुंभ में प्राप्त दिव्य ऊर्जा और सकारात्मकता को साझा किया।

# होली पर बेजुबानों पर कलर नहीं लगाएं : डा. गुप्ता

**भायंदर।** होली के दिन कई लोग मस्ती या शरारत में आस पास घूम रहे बेजुबानों को रंग लगा देते हैं जिसके चलते बेजुबान बीमार हो जाते है यह कहना है जैसलपार्क चौपाटी कल्याण समिति के महासचिव डाक्टर नरेंद्र गुप्ता का। उन्होंने कहा कि मिलावटी कलर से बेजुबान जानवरों को स्किन की बीमारी हो जाती है, कई बार ये जानलेवा साबित होती है इसलिए अपनी खुशी के लिए किसी निरीह को नुकसान पहुंचाना मानवता के खिलाफ है। डा. नरेन्द्र गुप्ता एवं जीवदया सेनानियों द्वारा सोशल मीडिया पर महानगर वासियों से अनुरोध किया है कि होली के त्योहार पर बेजुबान जैसे कुत्ता, बिल्ली, गाय, भैस आदि पर कोई भी रंग न डालें। क्योंकि रंग में स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक केमिकल होते हैं। मूकपशु अपने आप को साफ़ करने के लिए अपने शरीर को जीभ से चाटते हैं और वह घातक केमिकल उनके पेट में चला जाता है।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वास्थ्य सेमिनार संपन्न

**मुंबई।** महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आठ मार्च को नाकोडा मानव फाउंडेशन और वोकहार्ड अस्पताल मीरा रोड द्वारा वी.एन.एन.ओ. ग्लोबल (वल्लभ नारी निकेतन संस्था) को एक अनोखा उपहार दिया गया। इस कार्यक्रम में बहुत से स्वास्थ्य के संबंधित प्रश्न उत्तर पर चर्चा, समाधान दिए गए, साथ ही कई गेम्स खिलाए व गिफ्ट दिए गए। महिला अंतरराष्ट्रीय दिवस पर मुंबई में सभी वी एन.एन.ओ. के महिलाओं के परिवार के लिए 'नाकोडा डायग्नोस्टिक सेंटर' के निदेशक डा. महेंद्र जैन द्वारा स्वास्थ्य जांच बहुत ही किफायती दर में देने की घोषणा की, जिसके फलस्वरूप सभी महिलाओं में खुशियों की लहर छा गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमति सुरेखा एस पुनमिया (बोर्ड ऑफ डायरेक्ट, जीतो गोरेगांव चैप्टर),श्रीमती संगीता बाफना बागरेचा (सचिव नकोडा मानव फाउंडेशन) सभी अतिथियों का वीएनएनओ के चेयरमैन श्रीमती अंजना कोठारी व टीम द्वारा सत्कार किया गया।

▶▶ वल्लभ नारी निकेतन संस्था एवं नाकोडा मानव फाउंडेशन का सह कार्यक्रम



# एलआईसी के कॉर्पोरेट कन्वेंशन में ऑस्ट्रेलिया पहुंचे चिराग डागलिया




■ कन्वेंशन में उपस्थित प्रमुखों ने अपने विचार साझा किए
■ जीवन बीमा उद्योग के नवीनतम अपडेट्स और रुझानों पर चर्चा करने का उत्कृष्ट अवसर


**मुंबई/सिडनी।** नाइस इंश्योरेंस लैंडमार्क के डायरेक्टर चिराग डागलिया ने एलआईसी के कॉर्पोरेट कन्वेंशन में ऑस्ट्रेलिया पहुंचे और वहां उन्होंने तमाम उच्चाधिकारियों सहित उपस्थित लोगों के बीच काफी कुछ सीखा और अपने विचार भी साझा किए। जानकारी के अनुसार, पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया में एलआईसी द्वारा आयोजित कॉर्पोरेट कन्वेंशन में चिराग डागलिया ने भाग लिया। इस कन्वेंशन में एलआईसी के चेयरमैन, सिद्धार्थ मोहंती और एमडी, एम जगन्नाथ ने भी उपस्थित हुए और अपने विचार साझा किए। यह सम्मेलन जीवन बीमा उद्योग के नवीनतम अपडेट्स और रुझानों पर चर्चा करने का एक उत्कृष्ट अवसर था। चिराग डागलिया ने इस सम्मेलन में शामिल होकर उद्योग के विशेषज्ञों से सीखने और अपने ज्ञान को बढ़ाने का अवसर प्राप्त किया। इस सम्मेलन ने जीवन बीमा उद्योग में नवाचार और तकनीकी प्रगति के महत्व पर प्रकाश डाला। चिराग डागलिया ने सम्मेलन में अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नए विचारों और रणनीतियों को सीखने का अवसर प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि नाइस इंश्योरेंस लैंडमार्क के ग्राहक देश-विदेश में फैले हुए हैं, तथा कंपनी उन्होंने जरूरत के हिसाब से सेवाएं प्रदान करती है। समय-समय चिराग डागलिया एवं गणपत डागलिया विदेश यात्राएं करते रहते हैं, ताकि अपने ग्राहकों की समस्याओं और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान कर सकें।

# कन्या विवाह में 26,000 की आर्थिक सहायता

▶▶ सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट ने दिया आर्थिक सहयोग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट शिक्षा, विवाह, और चिकित्सा के लिए जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान करता रहा है। संस्था से देशभर के हजारों लोग जुड़े हैं, जो अपनी सामर्थ्य के अनुसार आर्थिक सहायता देकर जरूरतमंद परिवारों का संबल बनते हैं। हाल ही में गोरखपुर जिले की एक बेटी, जिसके पिता नहीं हैं और माता घर में काम करके परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं, की शादी माह में तय हुई है। इस परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मुंबई-भायंदर निवासी श्यामराज प्रजापति ने संस्था के प्रमुख अजय प्रजापति को जानकारी दी गई। तत्पश्चात, संस्था के सचिव विनोद प्रजापति, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत प्रजापति, दिल्ली से पियूष प्रजापति, हरियाणा से राकेश प्रजापति, मुंबई से रविंद्रनाथ प्रजापति सहित सैकड़ों सहयोगियों ने मिलकर आर्थिक सहायता का संकल्प लिया। इस अभियान के तहत कन्या विवाह हेतु 26,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिसमें 11,000 और 15,000 दो अलग-अलग चेक के माध्यम से सीधे खाते में जमा किए गए। राजस्थान की आयुषि वर्मा, जिसकी स्कूल फीस बकाया थी, तत्काल सहायता प्रदान कर संस्था ने 5,000 की राशि स्कूल में जमा कराई। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण प्रजापति जल्द ही गोरखपुर जाकर विवाह के लिए अन्य आवश्यक सहयोग प्रदान करने की योजना बना रहे हैं। सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट का यह प्रयास समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।



## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशनार्थ शोक संदेश
jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# पर्यावरण प्रेमियों के आह्वान पर जैसलमेर बंद

**▶▶ खेजड़ी के संरक्षण की मांग को लेकर निकाला मशाल जुलूस, बड़ी संख्या शामिल हुए लोग**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** राज्य वृक्ष खेजड़ी के संरक्षण व ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर सोमवार को जैसलमेर बंद रखा गया था। अखिल भारतीय विश्नोई महासभा, अखिल भारतीय जीव रक्षा सभा, राजस्थान पर्यावरण जीव रक्षा संस्थान, पर्यावरण संघर्ष समिति खेजड़ला व जिला बिश्नोई संस्थान सहित कई पर्यावरण व वन्य जीव के संरक्षण के लिए काम कर रहे संगठनों ने दोपहर दो बजे तक जैसलमेर बंद का आह्वान किया है। जिसको लेकर जैसलमेर शहर के बाजार बंद है। लोगों ने बंद के समर्थन में अपनी स्वेच्छा से बाजार बंद रखे है। जैसलमेर बंद की पूर्व शाम रविवार को मशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में विश्नोई समाज सहित अन्य समाजों के लोग शामिल हुए। शहर के मुख्य मार्गों से निकले मशाल जुलूस से सभी ने जैसलमेर को बंद रखने में सहयोग करने की अपील की। इसके साथ ही पूर्व कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद ने भी जैसलमेर बंद का समर्थन करते हुए आमजन से जैसलमेर बंद को सफल बनाने की अपील की है।



## कलेक्टर को सीएम के नाम सौंपें ज्ञापन

रामगोपाल विश्नोई ने बताया कि तापमान में वृद्धि से क्लाइमेंट चेंज आज विश्व पर्यावरण की सबसे बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आई है। देश व प्रदेश की सरकार भी "एक पेड़ मां के नाम " से अभियान चला रही हैं। प्रदूषण की वजह से तापमान में अत्यधिक वृद्धि हो रही है। गोचर व देवी देवताओं के नाम पर संरक्षित अभ्यारण (ओरण) के भी बहुत बुरे हाल हैं। सरकार से राज्य वृक्ष के संरक्षण तथा राजस्थान ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर 18 जुलाई 2024 से नोखा दईया खेजड़लाकी रोही में धरना चल रहा है। इसको लेकर जैसलमेर बंद का आह्वान किया गया। गड़ीसर लेक से सुबह 11 बजे जुलूस के रूप में शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचा। वहां आमसभा का आयोजन हुआ। उसके बाद कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में राज्य वृक्ष खेजड़ी के संरक्षण व ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग की गई।

## जुलूस में ये रहे मौजूद

पर्यावरण संघर्ष समिति खेजड़ला के संयोजक रामगोपाल विश्नोई, जिला बिश्नोई संस्थान के अध्यक्ष निम्बाराम, माणकराम, कर्मचारी नेता प्रकाश विश्नोई, मदन विश्नोई, सहीराम पूनिया, भोमाराम भादू, ओमप्रकाश विश्नोई, सुरेश भादू, अर्जुनराम विश्नोई आदि मौजूद रहे। पर्यावरण संघर्ष समिति खेजड़ला के संयोजक रामगोपाल विश्नोई ने बताया कि वर्तमान समय में तापमान में वृद्धि से क्लाइमेंट चेंज होना देश व प्रदेश की सरकार भी एक पेड़ मां के नाम अभियान चला रही है। विकास के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। जिससे पर्यावरण खतरे में है। साथ ही ओरण भी खतरे में है। उन्होंने अपील की है कि प्रकृति बचाओं अभियान के तहत जैसलमेर बंद में शामिल होकर सहयोग करें।


# दुकान की आड़ में शराब बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की धोरीमन्ना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 43 कार्टन अवैध शराब के जब्त किए है। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अवैध शराब की अनुमानित कीमत चार लाख रुपए आंकी गई है। फिलहाल पुलिस आरोपी से अवैध शराब की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि शोभाला जैतमाल गांव में दुकान की आड़ में अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है। इस पर धोरीमन्ना थानाधिकारी बगडूराम मय पुलिस जाब्ता ने गांव में मदनलाल पुत्र सोनाराम की दुकान पर दबिश दी गई। तलाशी लेने पर दुकान के अंदर से 43 कार्टन राजस्थान निर्मित अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब व बीयर मिली। वहीं आरोपी मदनलाल के पास से 7200 रुपए अवैध शराब से अर्जित किए हुए मिल। पुलिस ने आरोपी मदनलाल को डिटेन कर थाने लेकर पहुंची। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया- आरोपी मदनलाल पुत्र सोनाराम के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी से अवैध शराब कहां से लेकर आया और किसको बेच रहा था। इसको लेकर पूछताछ कर रही है। 43 कार्टन अवैध शराब की अनुमानित कीमत चार लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में एएसआई रावताराम, कॉन्स्टेबल मोहनलाल, बृजलाल, ओमप्रकाश, जगाराम, दिनेश कुमार, जगदीशराम, मिंटुराम कुमार शामिल रहे।

# बाड़मेर सबसे गर्म शहर, पारा पहुंचा 39 .4 डिग्री

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाड़मेर।** बाड़मेर में बार-बार मौसम बदल रहा है। दिन हो या रात, गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। रात में पड़ने वाली हल्की ठंड भी गायब है। रात का तापमान 20 डिग्री से ऊपर चल रहा है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास है। सोमवार को न्यूनतम तापमान दो डिग्री गिरकर 20.2 डिग्री पहुंचा। आज आसमान में हल्के बादल हैं। मौसम विभाग ने होली के बाद गर्मी बढ़ने के साथ धूलभरी आंधी चलने की संभावना जताई है। दरअसल बीते सप्ताह प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश-ओले गिरे थे। इससे तापमान में एकाएक गिरावट हुई थी। अब फिर पारा तेजी से चढ़ रहा है। दिन में अप्रैल जैसी गर्मी पड़ रही है। तेज धूप से पसीने छूट रहे हैं। पंखों के बाद कूलर एसी भी दिन में चलने शुरू हो गए हैं। सोमवार सुबह आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर में तेज धूप है। गर्मी का असर बढ़ा हुआ महसूस हो रहा है। बिना पंखे घरों-दुकानों-दफ्तरों में लोगों के पसीने छूट रहे हैं। रविवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार को न्यूनतम तापमान में 1.9 डिग्री गिरकर 20.2 डिग्री दर्ज किया गया है।

# शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग

**▶▶ लाखों रुपए का माल जला, सुबह चला पता**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोकरण।** पोकरण शहर के मध्य स्थित गांधी चौक में एक कपड़े की दुकान में देर रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग का पता सुबह तब चला जब मंदिर का पुजारी पूजा के लिए आया। दुकान से धुआं निकलता देख पुजारी ने लोगों को सूचित किया। सूचना मिलते ही पोकरण पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दुकान का शटर तोड़कर आग को काबू में किया गया। स्थानीय निवासी मुकेश शर्मा के अनुसार, जब तक आग बुझाई गई, दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। गांधी चौक शहर के बीचोंबीच होने के कारण यह बड़ी घटना हो सकती थी।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा

# कपड़ों में छुपा रखे थे अंग्रेजी की पासबुक के पन्ने, 12वीं के परीक्षार्थी को पकड़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और 12वीं की परीक्षा जारी है। इसमें इस बार अनुचित साधन के उपयोग का पहला मामला सामने आया। सोमवार को 12वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में जोधपुर में सालवा कला स्थित परीक्षा केंद्र में एक परीक्षार्थी को पकड़ा है। परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए साथ पासबुक के पन्ने लाया था। बोर्ड को कंट्रोल रूम के जरिये सूचना मिली है। बोर्ड परीक्षा में नकल, अनुचित साधन और डमी परीक्षार्थी की रोकथाम के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं।

परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उड़न दस्ते भी परीक्षा केंद्रों पर जांच कर रहे हैं। यही वजह है कि छह मार्च से शुरू बोर्ड परीक्षा में सोमवार को अनुचित साधन का उपयोग करने का मामला सामने आया है। बोर्ड सचिव कैलाशचंद्र शर्मा ने बताया कि जोधपुर जिले में सालवा कला में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 12वीं की अंग्रेजी की परीक्षा दे रहे परीक्षार्थी को पासबुक के पन्नों के साथ परीक्षक ने पकड़ा है। पासबुक के पन्ने परीक्षार्थी ने अपने कपड़ों में छुपा रखे थे। प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया कि पकड़ा गया परीक्षार्थी पासबुक के पन्ने साथ लाया था। यह हो सकती है सजाः शर्मा ने बताया कि कंट्रोल रूम से मिली सूचना के आधार पर जोधपुर जिला परीक्षा संचालन समिति को प्रकरण बनाकर भेजने के निर्देश दिए हैं।

प्रकरण की परीक्षा परिणाम समिति जांच करेगी, यदि प्रकरण गंभीर पाया जाता है तो परीक्षार्थी को आगामी परीक्षा के लिए डीबार किया जा सकता है। परीक्षार्थी की परीक्षा निरस्त की जा सकती है या अंग्रेजी की परीक्षा भी निरस्त की जा सकती है। इसके अलावा परीक्षार्थी का परिणाम रोका जा सकता है। बता दें कि बोर्ड की 10वीं और 12वीं तक की परीक्षा में 19.98 लाख परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।

# बालोतरा में पेजयल संकट से आमजन परेशान

**▶▶ बीपीएल कॉलोनी के लोगों ने किया प्रदर्शन, अधिकारियों ने दिया आश्वासन**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा शहर में पेयजल संकट ने आम जनता की परेशानियां बढ़ा दी हैं। बीपीएल कॉलोनी के निवासियों को पिछले एक महीने से नियमित जलापूर्ति नहीं मिल रही है। सोमवार को कॉलोनी के लोगों ने जलदाय विभाग के सामने प्रदर्शन किया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि रात में पानी की आपूर्ति की जाती है। इससे महिलाओं और बुजुर्गों को पानी भरने में विशेष परेशानी होती है। लोगों ने दिन के समय जलापूर्ति की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान जलदाय विभाग के अधिकारियों ने समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शन शांतिपूर्वक समाप्त हो गया। बालोतरा में जल संकट एक पुरानी समस्या है। गर्मियों में यह स्थिति और भी खराब हो जाती है। प्रशासन पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के दावे करता है, लेकिन वास्तविक स्थिति इससे अलग है। अब देखना है कि प्रशासन इस समस्या का समाधान करता है या लोगों को इस संकट से जूझना पड़ेगा।



# थाने में रिपोर्ट लिखवाने जा रहे व्यक्ति को कार ने टक्कर मारी, पिकअप ने कुचला, मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** मथानिया थाना क्षेत्र में खेत में रास्ता निकालने को लेकर पारिवारिक विवाद के बाद रविवार को एक पक्ष के तीन लोग क्रॉस मुकदमा दर्ज कराने जा रहे थे। इस दौरान तेज गति से आई कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इतने में एक पिकअप ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही मामले ने तूल पकड़ लिया। परिजनों ने शव उठाने से इनकार कर दिया है। थानाधिकारी जयकिशन सोनी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई हैं। आरोपी को जल्द पकड़ लेंगे। मृतक के परिजन ने बताया कि रविवार को बालरवा तिंवरी-मथानिया निवासी छत्तर सिंह (52) पुत्र मालम सिंह व चचेरे भाई गंगासिंह के बीच खेत के बीच से रास्ता निकालने की बात को लेकर पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा है। शनिवार को हुए झगड़े के बाद गंगासिंह ने छत्तर सिंह के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। छत्तर सिंह भी क्रॉस मुकदमा दर्ज कराने के लिए रविवार सुबह करीब 11 बजे बाइक पर पुत्र रविंद्रपाल और अन्य रिश्तेदार रिषिराज के साथ मथानिया थाने की तरफ जा रहा था। गांव से बाहर निकलने के बाद पीछे से तेज गति से आई कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार छत्तर सिंह सहित तीनों नीचे गिर गए। इतने में तेजी से आई पिकअप ने छत्तर सिंह को कुचल दिया। घटना में छत्तर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जोधपुर के एमडीएमएच में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान छत्तर सिंह की मौत हो गई। मथानिया सीआई जयकिशन सोनी ने बताया कि मृतक छत्तर सिंह के पुत्र रविंद्र पाल सिंह की रिपोर्ट पर महिपाल सिंह पुत्र भोम सिंह, भोमसिंह पुत्र गंगासिंह, राजूसिंह पुत्र गंगासिंह व अजयपाल सिंह पुत्र देवीसिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई हैं।




# आठ महीने से फरार इनामी आरोपी मथुरा से गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा पुलिस ने अमानत में खयानत के मामले में फरार चल रहे दो हजार रुपए के इनामी आरोपी को मथुरा से गिरफ्तार किया है। आरोपी मुकेश उर्फ चतुरसिंह ने पिछले साल अगस्त में सीतली गांव के क्रेशर हॉट मिक्स प्लांट में खड़े टैंकर से तारकोल चोरी कर बेच दिया था। कल्याणपुर थाना पुलिस के अनुसार आरोपी मुकेश यूपी के मथुरा जिले के शेरखा गांव का रहने वाला है। वारदात के बाद से वह पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।



## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 900 | 909 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 269 | 268 |
| जिंक स्लैब | 275 | 278 |
| लीड इन्गॉट | 182 | 182 |
| टिन स्लैब | 2923 | 2905 |
| निकल | 1433 | 1432 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 838 | 841 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 828 | 830 |
| कॉपर आर्मेचर | 819 | 820 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 763 | 765 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 543 | 548 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 590 | 590 |
| एल्युमिनियम | 200 | 200 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9536 | 249325 |
| टिन | 32470 | 3735 |
| लीड | 2028 | 203600 |
| जिंक | 2827 | 160025 |
| एल्युमिनियम | 2710 | 501500 |
| निकल | 16418 | 197130 |

# व्यापार जगत

# ओला पर भारी संकट ! छापेमारी के साथ वाहन हो रहे जब्त, 157 रु का शेयर आया 55 रु के नीचे

**मुंबई।** भाविश अग्रवाल की इलेक्ट्रिक दोपहिया (2W) बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक का शेयर सोमवार 10 मार्च को 4% गिर गया। छापेमारी, वाहन जब्ती और शोरूम बंद होने की खबरों के बाद ओला के शेयरों में बिकवाली दिख रही है। कंपनी का शेयर लिस्टिंग के बाद से 157.53 रु तक ऊपर चढ़ा है, जबकि इस समय ये 55 रु के भी नीचे आ गया है। करीब पौने दो बजे बीएसई पर ओला का शेयर 2.19 रु या 3.87 फीसदी की कमजोरी के साथ 54.35 रु पर आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार ओला इलेक्ट्रिक इस समय रेगुलेटरी संकट में है और भारत के मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों का उल्लंघन करने के लिए सरकार से इसे वॉर्निंग लेटर मिल रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्राहकों की शिकायतों के आधार पर, भारतीय राज्यों के परिवहन अधिकारियों ने भाविश अग्रवाल के नेतृत्व वाली फर्म पर छापे मारे हैं, शोरूम बंद किए हैं, वाहन जब्त किए हैं और कारण बताओ नोटिस भेजे हैं। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 3,400 शोरूम जिनके लिए डेटा उपलब्ध है, उनमें से केवल 100 से ज्यादा लोकेशंस पर भारत के मोटर वाहन अधिनियम के तहत जरूरी ट्रेड सर्टिफिकेट्स मौजूद थे। इसका मतलब है कि 95% से जगहों पर बिना रजिस्टर हुए दोपहिया वाहनों को डिस्प्ले करने, बेचने, टेस्ट राइड की पेशकश करने या ट्रांसपोर्ट करने के लिए जरूरी सर्टिफिकेशन नहीं पाया गया।




रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कम से कम छह स्थानीय परिवहन अधिकारी इन कथित उल्लंघनों के लिए ओला की जांच कर रहे हैं। हालांकि, ओला के प्रवक्ता के अनुसार ये रिपोर्ट "गलत" और "पूर्वाग्रही" हैं।

# बिटकॉइन और एथेरियम क्रैश ! निवेशकों को भारी नुकसान

**मुंबई।** सोमवार, 10 मार्च को क्रिप्टोकरेंसी बाजार में भारी गिरावट देखी गई, जिसमें बिटकॉइन और एथेरियम सबसे अधिक प्रभावित हुए। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन लगभग 5% गिरकर $80,052 के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई, हालांकि बाद में यह $82,731.3 तक रिकवर कर गई। वहीं, एथेरियम 8% तक गिरकर $1,991 के निचले स्तर पर पहुंचा और बाद में $2,068 पर रिकवर हुआ।

**ट्रेड वार टेंशन और बिटकॉइन रिजर्व ऑर्डर का असर :** वैश्विक ट्रेड टेंशन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बिटकॉइन रिजर्व ऑर्डर ने बाजार पर बड़ा असर डाला है। इस आदेश के तहत अमेरिकी सरकार अपने पास मौजूद जब्त बिटकॉइन से एक रिजर्व बनाएगी, जिसे वे बेचेंगे नहीं। इसके अलावा, सरकार नए बिटकॉइन जोड़ने के तरीके तलाशेगी, जिससे टैक्सपेयर्स पर कोई अतिरिक्त बोझ न पड़े।



**बाजार में गिरावट के पीछे आर्थिक दबाव :** क्रिप्टो बाजार में गिरावट की एक और बड़ी वजह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की संभावित सख्त मौद्रिक नीति बताई जा रही है। हाल ही में जारी हुए नॉन-फार्म पेरोल (एनएफपी) डेटा ने संकेत दिया कि फेडरल रिजर्व आगे ब्याज दरें बढ़ा सकता है। इसके अलावा, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की नई टैरिफ पॉलिसी से भी बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई है।

# सरकार ने संसद से चालू वित्त वर्ष में 51463 करोड़ अतिरिक्त खर्च करने की मांगी मंजूरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सरकार ने मार्च में समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में 51,462.86 करोड़ रुपए का अतिरिक्त शुद्ध व्यय करने के लिए सोमवार को संसद से मंजूरी मांगी। इसमें से बड़ा हिस्सा पेंशन और उर्वरक पर सब्सिडी पर खर्च किया जाएगा। सरकार की ओर से मांगा गया सकल अतिरिक्त व्यय 6.78 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। इसमें से 6.27 लाख करोड़ रुपए की भरपाई बचत और प्राप्तियों के मद से की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किए गए अनुपूरक अनुदान मांगों के दूसरे बैच के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में सरकार का शुद्ध अतिरिक्त व्यय 51,462.86 करोड़ रुपए होगा। अतिरिक्त व्यय में उर्वरक सब्सिडी के लिए 12,000 करोड़ रुपए और एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) सहित सरकारी कर्मचारियों के पेंशन के लिए 13,449 करोड़ रुपए शामिल हैं। कुल व्यय में रक्षा पेंशन के लिए 8,476 करोड़ रुपए और दूरसंचार विभाग के लिए 5,322 करोड़ रुपए भी शामिल हैं।


# जोमैटो की मूल कंपनी का नाम अब इटरनल, प्रस्ताव मंजूर

**नई दिल्ली।** फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो के शेयरधारकों ने मूल कंपनी का नाम बदलकर इटरनल लिमिटेड करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही कंपनी का आधिकारिक नाम जोमैटो से बदल कर इटरनल करने का रास्ता साफ हो गया। इटरनल में चार वर्टिकल होंगे। इनका नाम है- फूड डिलीवरी बिजनेस जोमैटो, क्विक कॉमर्स यूनिट ब्लिंकिट, गोइंग-आउट वर्टिकल डिस्ट्रिक्ट और बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) किराना सप्लाई कंपनी हाइपरप्योर। इटरनल नाम अपनाने के साथ कंपनी दूसरी बार खुद को रीब्रांड कर रही है। 2008 में जोमैटो की स्थापना फूडीबे के रूप में हुई थी और 2010 में इसका नाम बदलकर जोमैटो कर दिया गया था। 2022 में ब्लिंकिट (पहले ग्रोफर्स) के अधिग्रहण के बाद ही आंतरिक रूप से मूल कंपनी का नाम बदलकर इटरनल कर दिया गया था। इसके साथ ही एक संगठनात्मक पुनर्गठन किया गया। कंपनी के सह- संस्थापक दीपिंदर गोयल ने शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में लिखा, "हमने यह भी सोचा था कि जिस दिन सही समय आएगा हम सार्वजनिक रूप से कंपनी का नाम बदलकर इटरनल कर देंगे।



# बाजार ने अपनी शुरुआती बढ़त खो दी, सेंसेक्स में 217 अंकों की गिरावट और निफ्टी 22,500 से नीचे आ गया

**नई दिल्ली।** तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक या 0.29 प्रतिशत गिरकर 74,115.17 अंक पर बंद हुआ। इसके 22 शेयर नुकसान में और आठ लाभ में रहे। इससे पहले यह सूचकांक बढ़त के साथ खुला और दिन के दौरान 74,741.25 के उच्चतम स्तर तक पहुंचा। सोमवार को एनएसई का निफ्टी 92.20 अंक या 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,460.30 पर बंद हुआ। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। ऐसा औद्योगिक और तेल व गैस शेयरों में बिकवाली के कारण हुआ। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक या 0.29 प्रतिशत गिरकर 74,115.17 अंक पर बंद हुआ। इसके 22 शेयर नुकसान में और आठ लाभ में रहे। इससे पहले यह सूचकांक बढ़त के साथ खुला और दिन के दौरान 74,741.25 के उच्चतम स्तर तक पहुंचा। हालांकि, पहले सत्र के दौरान हासिल बढ़त बजार ने आखिरी सत्र से पहले गंवा दी। बंद होने से पहले बाजार पर बिकवाली का दबाव दिखा और सूचकांक 310.34 अंक या 0.41 प्रतिशत गिरकर 74,022.24 के निचले स्तर पर पहुंच गया। सोमवार को एनएसई का निफ्टी 92.20 अंक या 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,460.30 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक, जोमैटो, लार्सन एंड टूब्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज पिछड़ गईं। दूसरी ओर, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मास्यूटिकल्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में लाभ रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण बाजार की धारणा प्रभावित हो रही है, अमेरिका में बेरोजगारी दर और टैरिफ में वृद्धि के कारण अनिश्चितता बढ़ रही है, जिससे संकेत मिलता है कि निकट भविष्य में अस्थिरता बनी रहेगी।"



## आप का राशिफल 11 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक 2 4 6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-4-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी पारिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8

# रानीवाड़ा : वार्षिकोत्सव सरगम 2025 का आयोजन सफल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा :** रानीवाड़ा कस्बे में स्थित अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय न्यू गोल्डन एजुकेशन सेंटर में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गजेंद्र देवासी के मुख्यातिथ्य,पूर्व प्रधान रमीला मेघवाल की अध्यक्षता एवं व्यापार मण्डल अध्यक्ष छैल सिंह सोलंकी, मुकेश खंडेलवाल के विशिष्ट आतिथ्य में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ वार्षिकोत्सव सरगम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय के वार्षिकोत्सव में विद्यालय के 350 विद्यार्थियों ने भाग लेकर एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। मंच पर एक जैसी वेश भूषा में नन्हे मुन्हें विद्यार्थी जैसे ही मंच पर आते थे उनकी छटा देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना के पश्चात अनेक प्रेरणास्पद कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई इस दौरान महाकुंभ प्रयाग राज की झांकी जैसे ही निकाली गई पूरे पांडाल के लोग खड़े होकर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत करते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान न्यू गोल्डन विद्यालय के 5 प्रतिभावान छात्र मयूरेश , नितिन, सोनाक्षी, यूरविल , कमलेश जिन्होंने पिछले वर्ष कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में क्रमशः 95.33 95.17, 93.67, 93.17, 90.50 प्रतिशत अंक अर्जित किए थे उनको विद्यालय की तरफ से 11000 के नकद पुरस्कार के साथ साथ साफा एवं स्मृति चिन्ह,दुपट्टे के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य जयंतीलाल घांची ने सभी अतिथियों,



अभिभावकों, भामाशाहों,जनप्रतिनिधियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए स्वागत उद्बोधन के साथ साथ विद्यालय की उपलब्धियों का भी जिक्र किया। कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों ,भामाशाहों का बहुमान निदेशक मंजीराम चौधरी,अध्यक्षा लीलादेवी , प्रधानाचार्य जयंतीलाल घांची ने साफे एवं साल के द्वारा किया। कार्यक्रम में पधारे हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए निदेशक मंजीराम चौधरी ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए उनके अभिभावकों को भी धन्यवाद दिया। मंजीराम चौधरी ने विद्यालय प्रांगण में पधारे हुए मेहमानों का जिक्र करते हुए कहा कि आप इस विद्यालय के अभिन्न अंग हैं आप और हम मिलकर बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने का पूरा प्रयास करते रहें यही हमारी नैतिक जिम्मेदारी है क्यों कि आज के बच्चे कल के भारत के भविष्य हैं। कार्यक्रम में नरपत पुरोहित, उमेश यादव सहित अन्य लोगों ने भामाशाह के रूप में अपना सहयोग प्रदान किया जिसके लिए पूरे विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त किया।

### स्काउट गाइड वार्षिक शिविर

# स्काउटिंग जीवन जीने की कला : राठौड़

**सर्व धर्म प्रार्थना के साथ शिविर का समापन**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जसवंतपुरा।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय जालौर के तत्वाधान में सुंधा माता में सर्व धर्म प्रार्थना के साथ सात दिवसीय स्काउट गाइड वार्षिक शिविर जितेंद्र सिंह राठौड़ व्यवस्थापक सुंधा माता ट्रस्ट के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ। जितेंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक शिक्षा बेहद जरूरी है जो की स्काउट गाइड के माध्यम से ली जा सकती है। इतना ही नहीं स्काउटिंग जीवन जीने की कला सीखाती है। सीओ स्काउट सवाई सिंह राठौड़ ने बताया कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जालोर के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष शिक्षक प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थी एवं ग्लोबल कॉलेज डेडवा में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्काउट गाइड का सात दिवसीय वार्षिक शिविर सर्व धर्म प्रार्थना के साथ संपन्न हुआ। डॉ घनश्याम व्यास ने बताया कि 3 वर्ष से 25 वर्ष तक के बालक बालिकाएं राजकीय, गैर राजकीय विद्यालय, महाविद्यालय में पढ़ने वाले स्काउट गाइड कब बुलबुल, रोवर रेंजर में रहकर अपने जीवन में निखार सकते हैं। स्काउट गाइड के प्रमाण पत्र उपयोगी होते हैं। स्काउट गाइड के माध्यम से महामहिम राज्यपाल एवं महामहिम राष्ट्रपति तक के पुरस्कार प्राप्त किए जा सकते हैं। शिविर संचालक रमेश कुमार दवे ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा युवा वर्दीधारी स्वैच्छिक संगठन से जुड़कर हमें गौरवान्वित महसूस होता है। यह संगठन स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, अनुशासन, नशामुक्ति अभियान, राष्ट्र सेवा को समर्पित है। दक्ष प्रशिक्षक दलपत सिंह जोधा ने बताया कि हमें अपने बालक बालिकाओं को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड से जोड़कर उच्च आदर्श की स्थापना करना चाहिए। शिविर में स्काउट गाइड का इतिहास, बीपी सिक्स व्यायाम, शिविर कला, शिविर ज्वाल, प्रगति, ले आउट, यूनिफॉर्म, खोज के चिन्ह, भ्रमण, ध्वज शिष्टाचार, स्नेह मिलन आदि के बारे में विस्तार से बताया। लादूराम भादू सचिव राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ सांचौर ने बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। हमें अपने जीवन को नशा मुक्त रखते हुए शुद्ध सात्विक पौष्टिक भोजन, जैविक मिलेट्स, मोटा अनाज मोटा पीसकर ग्रहण करना चाहिए और प्रतिदिन बीपी सिक्स व्यायाम करना चाहिए जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहें। इस अवसर पर सीओ स्काउट जालोर सवाई सिंह राठौड़ एवं संचालक मंडल द्वारा सुंधा माता ट्रस्ट, माली समाज सेवा ट्रस्ट, पीपा क्षत्रिय समाज ट्रस्ट का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर गाइडर निरमा कुमारी, स्काउटर विरधाराम, भला राम टांक प्रलेख लेखक भीनमाल, मदन माली प्रमोद मेडिकल भीनमाल अतिथि सहित बड़ी संख्या में स्काउट गाइड मौजूद रहे।

# जसवंतपुरा : सदर बाजार में सुंदरकांड पाठ आयोजित

**भजन संध्या में भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** कस्बे के स्थानीय सदर बाजार में शनिवार को व्यापारियों द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में सराबोर होकर भगवान श्रीराम और हनुमानजी की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम और हनुमानजी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं ज्योत के साथ किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन में बाल हनुमान सुंदरकांड पाठ सेवा समिति, सिरोही के तत्वावधान में 105 मिनट तक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन हुआ, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। सुंदरकांड पाठ के बाद गायक कलाकार दलपत सिंह एंड पार्टी डोरडा द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। गणेश वंदना से प्रारंभ हुई इस भक्ति संध्या में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। भक्तिमय गीतों की धुनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा माहौल राममय हो गया।



**भक्तों का उमड़ा सैलाब**

■ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, महिलाएं एवं स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक भजन संध्या का आनंद लिया और आयोजन की भव्यता की सराहना की। इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिकता का संचार हुआ और श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम एवं हनुमानजी की भक्ति में लीन होने का अनमोल अवसर प्राप्त हुआ।

# किसानों की होगी डिजीटल पहचान

▶▶ 11 अंकों की बनेगी यूनिक आईडी

▶▶ फार्मर आईडी से मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुडतरासिली।** स्थानीयक कस्बे सेवा केन्द्र के सभा भवन में तीन दिवसीय आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर हुआ सम्पन्न। जिसमें तीन दिवसीय आयोजित शिविर में किसानों ने 11अंको यूनिक आईडी के लिए केवाईसी करवाने के साथ किसानों ने अन्य सरकारी योजनाओं के लिए रजिस्ट्री करवाई। जिसमें आरआई सज्जन सिंह ने बताया कि किसानों को डिजिटल पहचान देने के लिए यह रजिस्ट्री की जा रही है। प्रत्येक किसान को फार्मर आईडी बनाना जरूरी है। इससे किसानों को पीएम किसान योजना और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड जैसी सुविधाएं प्राप्त करना आसान होगा। वहीं किसानों को सस्ता ऋण और बेहतर बाजार सुविधाएं मिलेंगी।इस मौके पर रामसीन नायब तहसीलदार, ग्राम विकास अधिकारी नितेश कुमार परमार,हल्का पटवारी अशोक कुमार चौधरी, पटवारी सुरेश कुमार चौधरी, कनिष्ठ लिपिक रामलाल, पुखराज , किसान राणाराम चौधरी मालपुरा, दिलीप सिंह चौहान, अदरारामजी राजपुरोहित,उमाराम राजपुरोहित, जगमालाराम चौधरी, मुलाराम चौधरी,महावीर सिंह, गमाराम मेघवाल सहित आदि मौजूद थे।

### सनातन संस्कृति जागरण संघ की पहल

# भीनमाल : 123वें यज्ञ का किया गया आयोजन

- यज्ञ में श्रवण राणा सपत्नीक मुख्य यजमान रहे
- दर्जनों मातृ शक्ति, पुरुष व बच्चों ने यज्ञ में दी आहुतियां

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वारा समरस, समरूप,एकरूप व व्यसन मुक्त संगठित हिंदू समाज की स्थापना के लिए संचालित घर घर यज्ञ अभियान के तहत स्थानीय पुनासा बस स्टेंड के पास स्थित भील बस्ती में 123 वें यज्ञ का आयोजन किया। सनातन संस्कृति जागरण संघ के सदस्य कॉपरेटिव ऑडिट अधिकारी किशोरसिंह राजपुरोहित ने बताया कि यज्ञ में श्रवण राणा सपत्नीक मुख्य यजमान रहे। इसके अलावा दर्जनों मातृ शक्ती, पुरुष व बच्चों ने यज्ञ मे आहुतियां दी। यज्ञ की समाप्ति पर यज्ञ वेदी को साक्षी मानकर कई लोगों ने मांसा,मदिरा,शराब,बीड़ी व गुटखा आदि व्यसन छोड़ने का संकल्प लिया। यज्ञ के उपरांत चर्चा का मुख्य विषय धर्म प्रचार एवं शस्त्र व शास्त्रों की शिक्षा देने के लिए प्राचीन परम्परा के गुरुकुलों के निर्माण के लिए भीनमाल के बड़े मंदिर ट्रस्टों की भूमिका निर्धारित एवं निश्चित करने तथा इस कार्य के लिए ट्रस्टों को आगे आने का आह्वान स्वामी नरेंद्र परमहंस व राजूसिंह माली द्वारा किया गया। कार्यक्रम से प्रभावित बस्ती के कई लोग सनातन संस्कृति जागरण संघ के साथ जुड़े। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर स्वामी नरेंद्र परमहंस, भाजपा नेता नरिंगाराम पटेल,ठेकेदार ओटाराम मेघवाल, नरपतसिंह आर्य, वालाराम मौर्य, राजूसिंह माली,भीमराज मोदी, एडवोकेट दिनेश कुमार हिंगड़ा,किशोरसिंह राजपुरोहित, आसूराम राणा,महेंद्रसिंह राजपुरोहित,बाबूलाल मेघवाल, भलाराम राणा,रमेश राणा, केवाराम मेघवाल,अर्जुन बंजारा, श्रवण राणा,आर्य राहुल बंजारा, जीतू राणा,आर्य अक्षय बंजारा, आर्य रोहित मेघवाल,वरुण सोनी, कल्पेश सोनी व अमृत सोनी आदी मोजूद रहे। यज्ञ का सम्पादन राव विक्रमसिंह आर्य द्वारा वैदिक रीति से करवाया गया।

# 67.32 ग्राम अफीम का दूध बरामद, आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** सांचौर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 67.32 ग्राम अफीम का दूध बरामद एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, प्रशिक्षु आईपीएस काम्बले शरण गोपीनाथ के निर्देशन में पुलिस के द्वारा एक के बाद एक कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन भौकाल केतहत कार्रवाई को अंजाम दिया गया । जालोर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सांचौर के सहायक पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आवड़ दान रतनू के निर्देशन में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सांचौर के रानीवाड़ा रोड पर मौजूद व्यक्ति को घेराबंदी करके पकड़ा, इसके बाद में आरोपी दिनेश कुमार पुत्र पूनमाराम बिश्नोई की तलाशी ली गई तो 67.32 ग्राम अफीम का दूध बरामद हुआ। जिसके बाद में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया ।

# किसानों के पहापड़ाव पर जनसंपर्क

▶▶ **बैठकों का हो रहा आयोजन**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांचौर ।** किसानो की लंबित मांगो को लेकर सांचौर उपखंड मुख्यालय पर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा प्रस्तावित महापड़ाव को लेकर क्षेत्र में बैठकों का दौर जारी है, जिसको लेकर आगामी 20 मार्च को विशाल महापड़ाव का आयोजन होगा, मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विरद सिंह चौहान ने बताया कि इसी सिलसिले में सरवाना, अमरापुरी और हरीपुरा नैणो की ढाणी में अलग-अलग बैठकें आयोजित हुई।जिला अध्यक्ष ईशराराम बिश्नोई ने बताया कि किसानों के रबी 2023 के बीमा क्लेम से सांचौर तहसील की आधी से अधिक ग्राम पंचायतों को जानबूझकर वंचित रख दिया है, और कुछ पंचायतों में 70 से 80 प्रतिशत फसल खराबे के बावजूद भी एकाध फसल का मामूली क्लेम दिया गया है , रिलायंस कंपनी की मनमानी को लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। टोल फ्री नंबर 14447 पर फसल खराबे की सूचना और शिकायतें दर्ज करवाने के बावजूद भी सैकड़ो किसानों के खेतों में कंपनी के सर्वेयर नहीं आये । इस तरह किसानों के साथ नाइंसाफी की जा रही है।इस तरह की गई गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच की मांग की। सरवाना सरपंच प्रतिनिधि गुलाब सिंह ने बताया कि सरवाना ग्राम पंचायत में सैकड़ो किसानों ने 14447 टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करवाने के बावजूद भी कंपनी ने सर्वे नहीं करवाया और वंचित रख दिया। राणाराम साहू चौरा ने बताया कि आदान अनुदान की राशि सरकार की ढिलाई के कारण करोड़ों रुपए लंबे समय से स्वीकृति के पश्चात भी खातों में जमा नहीं करवाए जा रहे हैं । अन्नदाता हर तरफ से दुखी है , कभी राम रूठता है तो कभी राज रूठ जाता है, सरकार को चाहिए की बीमा कंपनी को पाबंद कर बीमा दिलवाले एवं आदान अनुदान की राशि का शीघ्र भुगतान करावे । बिजली विभाग द्वारा ठेके पर रखे गए मीटर रीडरों द्वारा मनमाने तरीके से उटपटांग रिडिंगें बढ़ाकर किसानों को ठगा जा रहा है पटवारियों और ग्राम विकास अधिकारियों को पंचायत मुख्यालय पर रहने हेतु पाबंद करने सहित अन्य मांगों को लेकर आगामी 20 मार्च को हजारों की संख्या में किसान सांचौर महापड़ाव में भाग लेकर आक्रोश और विरोध प्रकट करेंगे। इस दौरान तीनों गांवों की ग्राम इकाइयों का गठन किया गया जिसमें सरवाना में संरक्षक जोर सिंह, अध्यक्ष गुलाब सिंह , सचिव राणसिह , उपाध्यक्ष केसर सिंह , कोषाध्यक्ष पहाड़ सिंह सहित 25 सदस्यों की कमेटी का गठन किया गया। इसी प्रकार ग्राम अमरापुरी में कमेटी गठन में किया गया जिसमें संरक्षक निंबाराम , अध्यक्ष भागीरथ ढाका सचिव रघुनाथाराम , उपाध्यक्ष रामकरण कोषाध्यक्ष हरिराम गोदारा सहित 15 सदस्यों को चुना गया।

# दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की मांग




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** विकलांग कल्याण समिति के प्रदेश संगठन मंत्री सुरेंद्र पी राठी व घेवर चंद राजपुरोहित के नेतृत्व में भेजे ज्ञापन में बताया कि जालौर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व सांचौर मुख्य चिकित्सालय अधिकारी के पास पिछले चार-पांच माह से दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए पेंडिंग फार्म हैं, जिनका निपटारा करने की मांग की गई है। समिति के जिला महामंत्री घेवरचंद राजपुरोहित ने बताया कि दिव्यांग प्रमाण पत्र समय पर नहीं बनने के कारण जिले के दिव्यांग व्यक्तियों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# किसान रजिस्ट्रीकरण शिविर आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रामसीन।** ग्राम पंचायत तातोल में राज्य सरकार द्वारा तीन दिवसीय किसान रजिस्ट्रीकरण षिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भू अभिलेख निरिक्षक गोपालसिंह राजपुरोहि द्वारा षिविर में उपस्थित किसानों को इस षिविर के महत्व के बारे में बताया तथा किसानों की समस्याओं का निराकरण कर किसानों को पंजीकरण करवाने को कहा गया। ग्राम विकास अधिकारी मुकेषकुमार प्रजापत ने बताया जिन किसानों का पंजीकरण हुआ उनके पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर सरपंच पांचाराम चौधरी, पटवारी रोहित कुमार, कनिष्ठ लिपिक उतमसिंह, ग्रामीण अमरसिंह, जेपाराम चौधरी, भूराराम देवासी सहित तातोल, वाडकागोगा व गोला के ग्रामीण उपस्थित थे।



# जालोर : विहिप ने जालोर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

▶▶ रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के जांच की मांग




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर शहर सहित जिलेभर में बांग्लादेशी और रोहिंग्या लोगों की जांच की मांग को लेकर सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद के लोगों ने कलेक्टर डॉ. प्रदीप गवांडे और एसपी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि जिले में बांग्लादेशी और रोहिंग्या का पुलिस वेरिफिकेशन नही हो रखा है, जिसकी जांच की जानी चाहिए। विश्व हिन्दू परिषद के प्रमुख धर्म प्रसार प्रवीण सिंह नाथावत ने बताया कि जालोर में ऐसी कई जगह है, जहां रोहिंग्या और बांग्लादेशी निवास कर रहे हैं। उनका पुलिस के द्वारा वेरिफिकेशन नहीं किया गया है। यह लोग यहां फर्जी आधार कार्ड बनाकर निवास कर रहे है, जो गंभीर विषय है। इसकी जांच कर कार्यवाही करने व वन विभाग की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। उन्होंने बताया जालोर से झरनेश्वर महादेव मंदिर तक जाने वाले रास्ते पर पुराने जालोर में अतिक्रमण किया गया है। उसे हटाने की मांग को लेकर विश्व हिन्दू परिषद के लोगों ने एसपी ज्ञानचंद्र यादव को भी ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान बजरंग दल भरत कुमार, धर्म जागरण प्रमुख कुणाल, लालाराम, राजू भाटी, मनीष कुमार, राहुल, लालाराम, किशोर सिंह, महेश कुमार, भवरलाल प्रजापत और ओटाराम माली सहित कई लोग मौजूद रहे।

# समास्याओं का समाधान नहीं तो भूख हड़ताल : सुखराम

**फसल बीमा की मांगो को लेकर किसान परेशान**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांचौर ।** सांचौर विधानसभा क्षेत्र में किसानो की समस्याओ को लेकर पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई ने किसानो के साथ सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोंपकर किसानो की लंबित समस्याओ के समाधान की मांग की, इस दौरान उन्होने कहा कि किसान फसल बीमा पॉलिसी, कृषि आदान-अनुदान व अन्य गांगों को लेकर लंबे समय से धरना प्रर्दशन कर विरोध जता रहे है, किन्तु किसानो की समस्याओ को लेकर न तो बीमा कम्पनी कोई समाधान निकाल रही है ओर न ही राज्य राजा सरकार की तरफ से कोई उचित समधान नहीं हो रहा है, ऐसे में सांचौर विधानसभा के किसान संघर्ष के रास्ते पर चलने का निर्णय लिया है, जिसको लेकर मंगलवार को एक दिन को क्रमिक अनशन रखा जायेगा, वहीं समाधान नहीं निकलने पर आगामी 17 मार्च किसानों के साथ सांचौर मुख्यालय पर भूख हड़ताल शुरू करने का ऐलान किया, उन्होने कहा कि किसानो की समस्या का समाधान नहीं करने वालीर सरकार से विकास की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। यह है मांगे - किसानो की समस्या को लेकर अतिरक्त जिला कलेक्टर को सीएम के नाम भेजे ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2022 के कृषि आदान-अनुदान से वचित्त की राशि से शेष रहे कास्तकारों की राशि तुरन्त दिलवाई जाए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ व रबी सीजन 2023 का बीमा रिलायंस कम्पनी द्वारा मनमाने तरीके से तहसील चितलवाना के काफी ग्राम पंचायतों का नहीं दिया गया है, जिसमें खासरवी, सुराचन्द, रणोदर, देवड़ा, आकोली, ईटावा, भीमगुड़ा, डावल, परावा, निम्बाऊ, झाब, मेघावा, विरावा , खेजड़ीयाली, टांपी इत्यादी ग्राम पंचायती का भूगतान अविलम्ब करवाया जाएं, किसानों की बीमा पॉलिसी जो निरस्त की गई है, उसे पुनः दूरस्त कर भूगतान करवाया जाय, जिस किसानों ने फसल नुकशान की कम्पनी को सूचना दी हैं उन्हे बीमा क्लेम दिया जाए, रबी व खरीफ फसल की कोप कटींग सर्वे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सरपचं व पंचायत समिति सदस्य या जिला परिषद सदस्यों को सम्मिलित किया जाए, जिन किसानों ने अपने स्तर पर व्यक्तिगत बीमा करवाया है उसे सर्वे के आधार पर भूगतान किया जाए, रिलायंस कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ बीमें से सम्बधित की गई बेईमानी/धोखाधड़ी के मुकदमे पर तुरन्त कार्यवाही की जाए, सांचौर के तीनों खण्डों के बिजली के बिल अचानक एक साथ भारी भरकम राशि का दिया जा रह है , किसान राशि जमा करवाने में असमर्थ है, बिजती बिलों में लगी पेनेल्टी व अन्य सरचार्ज हटाकर किस्तों में राशि ली जाए, आरडीएसएस के तहत विद्युत विभाग द्वारा ग्राम गुड़ाहेमा, आम्बा का गौलिया व केरिया में जीएसएस बनकर तैयार है जिसको जल्द चातु करवाया जाए, विधानसभा क्षेत्र सांचौर में डब्ल्युबीएम के तहत अपूर्ण डामरीकरण सड़कों जल्द पूर्ण करवाया जाए, नर्मदा नहर के कारण जहा जमीन खारी हुई है नर्मदा नहर के पास स्थित अनकमाण्ड क्षेत्र को कमाण्ड क्षेत्र घोषित किया जाएं।

# होली के पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** होली के पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सोमवार को स्थानीय पुलिस थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव,एसडीएम मोहित कासनियां व थाना अधिकारी रामेश्वरलाल भाटी की मौजूदगी आयोजित हुई।जिसमे होली व रमजान के पर्व के तहत जुम्मे की नमाज के दौरान कानून व शांति व्यवस्था को आमजन से सहयोग की अपील की है।बैठक में पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव ने कहा कि अबकी बार होली व रमजान का पर्व साथ साथ है।शांति व भाईचारे को लेकर भीनमाल की विशेष पहचान व साख है,उन्होंने इसी परंपरा को बरकरार रखने की बात कही।यादव ने कहा कि होली, शीतला सप्तमी व रमजान के पर्व के तहत धुलहरी,घोटा गैर, मैले व जुम्मे की नमाज के दौरान कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने में दोनो पक्षों से पुलिस प्रशाशन का सहयोग करने ओर गैर मार्ग पर विद्युत तार व गौवंश सहित अन्य अवरोधक को हटाने के लिए नगरपालिका प्रशासन सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों का सहयोग लेने की हिदायत दी।एसपी ने अपराधों की रोकथाम के लिए बंद कैमरों को चालू करवाने के लिए व्यापारियों व दानदाताओं से सहयोग की अपील की। एसपी ने बाहरी लोगों के पुलिस वेरिफिकेशन के लिए संबंधित फैक्ट्री व प्रतिष्ठान के मालिक को पुलिस थाना द्वारा फॉर्म उपलब्ध करवाए जाएंगे,जिसमे स्टॉफ की पूरी जानकारी भरकर पुलिस थाना में जमा करवाना होगा,ताकि एप के माध्यम से



उसकी क्राइम हिस्ट्री मिल सके।एसपी ने आपातकाल के दौरान सहयोग के लिए 112 पर तत्काल कॉल करने पर तत्काल सहायता दी जाएगी।इसके सभी परिवार के सदस्यों को एप लॉड करने का सुझाव दिया। एसपी ने अवैध शराब सहित अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है,इसकी रोकथाम के लिए तत्काल सूचना पुलिस को देने ओर अवैध कारोबार से बनाई गई संपति को फ्रिज करवाने की सूचना भी पुलिस की दी जाए,ताकि नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाए।एसपी ने दुर्घटनाओं में मौत की घटनाओं को रोकने के लिए हेलमेट व नियमित सीट बेल्ट का उपयोग करने व शराब के नशे में वाहन नहीं चलाने की अपील की। एसडीएम मोहित कासनियां ने कैमरे सहित सुविधाओं में सहयोग का आश्वासन दिया। देते हुए होली की शुभकामनाएं दी।अंत में थाना अधिकारी रामेश्वरलाल भाटी ने आभार प्रकट किया।इस अवसर पर खेमराज देसाई,महेंद्र सोलंकी,राव वचनसिंह, प्रेमाराम बंजारा, जोरावरसिंह राव,सरोज बाफना,श्रवणसिंह राव, रणजीत परमार,हेमलता जैन,ओटाराम मेघवाल,मुस्ताक खा, भरतसिंह भोजानी, किशोर सांखला, लोकेंद्रसिंह राव,दिनेश सिंह सोलंकी, मीठालाल जांगिड़, हकसिंह जे राव व विक्रमसिंह सहित भाटी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

# जालोर में दिन का तापमान 38.4 डिग्री दर्ज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर में दिन का तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है। अब दोपहर में गर्मी सताने लगी है। जिले भर में इन दिनों गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। रविवार को दोपहर का तापमान 38.4 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में गर्मी बढ़ने की संभावना जताई है। बता दें कि जालोर-सांचौर में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले 5 दिन में दिन के तापमान में 8.2 डिग्री बढ़ोतरी के साथ ही 38.4 डिग्री व रात का तापमान बढकर 14.4 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। जिससे लोगों को दिन में गर्मी का प्रकोप सताने लगा है। मौसम विभाग विशेषज्ञ आंनद कुमार शर्मा ने बताया- एक सप्ताह तक कोई पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना नही है। ऐसे में गर्मी बढ़ेगी। दिन का तापमान बढ़कर 40 डिग्री व रात का तापमान 14-15 डिग्री के आसपास दर्ज हो सकता है।

## सुविचार

अच्छी सोच वाले व्यक्ति को उसका लक्ष्य पाने से दुनिया में कोई नहीं रोक सकता, जबकि बुरी सोच वाले व्यक्ति की कोई मदद नहीं कर सकता।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## भारत की विजय पर पत्थरबाजी

आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी -2025 भारतीय टीम ने शान के साथ जीती। इसके लिए जहां देशभर में प्रार्थनाओं का दौर जारी था तो मेजबान देश पाकिस्तान में लगभग सन्नाटा छाया हुआ था। फाइनल में जीत के साथ ही भारत सड़कों-गलियों, चौक-चौराहों पर जीत का जश्न मनाया जाने लगा। कहीं पटाखे चलाए गए तो कहीं वाहनों की रैलियां, कहीं लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर एक सप्ताह पहले ही होली मना ली तो कहीं लोग एकदूसरे को मिठाईयां खिलाते नजर आए। लेकिन देश के कुछेक हिस्सों में जीत के इस जश्न को कड़वाहट से भर दिया। मध्य प्रदेश के इंदौर के महू में देर रात जश्न की रैली निकाली गई थी, लेकिन रैली जैसी ही एक मस्जिद के पास पहुंची, वैसे ही असामाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया। जिससे कई लोग घायल हो गए। वहीं, इस दौरान वहां खड़े वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई और कई दुकानों में आग भी लगा दी गई। अब इस पथराव का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बड़ी संख्या में असामजिक तत्व सड़क पर जुटे हैं। असामजिक तत्वों ने कपड़ों से अपना मुंह छिपाकर रखा था। जितने लोग हैं, सभी के एक हाथ में डंडा है जबकि दूसरे हाथ से वे पत्थर उठा-उठाकर जश्न की रैली में शामिल लोगों को मार रहे हैं। इस दौरान पथराव करने वालों में से 4-6 लोग मार्केट के बाहर खड़ी दोपहिया वाहनों के पास पहुंच गए और डंडों से खड़े हुए वाहन तोड़ने लगे। इस बीच कई और असामजिक तत्व वहां पहुंच गए और तोड़े गए वाहनों में आग लगा दिया। ये अराजक तत्व यहीं नहीं रुके और पास में खड़ी एक कार में तोड़फोड़ करने के बाद उसे भी आग के हवाले कर दिया। हालांकि हिंसा रोकने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई। स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। बात यहां स्थिति नियंत्रण में या इलाके में शांति की नहीं है, बात है कि देश में वो कौन से तत्व हैं जो इस तरह के खुशियों और उत्साह के माहौल को जहरीला बना रहे हैं? पिछले कुछ सालों से लगातार देखा जा रहा है कि रामनवमी की झांकी हो परशुराम शोभायात्रा हो, नवरात्रि का नगर भ्रमण हो या अन्य कोई उत्सव लगातार पत्थरबाजी की घटनाएं हो रही हैं। या ये कहें कि इनकी संख्या एवं तीव्रता में भी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। इस तरह की घटनाएं अचानक होती प्रतीत नहीं हो रहीं, अपितु ये योजनाबद्ध तरीक से नियोजित की जाती हैं क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में असामाजिक तत्व अचानक तो एकत्रित नहीं ही हो सकते। तो क्या यह बहुसंख्यक समाज के धार्मिक-सामाजिक ढांचे को चोट पहुंचाने की योजनाबद्ध साजिश है? यदि हां तो इसे रोकना ही होगा क्योंकि मध्य प्रदेश के महू में भारतीय टीम की जीत का जश्न तो धर्म विशेष भी नहीं था, परन्तु फिर भी पत्थरबाजी होना चिंता का विषय है। केंद्र एवं राज्य सरकारों को कुछ ठोस कदम तो उठाने ही होंगे जिससे ऐसे जहरीलों प्रयोगों पर शीघ्रतिशीघ्र लगाम लगाई जा सके।

## भारत ने लिया 25 साल पुराना बदला

# तीसरी बार जीती चैंपियंस ट्राफी



कुंवर चांद खां

पच्चीस साल पहले 15 अक्टूबर 2000 की बात है कि केन्या की राजधानी नैरोबी में न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध चैंपियंस ट्राफी का फाइनल खेलते हुए भारत की तरफ से दो व्यक्तिगत 50 से अधिक रनों के स्कोर किए गए थे कि सौरव गांगुली ने 117 और सचिन तेंदुलकर ने 69 का स्कोर किया था, इसके बावजूद भारत ट्राफी न उठा सका था। इसी तरह 18 जून 2017 को ओवल में पाकिस्तान के विरुद्ध चैंपियंस ट्राफी में हार्दिक पंड्या का अर्द्धशतक (76 रन) बेकार गया था। लेकिन 9 मार्च 2025 को दुबई में नक्शा एकदम बदल गया। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी एकदिवसीय प्रतियोगिता के फाइनल में अपना पहला अर्द्धशतक (76 रन) रिकॉर्ड किया, वह भी न्यूज़ीलैंड के खिलाफ और 25-वर्ष पुराना बदला लेते हुए भारत ने चैंपियंस ट्राफी अपने नाम कर ली।

इमेज

चैंपियंस ट्राफी के 9 संस्करणों में ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी टीम ने बिना कोई मैच हारे हुए यह ट्राफी जीती है। भारत चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में पांच बार पहुंचा है और इस बार वह लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचा था। चैंपियंस ट्राफी में भारत का यह तीसरा खिताब है कि वह 2002 व 2013 में भी विजेता था। भारत के अतिरिक्त किसी अन्य देश ने इस ट्राफी पर तीन बार कब्ज़ा नहीं किया है। 2002 में भारत ने यह ट्राफी श्रीलंका के साथ शेयर की थी, क्योंकि बारिश की वजह से फाइनल रद्द हो गया था और 2013 के लो स्कोरिंग फाइनल में भारत (129/7) ने इंग्लैंड (124/8) को 5 रन से पराजित किया था। साल 2013 में भारत के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी थे और तब उन्हें यह श्रेय प्राप्त हुआ था कि वह वाइट बॉल क्रिकेट के आईसीसी के तीनों छोटे फॉर्मेट- टी-20 (2007), एकदिवसीय विश्व कप (2011) व चैंपियंस ट्राफी (2013) जीतने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान बने। रोहित शर्मा भी यह श्रेय प्राप्त कर लेते, लेकिन 2023 के विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा, जबकि पूरी प्रतियोगिता में बिना कोई मैच गंवाये भारत फाइनल में पहुंचा था। अब रोहित शर्मा के नाम दो आईसीसी खिताब हैं- टी-20 (2024) और चैंपियंस ट्राफी (2025)। गौरतलब है कि 2013 के बाद भारत आईसीसी प्रतियोगिताएं जीत नहीं पा रहा था, अच्छे प्रदर्शन व फाइनल्स में पहुंचने के बावजूद कि इस बीच वह दो बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी पहुंचा, लेकिन अब उसने आईसीसी की सीमित ओवरों की दो लगातार प्रतियोगिताएं जीत ली हैं- ब्रिजटाउन में 29 जून 2025 को टी-20 विश्व कप और दुबई में 9 मार्च 2025 को चैंपियंस ट्राफी, जोकि 2017 के बाद समाप्त कर दी गई थी, लेकिन एकदिवसीय में पुनः दिलचस्पी जागृत करने के लिए फिर से शुरू की गई है। दुबई की स्पिन लेती पिच पर बैटर्स के लिए स्कोर करना आसान न था। इसलिए रोहित की प्रति रन एक गेंद की पारी विशेष प्रशंसा की अधिकारी हो जाती है। इस कठिन पिच पर न्यूज़ीलैंड ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए डेरिल मिचेल




(63 रन) व माइकल ब्रेसवेल (53 रन) की अर्द्धशतकीये पारियों की बदौलत अपने निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए। भारत की स्पिन चौकड़ी वरुण चक्रवर्ती (45/2), कुलदीप यादव (40/2), रविंद्र जडेजा (30/1) व अक्षर पटेल (29/0) ने न्यूज़ीलैंड के बैटर्स के लिए रन बनाना मुश्किल कर दिया था। हालांकि आजकल एकदिवसीय मैचों में जो लंबे लंबे स्कोर किए जा रहे हैं कि 350 प्लस के स्कोर को भी आसानी से चेज़ कर लिया जाता है, उससे 252 का लक्ष्य कुछ खास नज़र नहीं आ रहा था, विशेषकर इसलिए भी कि रोहित शर्मा व शुभम गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए तेज़ रफ्तार से 18 ओवर में ही 105 रन की साझेदारी कर ली थी (जोकि चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में गांगुली व तेंदुलकर की 141 रन की साझेदारी के बाद सबसे बड़ी है, जो उन्होंने नैरोबी 2000 में की थी), लेकिन पिच की कठिनाई का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शेष 147 रन बनाने के लिए भारत को 31 ओवर खेलने व 5 अतिरिक्त विकेट गंवाने पड़े और भारत 6 गेंद शेष रहते हुए 4 विकेट से ही यह मैच जीत सका। यह दिलचस्प है कि बिना कोई मैच गंवाये चैंपियंस ट्राफी पर कब्ज़ा तो भारत ने किया, लेकिन प्लेयर ऑफ़ द सीरीज की ट्राफी न्यूज़ीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी रचिन रविंद्र (जोकि बेंगलुरु में जन्मे भारतीय मूल के हैं) ले गए। रचिन के करियर का यह पहला प्लेयर ऑफ़ द सीरीज अवार्ड है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में दो शतकों के साथ 65.75 की औसत से सर्वाधिक 263 रन बनाये, 3 विकेट लिए और 5 कैच भी लपके। एक अन्य दिलचस्प आंकड़ा यह है कि अहमदाबाद विश्व कप फाइनल (19 नवंबर 2023) और दुबई चैंपियंस ट्राफी फाइनल (9 मार्च 2025) के बीच रोहित शर्मा ने लगातार 12 टॉस हारे हैं। अगर वह टॉस हारकर भारत को ट्राफी जिताते रहें तो यह किसी भी सूरत में घाटे का सौदा नहीं है। बहरहाल, न्यूज़ीलैंड से अपने ही बैकयार्ड में टेस्ट सीरीज अप्रत्याशित रूप से 0-3 से हारने और फिर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला 1-3 से हारने के बाद (जबकि उससे पहले लगातार दो टेस्ट श्रृंखलाएं भारत ने ऑस्ट्रेलिया में ही जीती थीं) भारत के लिए यह ज़रूरी था कि वह धमाकेदार वापसी करता, जो उसने की और वह भी युवा टैलेंट के साथ क्योंकि टीम में सिर्फ़ छह ही स्थापित व अनुभवी खिलाड़ी (रोहित, विराट कोहली, केएल राहुल, अजय जडेजा, हार्दिक व मुहम्मद शमी) थे। इसका अर्थ है कि युवा खिलाड़ी अपनी ज़िम्मेदारी अच्छे से निभा रहे हैं और टीम को सही दिशा में आगे ले जा रहे हैं। ध्यान रहे कि खिताब जीतने के लिए न केवल दबाव में खेलना पड़ता है बल्कि पूरी टीम को एक इकाई के रूप में खेलना पड़ता है। क्रिकेट व्यक्तिगत उपलब्धियों का खेल अवश्य है, जिससे एकाध मैच में जीत तो हासिल हो सकती है, लेकिन ट्राफी बतौर टीम प्रयास से ही हासिल होती है। भारत निश्चितरूप से चैंपियंस ट्राफी में एक टीम के रूप में खेला। जिन 11 खिलाड़ियों को मैदान में उतारा गया उनमें से किसी एक के बारे में भी यह नहीं कहा जा सकता कि फलां का प्रदर्शन निम्नस्तरीय रहा। अगर एक मैच में रोहित नहीं चले तो कोहली का बल्ला बोला और दूसरे मैच में अगर गिल जल्दी आउट हो गए तो राहुल ने कमाल किया। इसी तरह गेंदबाज़ी में कभी शमी ने पांच विकेट लिए तो कभी वरुण ने। वैसे थोडा थोडा योगदान तो हर मैच में हर खिलाड़ी का रहा और वो कहते हैं न कि बूंद बूंद से सागर भर जाता है तो उसी तरह छोटे छोटे योगदान से भारत बन गया चैंपियन। बहरहाल, एक समय था जब वेस्टइंडीज की तेज़ रफ्तार चौकड़ी (एंडी रोबर्ट्स, माइकल होल्डिंग, माल्कम मार्शल व जोएल गार्नर) बैटर्स का सिरदर्द बन जाते थे। चैंपियंस ट्राफी में भारत की स्पिन चौकड़ी (वरुण, कुलदीप, जडेजा व पटेल) ने बैटर्स की नाक में दम किया।

## पंचांग

मंगलवार, 11 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - फाल्गुन |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - द्वादशी 08.15 तक |
| वार | - मंगलवार |
| नक्षत्र | - आश्लेषा 26.16 तक |
| योग | - अतिगंड 13.18 तक |
| करण | - कौलव 20.40 तक |
| सूर्योदय | - 06.51 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.45 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.54 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.48 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - कर्क 26.16 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.24 से 13.12 |
| राहु काल | - 15.47 से 17.17 |
| व्रत, त्यौहार | - भौमप्रदोष, रवियोग 26.16 प्रारंभ |
| दिशा शूल | - उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## मंगलवार को करें लौंग नींबू के ये उपाय

मंगलवार का दिन हनुमानजी और ग्रहों के सेनापति मंगल ग्रह को समर्पित है और इस दिन सच्चे मन से हनुमानजी की पूजा अर्चना करने से सभी कष्ट दूर होते हैं और मंगल ग्रह के अशुभ प्रभाव में भी कमी आती है। ज्योतिष शास्त्र में मंगलवार के दिन का महत्व बताते हुए इस दिन करने के लिए नींबू के कुछ विशेष उपाय भी बताए गए हैं। इन उपायों के करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है और हनुमानजी के आशीर्वाद से सफलता की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मंगलवार के दिन हनुमान मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करें। इसके बाद मंदिर में ही एक नींबू पर 4 लौंग लगा दें, फिर हनुमानजी के सामने बैठकर हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ अवश्य करें। मंदिर से निकलकर किसी पीपल के पेड़ के नीचे लौंग लगे नींबू को रख दें। ऐसा करने से नौकरी व कारोबार की समस्याएं दूर होंगी और आपके द्वारा किए गए कार्यों में सफलता भी मिलेगी। भाग्य साथ नहीं दे रहा है तो मंगलवार के दिन एक नींबू लेकर उसको अपने सिर के ऊपर से सात बार वार लें और फिर उसके दो टुकड़े कर दें। बाएं हाथ पर रखे नींबू को दाईं तरफ फेंक दें और दाएं हाथ पर रखे नींबू को बाएं हाथ की तरफ फेंक दें। ऐसा करने से हर कार्य में भाग्य आपका साथ देगा और सभी तरह के तंत्र मंत्र भी आपसे दूर रहेंगे। अगर आपको नौकरी नहीं मिल रही है तो मंगलवार का व्रत करें और हनुमानजी की पूजा करें। साथ ही एक दागरहित नींबू ले लें और उसको रात के 12 बजे से पहले जाकर उसके चार हिस्से कर दें। नींबू के चार हिस्सों को चारों दिशाओं में दूर दूर तक फेंक दें। ऐसा करने से जल्द आपको करियर संबंधित शुभ समाचार मिलेगा और आमदनी में भी वृद्धि होगी। धन संबंधित समस्या बार बार बनी रहती है तो इसके लिए मंगलवार का व्रत रखकर हनुमानजी को चोला अर्पित करें। साथ ही एक नींबू लेकर चौराहे पर चले जाएं और फिर उसे लेकर सिर से सात बार वार लें। इसके बाद नींबू को दो भाग में काट दें। नींबू के एक भाग को पीछे की ओर फेंक दें और दूसरे भाग को आगे की ओर फेंक दें और फिर चुपचार घर चले जाएं। ऐसा करने से हनुमानजी के आशीर्वाद से समृद्धि के द्वार खुलेंगे और धन संबंधित समस्या दूर होगी। अगर काफी लंबे समय से व्यापार अच्छा नहीं चल रहा है तो हर मंगलवार का व्रत करें और एक नींबू लेकर, उसको दुकान या व्यापारिक स्थल की चारों दिवारों पर स्पर्श करवा कर नींबू के चार टुकड़े काट लें। फिर नींबू के टुकड़ों को चारों दिशाओं में फेंक दें। ऐसा करने से नजर दोष और नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी और व्यापार में लाभ होना शुरू हो जाएगा।

## तारीख विशेष

### वी. शांता

विश्वनाथन शांता भारत की ऐसी महिला थीं, जिन्हें उनके जनकल्याणकारी कार्यों के लिए वर्ष 2005 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार दिया गया था। उनका पूरा नाम डा. विश्वनाथन शांता था। भारत में कैंसर के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। विशेष रूप से पुरुषों में गले, फेफड़ों तथा पेट का कैंसर, प्रमुखता से देखा जाता है जो तंबाकू के कारण होता है। स्त्रियों में गर्दन तथा स्तन का कैंसर सबसे ज्यादा देखा जाता है। इसके बावजूद लंबे समय से इस दिशा में कोई खोजपरक काम तथा इसके इलाज के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। डा. वी. शांता ने 'चेन्नई कैंसर इन्टीट्यूट' में इस ओर बहुत काम किया और इस उपेक्षित क्षेत्र में इलाज तथा अनुसंधान दोनों को अपने निर्देशन में संपन्न किया। उनको उनके द्वारा जनकल्याणकारी कार्य के लिए मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया था। डा. वी. शांता का जन्म 11 मार्च, 1927 को मद्रास (वर्तमान चेन्नई) के माइलापुर में हुआ था। उनका परिवार प्रबुद्ध और ख्याति प्राप्त लोगों से उजागर था। 'नोबेल पुरस्कार' प्राप्त वैज्ञानिक एस. चंद्रशेखर उनके मामा थे और प्रसिद्ध वैज्ञानिक तथा नोबेल पुरस्कार विजेता सी. वी. रमन उनके नाना के भाई। इस नाते उनके सामने उच्च आदर्श के उदाहरण बचपन से ही थे। वी. शांता की स्कूली शिक्षा चेन्नई में नेशनल गर्ल्स हाईस्कूल से हुई, जो अब सिवास्वामी हायर सेकेंडरी स्कूल बन गया है। शांता की बचपन से डाक्टर बनने की इच्छा थी। उन्होंने 1949 में मद्रास मेडिकल कॉलेज से ग्रेजुएशन किया तथा 1955 में उनका पोस्ट ग्रेजुएशन एम.डी. पूरा हुआ। इसी दौरान 1954 में डी. मुत्तुलक्ष्मी रेड्डी ने कैंसर इन्टीट्यूट की स्थापना की थी। वी. शांता ने पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा में सफल होकर वुमन एंड चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में सेवारत होने का आदेश पा लिया था, जो कि एक बेहद सम्मानित उपलब्धि थी। लेकिन जब कैंसर इन्टीट्यूट का विकल्प सामने आया तो उन्होंने बहुतों को नाराज करते हुए वुमन एंड चिल्ड्रेन हॉस्पिटल का प्रस्ताव छोड़कर कैंसर इन्टीट्यूट का काम ही स्वीकार कर लिया। 13 अप्रेल, 1955 को वी. शांता कैंसर इन्टीट्यूट के परिसर में पहुंचीं और वहीं जम गईं।

## होली पर विशेष

# होली के कैनवस पर पेंट की गईं फ़िल्मी कहानियां

कैलाश सिंह

होली कब है? यह शब्द सुनते ही बॉलीवुड की आइकोनिक फिल्म 'शोले' की याद आ जाती है, जिसमें इस डायलॉग को गब्बर सिंह (अमजद खान) ने बोला था ताकि वह होली के अवसर पर रामगढ़ पर हमला कर सके। कहानी को दिशा देने के लिए फिल्म में होली की उमंग व पृष्ठभूमि का प्रयोग किया गया तो रंगों का यह उत्सव वीरू (धर्मेंद्र) व बसंती (हेमा मालनी) के बीच प्रेम की पींगें बढ़ाने को भी किया गया। इस अवसर पर जो गीत (होली के दिन दिल खिल जाते हैं) गाया गया वह होली प्लेलिस्ट का नियमित हिस्सा बन गया है। यश चोपड़ा की फिल्म 'सिलसिला' में होली का बहुत ही प्यारा सीन और चर्चित गीत 'रंग बरसे' भी है, जो कहानी को महत्वपूर्ण मोड़ देने में अहम भूमिका अदा करता है। जैसे ही होली की तरंग सिर चढ़कर बोलती है वैसे ही अमित (अमिताभ बच्चन) और चांदनी (रेखा) अपनी शर्म, संकोच व एहतियात को भूल जाते हैं। उनका एक दूसरे के लिए प्रेम जग ज़ाहिर हो जाता है और अमित की पत्नी शोभा (जया बच्चन) और चांदनी का पति डा. आनंद (संजीव कुमार) असहाय इस प्रेम लीला को देखते रहते हैं। यहीं से फिल्म के किरदारों में तनाव उत्पन्न होने लगता है।

इमेज

साल का यह वो समय है, जब फ़िज़ा में लाल, गुलाबी, पीले व हरे रंग के शेड्स बिखरे हुए हैं। इसके लिए होली का शुक्रिया अदा करना ज़रूरी है। रंगों के इस ज्वलंत उत्सव का भारतीय संस्कृति में ज़बरदस्त महत्व है और इस अवसर की मौज मस्ती का बॉलीवुड फिल्मकारों ने भरपूर फायदा उठाया है। रोमांस, ड्रामा व जज्बाती उतार-चढ़ाव की कहानियों को पेंट करने के लिए होली का इस्तेमाल कैनवस के रूप में किया गया है। अनेक बॉलीवुड फिल्मों में कहानी को आगे बढ़ाने के लिए होली को परफेक्ट पृष्ठभूमि के तौरपर प्रयोग किया गया है। यहां जगह के अभाव में ऐसी सभी फिल्मों का ज़िक्र संभव नहीं है, लेकिन मिसाल के तौरपर उन चंद फिल्मों के बारे में बताना आवश्यक है, जिनमें सुंदरता के साथ होली और उसकी विविध संभावनाओं के मूल को कैद किया गया है। होली कब है? यह शब्द सुनते ही बॉलीवुड की आइकोनिक फिल्म 'शोले' की याद आ जाती है, जिसमें इस डायलॉग को गब्बर सिंह (अमजद खान) ने बोला था ताकि वह होली के अवसर पर रामगढ़ पर हमला कर सके। कहानी को दिशा देने के लिए फिल्म में होली की उमंग व पृष्ठभूमि का प्रयोग किया गया तो रंगों का यह उत्सव वीरू (धर्मेंद्र) व बसंती (हेमा मालनी) के बीच प्रेम की पींगें बढ़ाने को भी किया गया। इस अवसर पर जो गीत (होली के दिन दिल खिल जाते हैं) गाया गया वह होली प्लेलिस्ट का नियमित हिस्सा बन गया है। यश चोपड़ा की फिल्म 'सिलसिला' में होली का बहुत ही प्यारा सीन और चर्चित गीत 'रंग बरसे' भी है, जो कहानी को महत्वपूर्ण मोड़ देने में अहम भूमिका अदा करता है। जैसे ही होली की तरंग सिर चढ़कर बोलती है वैसे ही अमित (अमिताभ बच्चन) और चांदनी (रेखा) अपनी शर्म, संकोच व एहतियात को भूल जाते हैं। उनका एक दूसरे के लिए प्रेम जग ज़ाहिर हो जाता है और अमित की पत्नी शोभा (जया बच्चन) और चांदनी का पति डा. आनंद (संजीव कुमार) असहाय इस प्रेम लीला को देखते रहते हैं। यहीं से फिल्म के किरदारों में तनाव उत्पन्न होने लगता है। फिल्म 'मोहब्बतें' में होली उत्प्रेरक का काम करती है, जिससे सामाजिक रीति रिवाजों पर प्रेम को विजय हासिल करने का अवसर मिल जाता है। विद्रोही राज आर्यन मल्होत्रा (शाहरुख़ खान) एहतियात को ताक पर रखकर अपने छात्रों को होली का जश्न मनाने के लिए ले जाता है। युवा छात्र नाचते गाते हुए प्रेम में गिरफ्तार हो जाते हैं और यह बात परंपरा का सख्ती से पालन करने वाले गुरुकुल के प्रधानाचार्य नारायण शंकर (अमिताभ बच्चन) को पसंद नहीं आती है। लेकिन तब तक होली की वजह से गुरुकुल में विद्रोह का बिगुल बच चुका होता है। अयान मुख़र्जी की आधुनिक युग की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में बन्नी (रणबीर कपूर) और नैना (दीपिका पादुकोण) के जीवन में नया मोड़ आता है। नैना को बन्नी गंभीर व पढ़ाकू लड़की समझता था, लेकिन जब होली के जश्न के दौरान वह नैना को बिंदास, मस्त व अल्हड युवा महिला के रूप में देखता है तो उसका नैना के प्रति नज़रिया बदल जाता है। हमें दोस्ती और मस्ती के बहुत अच्छे पल 'बलम पिचकारी' की धुन पर देखने को मिलते हैं। 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' फिल्म ने साबित किया है कि प्रेम में पड़ने के लिए होली से बढ़कर कोई अवसर नहीं है। जब राम (रणवीर सिंह) और लीला (दीपिका पादुकोण) रंगों के बादलों में फ़्लर्ट करते हैं, तो उनमें प्यार के फूलों को खिलने का अवसर मिल जाता है। 'लहू मुंह लग गया' की धुन न केवल होंठों पर मुस्कान ले आती है बल्कि पैरों को थिरकने के लिए भी प्रेरित करती है। फिल्म 'दामिनी' की पूरी कहानी का आधार ही होली पर हुई एक घटना थी। एक गरीब घर की ईमानदार, शरीफ व सुंदर लड़की दामिनी (मीनाक्षी शेषाद्री) को एक रईस घर का लड़का (ऋषि कपूर) नाचते हुए देखता है, उससे इतना प्रभावित होता है कि अपने परिवार का विरोध करते हुए भी उससे शादी कर लेता है। अमीर घर में पहुंचकर वह लड़की उस अंदर से खोखले समाज में अपने को मिसफिट पाती है, पर अपने पति के प्रेम की खातिर बर्दाश्त करती है। लेकिन उसके सब्र का बांध उस समय टूट जाता है, जब होली के अवसर पर उसके पति का छोटा भाई अपने दोस्तों के साथ मिलकर घर की ही नौकरानी से सामूहिक बलात्कार करता है (और बाद में हत्या भी), जिसे वह गरीब घर की लड़की देख लेती है और तमाम कठिनाइयों व रुकावटों के बावजूद अदालत से दोषियों को सज़ा दिलाती है। ज़ाहिर है ऐसी सिचुएशंस फिल्म वालों को बहुत पसंद आती हैं, इसलिए बहुत सी फिल्मों की कहानियों का ताना बाना होली के इर्दगिर्द बुना गया। होली पर फ़िल्मी गानों की तो एक लंबी सूची है। हिंदी फिल्मों में होली के गीत देने का ट्रेंड महबूब खान की फिल्म 'औरत' (1940) से शुरू हुआ, जिसमें होली के एक नहीं बल्कि दो गीत थे। पहला गीत था 'जमुना तट श्याम खेले होरी' और दूसरा था 'आज होली खेलेंगे साजन के संग'।



## गीता सार

**योगसंन्यस्तकर्माणं ज्ञानसंछिन्नसंशयम्।**
**आत्मवन्तं न कर्माणि निबध्नन्ति धनंजय॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

हे धनंजय! (कर्म) योग से सभी कर्मों को परमात्मा में अर्पण करने वाले, विवेक द्वारा समस्त संशयों का नाश करने वाले और अपने वश में किए हुए अन्तःकरण वाले मनुष्य को कर्म नहीं बांधते॥

## बोले तो...



औरंगजेब को मकबरा हटे, सभी यही चाहते हैं, लेकिन आपको इसे कानून के दायरे में करना होगा, क्योंकि यह एक संरक्षित स्थल है। इस स्थल को कुछ साल पहले कांग्रेस शासन के दौरान एएसआई के संरक्षण में दे दिया गया था।

**- देवेंद्र फडणवीस**



पूरा विपक्ष संसद में वोटर लिस्ट पर विस्तृत चर्चा कराए जाने की मांग कर रहा है। महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक महीने से अधिक हो गया है, मगर पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग से हमने जो मांगें की थीं, वह अब तक पूरी नहीं की गई हैं।

**-राहुल गांधी**



हम कह सकते हैं कि भारत अब उस चरण में है जहां हम विमान का निर्माण कर सकते हैं, डिजाइन कर सकते हैं और उनका रखरखाव कर सकते हैं। सरकार ने क्षेत्रीय परिवहन विमान निर्माण के लिए एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) स्थापित करने की प्रक्रिया में है।

**- राममोहन नायडू**

## कुछ अलग | अजब गजब

# औरंगजेब ही नहीं, ये मुस्लिम शासक भी था क्रूर, हिंदू राजा ने हराकर लिया था नालंदा का बदला!

भारत देश बहुत प्राचीन है और पिछले सैकड़ों सालों में यहां न जाने कितने आक्रांताओं ने आकर अपने झंडे गाड़े और इसके मूल को खत्म करने की कोशिश की। हालांकि सनातन धर्म और भारत की समृद्ध विरासत यूं ही खत्म नहीं हुई। हां, वे क्रूर शासक ज़रूर इतिहास बन गए, जिन्होंने यहां रहने वाले लोगों को सांस्कृतिक धरोहरों का नामोनिशान मिटाने की भरसक कोशिश की थी। फिल्म छावा की रिलीज़ के बाद से मुगल शासक औरंगज़ेब की क्रूरता के किस्से फिर ताज़ा हो गए हैं। वैसे ऐसा ही एक और मुस्लिम शासक था, जिसने सिर्फ खुन्नस में भारत की समृद्ध ज्ञानशाला को ही जलाकर खाक करा दिया था। ये शायद दुनिया के इतिहास की पहली ऐसी घटना है, जहां किताबों से मानो बदला लिया गया था, ताकि धर्म विशेष और उससे जुड़े ज्ञान को खत्म किया जा सके। 1190 के दशक में तुर्क-अफगान सैन्य जनरल बख्तियार खिलजी ने एक ऐसी घटना को अंजाम दिया, जो इंसानों के प्रति ही नहीं बल्कि ज्ञान और संस्कृति के प्रति भी उसकी क्रूरता और बर्बरता को याद दिलाती रहेगी। उसकी अगुवाई में आक्रमणकारियों के एक समूह ने प्रसिद्ध नालंदा विश्वविद्यालय को नष्ट कर दिया। उत्तर और पूर्वी भारत की अपनी विजय के दौरान खिलजी ने बौद्ध ज्ञान के इस केंद्र को मिटाना चाहा। इसके पीछे भी कई मत हैं। कहा जाता है कि नालंदा विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी को खिलजी ने इसलिए फूंका क्योंकि यहां का ज्ञान इस्लाम से प्रतिस्पर्धा कर सकता था और



उसे इससे ईर्ष्या थी। हालांकि कई इतिहासकार इसका खंडन करते हैं और उनका मानना है कि बौद्ध धर्म को खत्म करने के लिए उसने ऐसा किया। नालंदा 427 ईस्वी में स्थापित हुआ था और पूरे एशिया में ज्ञान का केंद्र था। ये आवासीय विश्वविद्यालय था, जिसे किले की तरह बनाया गया था। जिस वक्त बख्तियार ने नालंदा के पुस्तकालय में आग लगवाई थी, उस वक्त वहां पर 90 लाख से ज्यादा हस्तलिखित ताड़-पत्र पांडुलिपियां थीं। विश्वविद्यालय का परिसर इतना विशाल था कि यहां लगने वाली आग 3 महीने तक सुलगती रही। इससे पहले भी 5वीं सदी में हूणों और 8वीं सदी में गौड़ राजा के आक्रमण से इसे नुकसान हुआ था, लेकिन किसी ने भी यहां के पुस्तकालय को यूं फूंका नहीं था। बख्तियार खिलजी ने अपने कुकर्म तब भोगे, जब राजा पृथु ने उसे इतनी बुरी तरह से हराया कि उसने फिर कभी कोई और लड़ाई नहीं लड़ी। वो शर्मिंदगी से फिर कभी युद्ध नहीं लड़ सका।

## पाठक पाती

### कानून का बेजा फायदा उठाते लोग

प्रतिद्वंद्विता, बदले की भावना या मुआवजा हड़पने के लिए झुठी रिपोर्ट दर्ज कराना आम बात हो गई है। व्यक्ति अक्सर प्रतिद्वंद्वी को पटखनी देने के लिए भी महिलाओं को आगे करके उनके साथ कथित दुराचार की रिपोर्ट के नाम पर अपने हित साधते आए हैं। ऐसे में कानून का दुरुपयोग तो होना ही है। झूठे मामलों से न केवल निर्दोष व्यक्तियों की प्रतिष्ठा धूमिल होती है, बल्कि वास्तविक पीड़ितों के न्याय की राह भी कठिन हो जाती है। कानून की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए झूठे आरोप लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि पॉक्सो एक्ट जैसे कानून का असली मकसद पुरा हो और वास्तविक पीड़ितों को न्याय मिल सके। पॉक्सो एक्ट नाबालिगों के लैंगिक शोषण की रोकथाम के लिए बना, लेकिन इसके दुरुपयोग के मामले इसके दुरुपयोग की कहानी कहते हैं।

**-अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# राजगढ़ उपखंड अधिकारी ने ली सीएलजी सदस्यों की मीटिंग, कहा : सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं त्यौहार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सिधमुख थाना परिसर में शांति समिति, ग्राम रक्षक सखी सहेली,बैठक में होली पर शांति व कानून व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजगढ़ उपखंड अधिकारी मीनू वर्मा ने की, तहसीलदार कालूराम,थाना प्रभारी पुष्पेंद्र चारण सहित सीएलजी सदस्य भी मौजूद रहे। इस अवसर पर राजगढ़ उपखंड अधिकारी महोदय ने बताया कि धार्मिक सद्भावना के साथ सौहाद्रपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाए, सभी के सहयोग से हम अपने पूर्व व त्यौहारों को मिलजुल कर मनाए और एक-दूसरे की खुशियों में भागीदारी निभाई। उन्होंने बताया कि हाल ही में होली ईद रामनवमी हिंदू नव वर्ष आदि त्यौहार है हम सभी के समन्वित प्रयासों से हम अपने त्यौहार की खुशियों को बढ़ाएं। त्योहारों के दौरान कानून व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्रामीणों पूर्ण सहयोग करें। माहौल खराब करने वाली गतिविधियों की तुरंत सूचना दें। हमारा देश विविधताओं वाला देश है। हम सभी संविधान के नियम तथा अपने मौलिक व नीति कर्तव्य का निर्माण करते हुए हर्षोल्लास से त्योहार मनाए। एक दूसरे धर्म के त्यौहार में सभी लोग उत्साह के साथ भाग ले। हम सभी को इस बात के लिए कोशिश करनी चाहिए कि कोई सामाजिक तत्व इस सोहद्र को कभी बिगाड़ नहीं पाए और आपसी भाईचारे की मिशाल हमेशा काम रखें। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर विभिन्न कार्यक्रम के आयोजक प्रशासन व पुलिस को व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। सफाई व्यवस्था, मार्केट में हो रही चोरी पर विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में सरपंच महावीर प्रसाद जांगिड़, रामकुमार सिहाग, डॉ संजय खुडिया, तांबा खेड़ी सरपंच बलवीर मेहरा, ओमप्रकाश किरोड़ीवाल, राकेश जांगिड़, बाबूलाल राकेश ढाका, लालाराम सोनी, डॉ लालचंद छिम्पा, विक्रम भाटी, कान सिंह राजपूत,भरत सिंह झाझडिया, जयप्रकाश नरसी सिह, जयप्रकाश गालङ;मोती सिंह, ओम सिंह चैनपुरा बड़ा, ग्राम रक्षक , सीएलजी सदस्य, सख्खी सहेली मौजूद रहीं।

### नौ दिवसीय फाग महोत्सव आयोजित

**नोहर।** आपणी होली डफ़ मंडली द्वारा आयोजित किए जा रहे 9 दिवसीय फाग महोत्सव में होली रसिक जमकर लुफ्त उठा रहे है। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय स्टेट बैंक रोड़ पर हवाईं जहाज़ वाली हवेली के पास प्रांगण में किया जा रहा है। इस फाग महोत्सव में राजनैतिक, चिकित्सक, पत्रकार, अधिकारियों समेत अनेक संगठनों के पदाधिकारी और नागरिक राजस्थानी और फाग गीतों पर जमकर ठुमक रहे है। कार्यक्रम में आपणी होली डफ़ मंडली के स्थानीय कलाकारों द्वारा पेश किए जा रहे होली के परमपरागत गीतों और होली धमालों पर लोग जमकर नाच रहे है। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में पीला, घूघरी, मेहंदी, बंगड़ी आदि गीत लोगों का मन मोह रहे है। रविवार को विधायक अमित चाचाण ने भी होली की धमालो पर ठुमके लगाये। आपणी होली डफ़ मंडली द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी आयु वर्ग के लोगों को एक साथ थिरकते देखा जा रहा है। कार्यक्रम में घड़वादे मेरा श्याम सोन गी बंगड़ी, राजा बलि के दरबार सजी मची र होली समेत अनेक धमाले पेश की जा रही है।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



## वॉलीबॉल में बूटियां क्लब एवं कबड्डी में ढाणी लक्ष्मण सिंह क्लब विजेता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र चूरु द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन जिला खेल स्टेडियम में हुआ । विभिन्न ब्लॉक स्तरीय विजेता टीमों ने वॉलीबॉल कबड्डी एथलेटिक्स इत्यादि में भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल का फाइनल मुकाबला चूरू और तारानगर ब्लॉक के बीच हुआ जिसमें चूरू ब्लॉक से बूटियां क्लब की टीम विजेता रही। कबड्डी के फाइनल मुकाबले में ढाणी लक्ष्मण सिंह क्लब की टीम ने राजगढ़ को हराकर विजय प्राप्त की। एथलेटिक्स में 100 मीटर 400 मीटर एवं 1600 मी दौड का आयोजन हुआ जिसमें महिला वर्ग में प्रियंका प्रथम स्थान पर रही वहीं पुरुष वर्ग में संदीप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर में पूनम प्रथम स्थान रही तथा महावीर द्वितीय स्थान पर रहे। 1600 मीटर में किरण प्रथम स्थान पर रही। विजेता टीमों एवं समस्त खिलाड़ियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन एवं समापन में विभिन्न अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में कम से कम एक खेल को अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक मंगल जाखड़, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, प्राचार्य ओम फगेड़िया, शिक्षाविद ओम तवर, विभिन्न कोच एवं पीटीआई मौजूद रहे।

# त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों की खैर नहीं

## विभाग द्वारा तहत लगातार लिए जा रहे खाद्य पदार्थों के नमूने



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** होली के त्यौहार पर आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार विगत 3 मार्च से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 18 नमूने लिए गए। साथ ही 450 किलोग्राम खराब बेसन नष्ट करवाया। टीम ने आज शहर में कार्यवाह करते हुए लाल बाजार स्थित बालाजी घी भंडार, श्याम बाबा मिष्ठान भंडार तथा हलवाई खाना स्थित शुभम साल्ट ट्रेडर्स से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। लिए गए नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा हैं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।साथ ही त्योहारी सीजन के चलते विभाग द्वारा लगातार सघन निरीक्षण और खाद्य पदार्थों के नमूने लेने का कार्य जारी रहेगा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया सीएचसी सैंपऊ मैटरनिटी होम का निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर सचिव रेखा यादव द्वारा सोमवार को सीएचसी सैपऊ स्थित प्रसूति गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा प्रसूति गृह की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसमें अस्पताल के टॉयलेटों में गंदगी पाई गई एवं बाहर पार्किंग भी अव्यवस्थित पाई गई तथा ऑफिस में रजिस्टरों का अवलोकन किया गया एवं सभी आने वाली स्टाफ एवं मरीजों की एंट्री देखी गई। उन्होंने अस्पताल स्टाफ को टॉयलेटों की सफाई, पार्किंग को सही तरह से व्यवस्थित करने, सभी मरीजों की एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रसूति गृह में भर्ती प्रसूताओं से भी चर्चा कर उनके व उनके नवजात शिशुओं को चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं जैसे भोजन, नाश्ता, दूध, नियमित पानी और बिजली व्यवस्था इत्यादि की जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर एमसीएच प्रभारी डॉ. मुकेश मीणा, डॉ. अभिषेक त्यागि, डॉ. रामवीर नर्सिंग ऑफिसर सुशील, लैब टेक्नीशियन मधुवाला सहित सीएचसी का स्टाफ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टेनो राहुल डंडोतिया, वरिष्ठ सहायक जगदीश सिंह जादौन मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



**चूरू।** उप खंड मुख्यालय आडसर बास वार्ड नंबर 32 मे आशीर्वाद बालाजी मंदिर में श्रीडूंगरगढ़ के व्यास पीठ पर विचार मान सनमुखदास जी रामस्नेही जी ने बहुत ही मधुर वाणी मे कथा सुनाई गई। आशीर्वाद बालाजी ट्रस्ट के जगदीश प्रसाद गुरावा ने बताया कि आज कृष्ण जन्म उत्सव पर भागवत कथा में दूर दूर से श्रोताओं ने आकर कथा श्रवण कर आनन्द लिया। जैसे ही कृष्ण जन्म का जन्म हुआ पंडाल खुशियो से भर गया। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की। नंद के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की आदि जयघोष किया गया। श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन एक बजे से साढ़े चार बजे तक आशीर्वाद बालाजी मंदिर में हो रही है। आयोजन कर्ता आशीर्वाद बालाजी सेवा ट्रस्ट के कर्ताओं ने बहुत ही अच्छी व्यवस्था कर रखी है।

# राज्यपाल के प्रस्तावित धौलपुर दौरे को लेकर जिला कलेक्टर ने की अधिकारियों के साथ बैठक




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राज्यपाल राजस्थान श्री हरिभाऊ बागडे मंगलवार 11 मार्च को धौलपुर दौरे पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं पर बैठक लेंगे। माननीय राज्यपाल इस दौरान राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल का भ्रमण करेंगे। माननीय राज्यपाल के दौरे की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को प्रस्तावित दौरे की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को माननीय राज्यपाल की बैठक हेतु प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं करने तथा सेफ हाउस तैयार कराने के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने अतिरिक्त जिला कलक्टर को माननीय राज्यपाल के भ्रमण के दौरान संबंधित विभागों के मध्य समन्वय, संबंधित स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थएं सुनिश्चित करने व समुचित मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी धौलपुर को पुलिस विभाग व अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम स्थलों, सम्पूर्ण भ्रमण मार्ग, सेफ हाउस आदि स्थानों पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं मय एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस के मुस्तैद रखने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश व बीज वितरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांधी ग्राम रामसरा में सावित्रीबाई फुले की 128वीं पुण्य तिथि पर सिविल राइट सोसायटी चूरु के जिला अध्यक्ष, हर खेत खेजड़ी तोरई अभियान के संयोजक एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति ने परिंदे लगाए, किंचन के बीजों का वितरण किया। प्रजापति ने कहा कि सुस्वास्थ्य शैक्षणिक विकास की प्रथम सीढ़ी होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि बच्चे भगवान का रुप है इन्हें किचन गार्डन लगाने व वृक्षारोपण कार्य साथ लेकर जागरूकता पैदा करना है इस समय बैंगन, मिर्च की पौध रोपण का पच्छेती समय है इसके साथ ही तरीया, चुकुन्दर, तरबुज, लोया, काचरा, खरबुजा के बिजारोपण के साथ ही लम्बी ग्वार फली, भिंडी, लट्टू घीया, सिंचित तोरई का समय है। उन्होंने अभियान की शुरुआत अपराजिता के बीज वितरण से की। प्रजापति ने कहा कि अपराजिता के फुलों की औषधिय चाय बनती है न चीनी, चाय, दुध की आवश्यकता होती है और घर में ये बेल शकुन देने वाली शास्त्र अनुसार मानी जाती है। उन्होंने कहा कि हर खेत खेजड़ी तौरई अभियान का लक्ष्य समाज के अन्तिम व्यक्ति के जिवन स्तर ऊंचा उठाने का है, अभियान में बेल दार बारह मासी सब्जियां लगाने की प्रेरणा से हर गांव हर घर को शुद्ध सब्जियों को बढ़ावा दे कर आत्म निर्भर बनाना है। बारह मासी सब्जियां सेमफली, लोबिया चंवला, गील गील तोर ई, बारहमासी बैंगन, घुनरी परवल, बाड़ करेला, पालक, ग्वारफली, सहेजना, कड़ी पत्ता, करुन्दा आदि वर्ष में दो बार फलित होने वाली व वर्ष आठ माह उपलब्ध होने वाली सब्जी अधिकाधिक लगाने की जनजागरण के साथ अभियान की सम्पूर्णता है। अभियान में वैध गोविंद प्रसाद शर्मा, बागवान बुद्धा राम नायक, श्यौचन्द जांगीड़, एल आई सी अभिकर्ता राजेश शर्मा,पुर्व सरपंच लक्ष्मी प्रजापत, परसाराम मेघवाल, गोपीचंद गायकार, चित्रेश प्रजापत सहभागिता निभा रहे हैं।

### विचार गोष्ठी का आयोजन

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर विचार गोष्ठी में चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने कहा विधानसभा में भाजपा विधायक गोपाल शर्मा द्वारा कांग्रेस के सचेतक रफ़ीक खान के लिए की गई टिप्पणी है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन भाजपा अपनी विफलताओं को लेकर इतनी डरी हुई है कि कांग्रेस नेताओं का अपमान करने की कोशिश कर रही है। भाजपा के विधायक ने सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। कांग्रेस पार्टी जनता के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। चौहान ने राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासु देवनानी राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग करते हुवा कहा ऐसे विधायक शर्मा पर सख्त कार्यवाही करनी चाहिए, जब साथी विधायक के बारे में इनकी यह सोच है, तो आमजन के लिए क्या होगी।

# श्याम बाबा की वार्षिक शोभायात्रा संपन्न



**सादुलपुर।** यहां के रामबास मोहल्ले में स्थित श्री श्याम हनुमान मंदिर की वार्षिक शोभा यात्रा का भव्य आयोजन सोमवार को संपन्न हुआ। श्री श्याम उपासक स्व. पंडित रामकिशन अत्री द्वारा 1993 में उक्त शोभायात्रा शुरुआत की गई थी जो हर साल नियमित रूप से निकली जाती है। इस बार पंडित शिवकुमार अत्रि के नेतृत्व में यह धर्मायोजन हुआ। उक्त धर्म शोभायात्रा प्रेरक और उल्लेखनीय रही जो मध्यान्ह पूर्व मंदिर से श्री श्याम बाबा के पूजन के साथ प्रारंभ हुई। शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजारों और मार्गो से होते हुए शाम को वापस मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा में जहां शानदार जीवंत झांकियां थीं वहीं विभिन्न प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत देते हुए कलाकार चल रहे थे।

## न्यूज ब्रीफ

### नगरश्री में फागोत्सव कार्यक्रम में युवाओं के साथ बुजुर्ग भी थिरके



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नगरश्री में फागोत्सव कार्यक्रम हुआ, जिसमें फूलों की होली के साथ बांसुरी की धुन एवं चंग की थाप पर युवा के साथ बुजुर्ग भी बांसुरी लेकर पैरों में घुंघरू बांधकर थिरकने लगे। 93 वर्षीय पेंशनर मोतीलाल सोनी हरिसिंह, शिक्षाविद प्रो. कमल कोठारी, झुंझुनूं एसीबी के एएसपी इस्माइल, नगरश्री सचिव श्याम सुंदर शर्मा, जगदीश शर्मा, सुनील भाऊवाला सहित कलाकार, साहित्यकार, शिक्षाविद् शामिल हुए। आयोजन शाम तक चला।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा मीटिंग संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** आरसीएचओ कार्यालय में जिले में आरबीऐसके कार्यक्रम की समीक्षा मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में जिला मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज शर्मा ने सभी टीमों को अपनी स्क्रीनिंग बढ़ाने व अधिकतम बच्चों का उपचार कराने के निर्देश दिए। आरसीएचओ डॉ. राजेश गुप्ता ने सभी मोबाईल हैल्थ टीमों से परिचय कर भौतिक सत्यापन कर प्रत्येक टीम की समीक्षा कर सभी को अपना कार्य पूर्ण ईमानदारी से करने को प्रेरित किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम को डॉ. गुप्ता ने मानवीय सेवा का कार्य माना। जिसमें गंभीर रोग से पिडित बच्चों का निशुल्क और समय पर उपचार संभव हो पाता है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. विश्वास मथूरिया ने सभी टीमों से प्रतिदिन ओडीके ऐप भरने, पैंडिंग सर्जरी को समय पर करवाने व ओनलाइन रिपोर्ट समय पर करने के निर्देश देते हुए न्यून प्रगति वाली टीमों को समय रहते सुधार की आवश्यकता जताई। बैठक में अतिरिक्त जिला नोडल अधिकारी बिजेन्द्र भाटी, सोशल वर्कर हेमराज कुमावत, डॉ. सुशील हारित व मोबाइल हैल्थ टीम के आयुष चिकित्सक, फार्मासिस्ट व एएनएम आदि ने भाग लिया।

### अग्रसेन नगर में होली धमाल आज से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अग्रसेन नगर में अग्रसेन स्पोर्टस क्लब व प्रभात फेरी टीम के संयुक्त तत्वावधान में होली धमाल का आयोजन किया जायेगा। अग्रसेन समिति के मदन राजपुरोहित व स्पोर्टस क्लब के अध्यक्ष सीताराम खरोड़ ने बताया कि आज 11 मार्च से 13 मार्च तक तीन दिवसीय होली धमाल का कार्यक्रम सामुदायिक भवन प्रताप पार्क के पास रात्री 8 बजे से किया जाएगा। 11 मार्च को जनार्दन आचार्य की ओर से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जाएगा। कार्यक्रम में विकास सोनी, विपिन कस्वा व अभिषेक पाठक ने बताया कि कलाकारों की ओर से होली धमाल का आयोजन किया जाएगा। समापन पर विशेष कलाकार प्रस्तुती देंगे।

### गायों को गुड़ खिलाकर मनाया जन्मदिन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल के नेतृत्व तारानगर के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने दूरभाष से जांगिड़ को जन्म दिवस की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने कस्बे की गोपाल गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर जांगिड़ के उज्जवल भविष्य की कामना की ततपश्चात सैकड़ों कार्यकर्ताओं जांगिड़ के निजनिवास पर केक काटा, रुपयों की माला व गुलदस्ते भेंट कर जन्म दिवस की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ढ़ोल नगाड़ो की थाप पर नाचनाचकर व पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। इस मोके पर अमर सिँह चारण, जमरदीन तेली, कैलाश चाचान, हरी इंदौरिया, नरेश झाझड़िया, शाबीर हुसैन, किशनसिँह, मोहम्मद अयूब पटवा, किशन जांगिड़, मोहम्मद तैयब, राजेंद्र जोइया, विशाल शर्मा, कैलाश चाचान, सुदर्शन सबलानिया, शिव कुमार शर्मा, माणक सैनी, रामावतार सैनी, दिलावर खान, राकेश टाक पंकज जांगिड़, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राजगढ़ में प्राचीन कच्चा जोहड़ में सांड को निकालकर जान बचाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में प्राचीन कच्चा जोहड़ में एक गौवंश सांड के गिरने की सूचना पकार विनोद गौतम ने अधिशाषी अधिकारी को दुरभाष के माध्यम से दी। सुचना मिलने ईओ राकेश अरोड़ा ने तत्काल पालिका की टीम भेजकर सांड को निकाला गया । राजगढ़ में कच्चा जोहड़ा की अधूरी दिवार का निर्माण कार्य छोडने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**राकेश अरोड़ा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका राजगढ़ चूरू**

# मॉडर्न डिफेन्स स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** कॉलेज रोड पर स्थिति मॉडर्न डिफेन्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव साथी हाथ बढ़ाना 2025 का आयोजन किया गया। संस्था निदेशक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि वार्षिकोत्सव में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक परमार मुख्य अतिथि व क्रय विक्रय सहकारी समिति शिवगंज के अध्यक्ष व समाज सेवी राजेंद्र सोलंकी, कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर रवि शर्मा, वेरा जेतपुरा प्रधानाचार्य योगेश वैष्णव एवं सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी. डी. रामावत विशिष्ट अतिथि के रूप मे समारोह मे सम्मिलित हुए। गंगाराम गोयल व भाजपा नेता माणक प्रजापत विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप मे समारोह मे शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का संस्था निदेशक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित, जगजीत सिंह राजपुरोहित व महावीर सिंह ने पुष्पाहार व राजस्थान की आन बान शान साफा पहना कर व बालिकाओं ने कुमकुम तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल की बालिकाओं की सुंदर प्रस्तुति सरस्वती वंदना के साथ किया गया। नर्सरी के बच्चों ने आलू के चालू बेटा पर प्रस्तुति और पंजाबी डांस भागड़ा नेअभिभावकों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। संस्था निदेशक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए गत वर्ष की विद्यालय की उपलब्धि बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं संस्था के बच्चों द्वारा डॉक्टर, सीए, आरजेएस आर. ए. एस.सी. डी. एस.सहित राज्य और देश की विभिन्न सेवा में चयनितों को संस्था एवं माता-पिता का नाम का नाम रोशन किया ।




## प्रतिभाओं को किया सम्मानित

समारोह में मुख्य अतिथि ने 12 वीं, 10 वीं, 8 वीं और 5 वीं बोर्ड मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर बहुमान किया गया। साथ ही स्थानीय परीक्षा में भी सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को भी मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक परमार ने अभिवावको को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था के प्रति और निदेशक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित के सरल स्वभाव व व्यवहार से मेरा पारिवारिक रिश्ता बन गया है द्य यहां मुझे कभी यह नहीं लगता है कि मै यहाँ मुख्य अतिथि बनकर आया हूं। परमार ने विद्यालय की उपलब्धियों पर संस्था निदेशक सहित पूरी टीम को शिक्षा विभाग की तरफ ने शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की।

## राम प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय बना

कार्यक्रम मे केसरी के लाल रामायण के आधार पर राम की प्रस्तुति ने कार्यं म को पूरी तरह भक्ति में बना दिया और राम बने बालक के साथ सभी ने सेल्फिया ली। अंत मे संस्था निदेशक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यं म मे मंच संचालन ऋषभ नागर और प्रफुल बोहरा ने किया। इस मौके पर सहायक निदेशक भानुप्रताप सिंह राजपुरोहित के साथ विभिन्न कार्य्र म तैयार करवाने मे दीपिका व्यास, कुसुम, रुचिका, प्रियंका, तानिया अग्रवाल, प्रकाश डांगी, वर्षा अग्रवाल, याचिका, नीरज कुंवर, प्रीती सेठी, रीटा त्रिवेदी ओर संगीता परमार, नीलम शर्मा व मीनू माथुर का विशेष सहयोग रहा।




## बच्चों को सोशल मीडिया व मोबाइल से दूर रखें

संस्था निदेशक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वर्तमान समय को देखते हुए आप अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखें मोबाइल सोशल मीडिया से दूर रखें साथ ही वर्तमान में बढ़ रही नशा प्रवृत्ति पर भी प्रकाश डालकर सजग रहने की अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### स्मार्ट क्लास रूम के लिए पैंसठ इंच की टीवी भेंट




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**निम्बज।** शाला में स्मार्ट क्लास के लिए पैंसठ इंची टीवी भेंट किया गया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजूनाथ सिद्ध ने बताया की जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय में कार्यक्रम अधिकारी रतिलाल प्रजापत ने सुजान सिंह वड़वज (उपसरपंच ग्राम पंचायत रायपुर) के प्रयासों से स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम बनाने के लिए करीब 1 लाख 50 हजार की लागत का 65 इंच का आईएफपीडी दिलवाया। उन्होंने बताया कि तकनीकी के आधुनिक युग में इन उपकरणों की सार्थकता सिद्ध होगी। वहीं किसान नेता सुजान सिंह वडवज ने बताया कि प्रजापत हर क्षेत्र का ध्यान रखते हैं और विद्यालय में जरूर के हिसाब से समय-समय पर भामाशाहों को भी प्रेरित करते हैं। परियोजना समन्वयक अधिकारी रतिलाल प्रजापत निम्बज का रायपुर उप सरपंच सुजान सिंह वडवज व ग्रमीणों सहित विद्यालय स्टाफ व छात्रों ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर देवीसिंह, मोमता राम, ईश्वरसिंह, रामलाल सालवी, भरत कुमार, सुरेश कुमार व ग्रामीण मौजूद थे।

### घरों में जलापूर्ति नहीं, ग्रामीण परेशान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** कस्बे के महावीर नगर में 15 घरों में जलापूर्ति नहीं होने के चलते उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया कि पिछले एक माह से महावीर नगर के ऊपरी हिस्से वाले 15 घरों में जलदाय विभाग से नलों में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। जिससे पानी की किल्लत होने से घरों में मिनी टैंकरों से पानी डलवा रहे हैं। जलदाय विभाग में भी कई बार संपर्क करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उक्त समस्या के समाधान हेतु नई पाइपलाइन डलवाकर इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या का समाधान करवाकर राहत प्रदान करने की मांग की। इस दौरान केशरसिंह, दक्षा कुंवर, राजेन्दसिहं, मधुमाध पालीवाल, ओमप्रकाश, गोस्वामी, जयन्ति, किशोरकुमार, राजकुमार, जोगाराम सैन सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### टीबी एवं तंबाकू के अंतर संबंध पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में टीबी मुक्त अभियान के तहत् ब्लॉक स्तरीय टीबी एवं तम्बाकू के अंतर सम्बन्ध पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य हेमलता चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय विद्यालय में सम्पन्न हुआ। प्रभारी भंवरलाल हिण्डोनिया ने बताया कि प्रतियोगिता में 3 श्रेष्ठ विद्यार्थी का चयन किया गया जिसमें प्रथम कुमारी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुराना जोगापुरा, द्वितीय धीरज खण्डेलवाल महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवगंज, तृतीय रूपेश कुमार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बड़गांव रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रधानाचार्य गुलाब मीणा, धर्मेन्द्र कुमार गहलोत, छगनलाल, भंवरलाल हिण्डोनिया, कुलदीप सिंह कविराज, सन्दीप कुमार, चमचम कुमारी आदि की भूमिका रही। सर्वश्रेष्ठ चयनित निकिता कुमारी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुराना जोगापुरा ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहने के कारण जिला स्तरीय पर प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेगी।

### विद्यार्थियों ने की नवोदय विद्यालय की विजिट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवली (जावाल) के विद्यार्थियों ने पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय कालंद्री का विजिट किया। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम प्राचार्य श्री पी. सेल्वम ने सुरेन्द्र रामावत, सरिता स्वामी, ममता मीना एवं मंजू खालिया को पुष्प - गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्राचार्य द्वारा नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा, कार्य



प्रणाली को और उपलब्धियां को सविस्तर बताया गया । विद्यार्थियों ने डिजिटल कक्षा, आर्ट रूम, एम आई रूम, कंप्यूटर लैब, बायो लैब, फिजिक्स लैब, मैथ्स लैब, सैमसंग और स्मार्ट क्लास पुस्तकालय, संगीत कक्ष, ओपन मैथ्स लैब, आवासीय सदन भोजनालय कक्ष आदि का विजिट कर विविध जानकारी हासिल की। अमर सिंह द्वारा विद्यार्थियों से फीडबैक लिया गया। धन्यवाद ज्ञापित जगदीश प्रसाद द्वारा किया गया।

# माधव विश्वविद्यालय में होली महोत्सव
## रंगों और सांस्कृतिक उल्लास का अनोखा संगम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के विशेष विद्यालय एवं विशेष शिक्षा विभाग की ओर से सोमवार को होली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने रंगों, संगीत और नृत्य के साथ भारतीय संस्कृति का उत्सव मनाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य, संगीत और होली गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। मंच पर प्रस्तुत फाग गीतों और राजस्थानी लोकनृत्य ने समां बांध दिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए होली के पारंपरिक रंग में डूबी प्रस्तुतियां दीं। जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर ने की, जबकि रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा, डॉ. राजसिंह शेरावत, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश महावर, एकेडमिक विभाग के अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ अवधेश आढा, प्रोग्राम कोडिनेटर घनश्याम कुशवाहा, विशेष शिक्षा विभाग के डॉ अवनीश कुमार मिश्रा, घनश्याम कुशवाहा, नवीनमान, मयंक अवस्थी, श्रेय खटक, पठान टॉपिक, कुमारी ममता, अजय कश्यप एवं विशेष विद्यालय अध्यापक के पवन कुमार, कृष्णवीर, शिव प्रकाश, शशि गुर्जर,






विष्णु कुमार, रविकांत शर्मा, निर्भान सिंह, हितेंद्र सिंह देवड़ा व मीडिया विभाग के प्रमुख अशोक कुमार प्रजापत सहित अनेक संकायों के शिक्षक एवं अधिकारी इस आयोजन में मौजूद रहे । कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और सौहार्द का वातावरण बना रहा। कार्यं म का मंच संचालन डॉ. जपेश्वरी असारसा ने किया। जिन्होंने समस्त गतिविधियों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया। माधव विश्वविद्यालय में आयोजित इस होली महोत्सव ने सांस्कृतिक एकता और पारंपरिक मूल्यों को सशक्त किया।

# दूध डेयरी पर कार्रवाई, मिलावट का अंदेशा, अस्सी किलो घी जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दांतराई।** कस्बे के आमलारी रोड पर स्थित वर्षा दूध डेयरी के नाम से संचालित फर्म पर सोमवार दोपहर को होली पर्व को लेकर चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावटी पर वार अभियान के तहत खाद्य विभाग ने कार्रवाई की। जिसके बाद मिलावटी घी का अंदेशा होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्रवाई करते अनुमानित 80 किलो मिलावटी घी को जब्त किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश प्रजापत, खाद सुरक्षा अधिकारी धर्मवीर, हनुवंतसिंह वर्षा दूध डेरी पर पहुंचे। जहाँ डेयरी में जांच के बाद डेयरी के पीछे बने कमरे में संचालनकर्ता मुकेश विश्नोई के साथ खोलकर देखा तो वहां मुकेश बिश्नोई द्वारा बनाया जा रहा घी रखा हुआ था। जिसके बाद विभाग द्वारा छापेमारी में अलग अलग



केन, स्टील की टंकी, डिब्बा में भरा हुआ घी मिला। जो मिलावटी होने का अंदेशा होने पर विभाग द्वारा सीज किया गया। साथ ही एक एल्युमिनियम के बर्तन में बनाने के लिए रखा कच्चा घी मौके पर मिला। संचालन कर्ता मुकेश बिश्नोई ने 450 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेचने की बात बताई। इसके बाद मौके पर अलग-अलग घी मिलने पर खाद्य विभाग में सैंपल लेने की कार्रवाई शुरू की। घी को सीज करने के बाद विभागीय अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम की पालना करने के निर्देश भी दिए। जिसके बाद सीज किए घी को मार्क कर गोदाम में रखवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में भी इस दूध डेरी पर खाद्य विभाग की कार्रवाई हो चुकी है।

# हर्बल गुलाल बिक्री केन्द्र का किया उदघाटन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्ट्रेट में सोमवार को हर्बल गुलाल ब्रिकी केंद्र का जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की जिला परियोजना प्रबंधक अंबिका राणावत ने बताया कि जिला कलेक्टर की ओर से एक कार्यालय आदेश भी जारी किया गया है जिसमें सभी विभागों से हर्बल गुलाल की मांग मंगवाई गई है। जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि जिले के आदिवासी क्षेत्र की महिलाएं, जो राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) सिरोही के वन-धन विकास केन्द्र निचलागढ़ और बसंतगढ़ के स्वयं सहायता समूहों की सदस्य है, जिसमें प्राकृतिक सामग्री का उपयोग करके विभिन्न रंगों में शुद्ध हर्बल गुलाल का उत्पाद शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य आदिवासी महिलाओं को स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करना है साथ ही आगामी होली त्योहार के लिए पर्यावरण के अनुकूल और रसायन मुक्त रंगों को बढ़ावा देना है। हर्बल गुलाल प्राकृतिक रूप से उपलब्ध फूल और पत्तियों का उपयोग करके तैयार किया जाता है, जो होली के उत्सव के लिए एक सुरक्षित और जैविक विकल्प है। यह उत्पाद विभिन्न रंगों जैसे हरा, पीला और गुलाबी पेकिंग में उपलब्ध है। 100 ग्राम पैक 30 रुपए, 500 ग्राम पैक 150 रुपए और एक किलो के 300 रुपए की दर से आजीविका संवर्धन के लिए विक्रय की जा



रही है। जिसके विक्रय केन्द्र जिला कलेक्ट्रेट, सरजावाव गेट के पास सिरोही, पिंडवाड़ा बस स्टैंड और आबूरोड बस स्टैंड पर रहेंगे। शुभारम्भ के दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद अग्रवाल और राजीविका विभाग के जिला प्रबंधक कार्तिक श्रृंगी, पिंकी कुमारी, सूर्यप्रकाश, नॉन फार्म सांद्रा एस मोहन, लेखा सुपरवाइजर लोकेश कुमार शर्मा, एम आई एस धर्मेन्द्र बैरवा, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक निधि गुसाई, एरिया कोऑर्डिनेटर मुकेश लोधा, वन धन मैनेजर प्रेरणा एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।

# बलवंतगढ़ गांव को पाड़ीव पंचायत से न हटाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** ग्राम पंचायत पुनर्गठन के तहत बलवंतगढ़ गांव को पाड़ीव पंचायत से अलग कर नवसृजित ग्राम पंचायत मंडवाड़ा में जोड़े जाने के प्रस्ताव का बलवंतगढ़ ग्रामवासियों ने कड़ा विरोध किया हैं। इसे लेकर ग्रामीणों ने पंचायत राज मंत्री ओटाराम देवासी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि बलवंतगढ़ को पाड़ीव पंचायत से नहीं हटाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि बलवंतगढ़ लंबे समय से पाड़ीव पंचायत के अंतर्गत रहा है और यहां की भौगोलिक, सामाजिक व प्रशासनिक व्यवस्थाएं इसी पंचायत से जुड़े रहने में अधिक सुचारू रूप से संचालित होती हैं। यदि इसे मंडवाड़ा में जोड़ा जाता है, तो इससे स्थानीय विकास कार्यों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में जटिलताएं बढ़ सकती हैं। बलवंतगढ़ की पाड़ीव पंचायत मुख्यालय से दूरी महज डेढ़ किलोमीटर है, जबकि मंडवाड़ा की दूरी साढ़े तीन किलोमीटर है। राज्य सरकार के नवीनतन सृकूलर बीस प्रतिशत रिलेकसेशन के अनुसार मंडवाड़ा को उड़ से पर्थक पंचायत बनाई जा सकती है. 2011 की जनगणना के अनुसार मंडवाड़ा की जनसंख्या 2572 है. इस हिसाब से बिना बलवंतगढ़ को जोड़े मंडवाड़ा अलग से पंचायत बन सकती है। साथ ही मंडवाड़ा जाते समय मानगढ़ के पास एक नाला पड़ता है, जिसमें बारिश के दिनों में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे आवागमन बाधित हो सकता है। इसके अलावा, नवसृजित पंचायत के कारण बलवंतगढ़ के निवासियों को अपने पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खातों और ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेजों में ग्राम पंचायत का नाम बदलवाने के लिए ई-मित्र केंद्रों पर लंबी कतारों में लगने की परेशानी उठानी पड़ेगी। ग्रामीणों ने इन तमाम बिंदुओं का हवाला देते हुए सरकार से इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की मांग की हैं। ज्ञापन देनेज्ञापन देने ठा. समरवीरसिंह देवड़ा, पूर्व सरपंच भवानीसिंह सिंदल, शैतानसिंह चौहान, पूर्व उपसरपंच लक्ष्मणराम माली, ईश्वरसिंह तंवर,पंचायत समिति सदस्य श्रीमती कमला माली, पूर्व वार्ड पंच शंकर राणा, भानाराम राणा, जयंतीलाल हीरागर, कानाराम मुंगिया, धनाराम रेबारी, भीखाराम रेबारी, कछुआ राम भील, जगाराम रेबारी, नरेंद्र माली, मुकेश माली समेत बलवंतगढ़ के ग्रामवासी मौजूद थे।

# फूलों की होली खेलकर श्रीश्याम सखियों ने गुलाल लगाया

## श्रीश्याम सखी दरबार की पांचवीं निशान यात्रा का आयोजन, बड़ी संख्या में श्रीश्याम भक्त हुए शामिल



**चिड़ावा।** श्रीश्याम सखी दरबार की ओर से इस बार भी फाल्गुन महीने में बाबा श्रीश्याम की निशान पदयात्रा निकाली गई। पांचवीं निशान पदयात्रा से पहले श्रीश्याम छाया हिम्मतरामका निवास में होली उत्सव मनाया गया। श्रीश्याम छाया परिसर को होली के रंग से रंगा गया। जगह-जगह पिचकारी और राधा-कृष्ण की होली खेलते हुए की फोटो आदि लगाकर पूरा माहौल बरसाने की होली जैसा किया गया। इस मौके पर श्रीश्याम सखी दरबार की संयोजिका रेखा संदीप हिम्मतरामका के नेतृत्व में श्रीश्याम सखियों ने होली से जुड़े भजनों की प्रस्तुतियां दी और फूलों की होली खेली। साथ ही नटखट कान्हा और श्रीकृष्ण को होली लगाकर होली उत्सव मनाया। अद्विक गुप्ता को कान्हा बनाया गया जो खूब जच रहा था। होली उत्सव के बाद सभी महिलाएं हाथों में निशान लेकर रवाना हुई। यह निशान यात्रा मैन मार्केट श्रीकल्याण प्रभु के मंदिर पहुंची। जहां पर पूर्व पार्षद व मंदिर महंत अशोक पुजारी ने निशानों की पूजा अर्चना की। इसके बाद यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए पुरानी बस्ती स्थित श्रीश्याम मंदिर पहुंची। जहां पर बाबा श्रीश्याम के जयकारों के साथ सभी ने निशान अर्पित किए। इस दौरान रास्ते में श्याम भक्तों ने डीजे पर जमकर डांस किया। वहीं एक—दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई। इससे पहले निशानों की पूजा अर्चना नरेश शास्त्री सुलताना ने करवाई। इस मौके पर श्रीश्याम सखी दरबार की संयोजिका रेखा संदीप हिम्मतरामका, कुसूम बिलोटिया सूरजगढ़, ऋतु सूरजगढ़िया, नितिका थालौर, रेखा-अनू उदयपुरिया, पूजा गोयल, बबिता ककरानिया, ममता हिम्मतरामका, संगीता, पूजा, सविता, सुमन, रेखा अनिल हिम्मतरामका, खुशबू पारीक, किरण-ख्याति केडिया, कविता, अंजना-दुर्गा पिलानी, सरोज चौधरी, आशा हलवाई, पायल सूरजगढिया, अनिता, अंजू सोनी, अंकिता बाछुका, अनू तंवर, बबिता पंवार, बिंदू भगेरिया, दीपा मोदी, रजनी केडिया, माया जांगिड़, पिंकी गुप्ता, रिता गुप्ता, प्रियंका केडिया, पूनम फतेहपुरिया, सुनिता सर्राफ, नीतू सर्राफ, ममता गुप्ता, सुनिता झुंझुनूंवाला, टीना शर्मा, विनोद गुप्ता, चंदा सोनी, मनीषा सोनी, ज्योति चोटिया, सुमित्रा गुप्ता, मधु शर्मा, कविता सुलतानिया, किरण, मधु बागड़ी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

# जिला सैनी महासभा ने माता सावित्रीबाई फुले की 128वीं पुण्यतिथि मनाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर जिला सैनी महासभा के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सेविका माता सावित्रीबाई फुले की 128वीं पुण्यतिथि आज सोमवार को काशीराम चौहरो के पास स्थित सैनी समाज सभा भवन परिसर में 'प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत प्रधानाध्यापक, पूर्व महामंत्री लक्ष्मण सिंह सेनी ने की। जिला प्रवक्ता जितेंद्र खुराडिया बताया कि विधिवत शुरूआत उपस्थित समाजिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले एवं माता सावित्री बाई फूले के चित्र पर पुष्पांजलि, माल्यापर्ण कर एवं दीप प्रज्ज्वल कर की गई। तत्पश्चाप 21वीं सदी में 'माता सावित्रीबाई फूले' के जीवन आदर्शों की उपयोगिता एवं वर्तमान समय में आवश्यकता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहां कि महापुरूष हम सब के लिये प्रेरणा के स्त्रोत है, सावित्री बाई ने नारी शिक्षा के लिये कार्य किया। आज भारतीय नारी के विकास का श्रेय कहीं ना कहीं सावित्री बाई फूले को जाता है। वह अपने अन्तिम सांस तक पीडित एवं वंचित लोगों की सेवा करती रही। मास्टर लक्ष्मणसिंह सैनी ने कहां कि महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण की प्रबल पैरोकार सावित्री बाई फूले आज वर्तमान युग में सब की प्रेरणा श्रोत है। समाज को भी उनके पद चिन्हों पर चलते हुए कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम के अन्त में माता सावित्री बाई फूले के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सैनी छात्रावास समिति कोषाध्यक्ष रामरतन सैनी, सैनी सामुहिक विवाह समिति उपाध्यक्ष रूपकिशोर सैनी, महामंत्री पदमचन्द सैनी, सैनी महासभा युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष जितेन्द्र खुराडिया, भारत सैनी, इंजि. ललित प्रसाद सैनी, आढतिया रोशनलाल सैनी, कार्यालय मंत्री मन्याराम सैनी, सुबेदार सुरेशचन्द सैनी, ओमप्रकाश सैनी, पंकज सैनी, तेजपाल सैनी, भारतभूषण सैनी, युवा महासचिव महेन्द्र सैनी कोटोरीवाला, मदनलाल सैनी, बिशनदयाल सैनी, ताराचन्द सैनी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### निशान यात्रा में श्याम भक्तों का उमड़ा सैलाब, पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरु।** स्थानीय सत्संग भवन के पास से महनसरिया परिवार द्वारा बाबा श्याम की ज्योत लेकर पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया के सानिध्य में बड़ी संख्या में श्याम भक्त व श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ उमड़ी। निशान यात्रा श्याम भक्त श्याम धाम पर झूमते हुए आनंद उठा रहे थे। निशान यात्रा सत्संग भवन से सेवा समिति मार्ग गढ़ चौराहा, पंचमुखी बालाजी मंदिर से प्रतिभा नगर के श्री श्याम मंदिर पहुंची। निशान यात्रा का जगह पर पुष्प वर्षा कर वी पटाखे से श्याम भक्तों का अभिनंदन किया।

### वाहन स्वामी भार वाहनों का वार्षिक कर 15 मार्च तक जमा कराएं : आरटीओ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि ऐसे समस्त वाहन स्वामी जिनके भार वाहनों (जीवीडब्ल्यू 16500 से अधिक) का वार्षिक कर जमा होता है वे वित्तीय वर्ष 2025-26 का कर 15 मार्च 2025 तक जमा कराएं। उन्होंने बताया कि वाहन स्वामी 13 व 14 मार्च को होलिका अवकाश होने के कारण अंतिम तिथि से पूर्व ही अग्रिम कर जमा करा दें। निर्धारित तिथि पश्चात वाहन का कर जमा करवाने पर पैनल्टी देय होगी एवं चैकिंग कार्यवाही के माध्यम से वाहन जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वाहन स्वामी एमनेस्टी योजनाओं के तहत ई-रवन्ना ओवर लोडिंग चालानों में भारी छूट, नष्ट हो चुके वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र निरस्तीकरण की सुविधा और पुराने बकाया कर पर नई पेनल्टी दरें, खनिज विभाग से प्राप्त ई-रवन्ना के तहत ओवर लोडिंग के मामलों में बनाए चालानों में 95 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठावे। साथ ही वाहन स्वामियों को यह भी सूचित किया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 1 अप्रैल 2019 से पूर्व या बाद में पंजीकृत वाहनों पर थर्ड रजिस्ट्रेशन प्लेट एवं कलर कोडेड स्टीकर 15 मार्च 2025 से पूर्व ही लगवा लें, अन्यथा विभाग द्वारा वाहन से संबंधित समस्त सेवाएं बंद कर दी जाएगी।

### 128वीं पुण्यतिथि पर सावित्रीबाई फुले को नमन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** बगड़ कस्बे के नजदीक अशोक नगर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सामुदायिक भवन में माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं द्वारा सावित्रीबाई फुले की 128वीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी थे। अध्यक्षता माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने की। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्पांजलि से हुआ। प्रधानाध्यापक श्रीराम सैनी ने स्वागत भाषण के साथ सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर विचारगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें प्रमुख वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के योगदान को याद करते हुए उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने अपने उद्बोधन में कहा, 'सावित्रीबाई फुले न केवल देश की पहली महिला शिक्षिका थीं, बल्कि उन्होंने महिलाओं के लिए शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया। उनका योगदान महिलाओं की सामाजिक स्थिति में बदलाव लाने में अतुलनीय है।' साथ ही, उन्होंने फुले दंपति को भारत रत्न से नवाजे जाने की मांग की। कार्यक्रम में माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के पिलानी ब्लॉक संयोजक देवकरण सैनी, अध्यापक दाताराम सैनी, विधि सलाहकार होशियार सिंह सैनी व पूर्व प्रधानाचार्य बिहारीलाल सैनी सहित कई अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने भी अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले को महिला शिक्षा की जननी बताते हुए उनकी नीतियों और संघर्षों को समर्पित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन मीडिया प्रभारी नरेश बगड़ ने किया। इस अवसर पर माली सैनी समाज संस्था के संगठन मंत्री मनोज चांदोलिया, सुभाष मांवडिया, नरेश सैनी, दयाशंकर,धर्मवीर सैनी, राजकुमार सैनी,दलिप सैनी,जयराम सैनी, हंसराज सैनी सहित अनेक ग्रामीणजन मौजूद थे। इस कार्यक्रम ने सावित्रीबाई फुले के योगदान को याद करते हुए महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के महत्व को एक बार फिर से उजागर किया।

### नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान में युवाओं को किया जागरूक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** करनाल भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा के दिशा निर्देश व उत्तम सिंह,आईएएस, उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेड क्रॉस करनाल के कुशल मार्गदर्शन में नशा मुक्ति पे एक सेमिनार आयोजित किया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक के नेतृत्व में हरियाणा रोडवेज पुराने बस स्टैंड की वर्कशॉप में चालक प्रशिक्षण सेंटर में एक नशा मुक्ति पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम डॉ. अशोक कुमार वर्मा, सब इंस्पेक्टर, हरियाणा पुलिस नारकोटिक्स विभाग हरियाणा ने नशे के प्रति जागरूक करते हुए बताया की हमारा युवा नशे की तरफ़ बढ़ रहा हे जो हमारे भविष्य के लिए बड़ा चिंता का विषय हे। डॉ. वर्मा ने बताया की हमारे हरियाणा प्रदेश के युवा खेलों में पूरे विश्व में अपना लोहा मनवा चुके हैं। आप सब भी उनकी तरह हर क्षेत्र अपने प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हो। नशा इंसान को दीमक की तरह अंदर से खोखला कर देता है इसलिए हम सब मिलकर नशे को भगायेंगे देश को बचाएंगे। हरियाणा एनसीबी का टोल फ्री नंबर 9058091580, 1933 और मानस पोर्टल पे भी नशे का कारोबार करने वालों और नशा करने वालों की जानकारी दे सकते हैं। राजपाल चौधरी, सहायक जिला रेडक्रॉस करनाल ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया कैसे नशा हमारे युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है और जिससे हमें शारीरिक, मानसिक और फाइनेंशियल हानि हो रही हे। नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर नारकोटिक्स विभाग की टीम कार्यवाही कर रही हे लेकिन जब तक हमारा युवा वर्ग जागरूक नहीं होगा तब तक हम इस नशे को जड़ से खत्म नहीं कर सकते।

# मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच की बदौलत अब होगा अलवर में पेयजल की समस्या का समाधान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**अलवर।** राजस्थान प्राकृतिक रूप से पानी की कम उपलब्धता वाला प्रदेश रहा है लेकिन अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच एवं कुशल नेतृत्व की बदोलत राजस्थान की तस्वीर बदल रही है। राज्य सरकार द्वारा बजट 2025-26 के तहत शहरी क्षेत्रा के लिए पेयजल को लेकर बड़ी घोषणाएं की है, जिससे प्रदेश की शहरी जनता अब पेयजल के क्षेत्रा में आत्मनिर्भर हो सकेंगी। मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) से शहरी क्षेत्रों में 5 हजार 830 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य करवाये जाएंगे। इसके अतिरिक्त 20 लाख घरों में नल कनेक्शन का लक्ष्य, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा हेतु 425 करोड रुपए एवं 1000 ट्यूबवेल और 1500 हेड पंप लगवाए जाएंगे। इसी कडी में अलवर जिले में बजट 2024-25 एवं 2025-26 में पेयजल योजनाओं के संवर्धन तथा सुदृढीकरण के लिए विभिन्न घोषणाएं की गई हैं जिनमें बजट 2025-26 के तहत राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी) को धरातल पर उतारने का कार्य प्रारम्भ किया गया इससे अलवर सहित आसपास के जिलों को भी पेयजल व सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके तहत अलवर में बीसलपुर बांध से बाणगंगा एवं रूपारेल नदी को चरणबद्ध रूप से जोडे जाने संबंधी कार्यों की डीपीआर तैयार की जाएगी। अलवर शहर की विभिन्न कॉलोनियों में 25 करोड रूपये की लागत से जल प्रदाय सुविधा विकसित करने का कार्य होगा जिससे आमजन को पेयजल संबंधी समस्या का सामना नहीं करना पडेगा। इसी प्रकार बजट 2024-25 के तहत 23.26 करोड रूपये की लागत से सिलीसेढ क्षेत्रा के टयूबवैल व पाईप लाईन के माध्यम से अलवर शहर को पेयजल (अलवर) उपलब्ध करवाया जाएगा। भाखेडा-अलवर एनीकट का निर्माण / मरम्मत एवं जीर्णोद्वार कार्य करवाया जाएगा। 5,374 करोड रूपये की लागत से चम्बल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना - अलवर, भरतपुर, कोटपूतली-बहरोड, खैरथल-तिजारा का कार्य हाथ में लिया जावेगा। 40 करोड की लागत से नटनी का बारां वियर से जससमंद बांध-अलवर तक निर्मित नहर का उन्नयन किया जाएगा। लगभग 9 हजार 700 करोड रूपये की लागत से डूंगरी बांध से अलवर रिजर्ववायर का निर्माण करवाया जाएगा। 30 करोड रूपये की लागत से भद्रावती नदी-करौली की तर्ज पर रूपारेल-अलवर आदि नदियों को रिज्यूवनेट करने संबंधी कार्य की डीपीआर तैयार की जाएगी।

# श्याम बाबा के जयकारों से माहौल भक्तिमय

## एकादशी को धूमधाम से निकली श्याम निशानयात्रा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** शहर में चल रहे अष्टम श्याम फाल्गुन महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार एकादशी को भव्य निशान यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हजारों की संख्या में श्याम भक्तों ने हाथों में निशान लेकर पूरे भक्तिभाव के साथ यात्रा में भाग लिया। सुबह सवा 9 बजे चारभुजा मंदिर से यात्रा का शुभारंभ हुआ। पलटन गेट, गोल प्याऊ, सेवा समिति की गली, न्यू कॉलोनी और स्टेशन रोड से होते हुए भक्तजन बाबा श्याम के मंदिर तक पहुंचे। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और श्याम बाबा के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। बाबा के दरबार में पहुंचते ही भक्तों ने निशान अर्पित किए और श्रद्धा भाव से शीश नवाया। भक्ति संगीत की गूंज के बीच महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महोत्सव के तहत सोमवार रात सवा 8 बजे गौशाला स्थित श्याम मंदिर परिसर में श्याम कीर्तन होगा, जिसमें प्रसिद्ध गायिका आरती बुगालिया भजन संध्या की प्रस्तुति देंगी। मंगलवार सुबह सवा 10 बजे महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें भक्तगण आहुति अर्पित करेंगे। इसके बाद महाप्रसाद भंडारे के साथ महोत्सव का समापन किया जाएगा। तीन दिनों से चल रहे इस भक्ति पर्व में श्रद्धालुओं ने पूरे जोश और आस्था के साथ भाग लिया।

# श्री खाटूश्याम बाबा के वार्षिक मेले में मेडिकल कैम्प का आयोजन



**सीकर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सीकर द्वारा 3 मार्च से लगातार 20 सेवादार, सोसाइटी के सदस्यों द्वारा जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के निर्देशानुसार सेवा दी जा रही है, उपाध्यक्ष एवं एडीपीसी समग्र शिक्षा ने बताया कि सत्य सांई स्कूल ऑफ नर्सिंग, सीकर के स्टूडेंट,मेडिकल टीम सोसाइटी के सदस्यों द्वारा दो पारी में सेवा दी जा रही है । उन्होंने बताया कि खाटू श्याम जी में आने वाले 750 दर्शनार्थियों को ड्रेसिंग की गई है और 2 हजार को टेबलेट वितरण की गई। शिविर संयोजक प्रमोद कुमार शर्मा, श्री श्याम डिस्ट्रीब्यूटर, सीकर के अनुसार पैरों में छाले, दर्द, बुखार, खांसी एवं अन्य फर्स्ट ऐड दी जा रही है। शिविर में सोसाइटी के सचिव सुनील अग्रवाल, सदस्य ज्ञान सिंह चौहान, सुरेश चौधरी, नरेश बगडीया, जितेंद्र शर्मा, सत्य साईं स्कूल ऑफ नर्सिंग के नरेंद्र कुमार, मुकेश धायल, भरत कुमार, हर्षित, मनीष,अजय, श्यामसुंदर, लीलाधर, सचिन, सुनील, रोहिताश सैनी सेवायें दे रहे है।

# घर में घुसकर दोस्त पर चाकू से हमला, इलाज के दौरान मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**कुचामन सिटी।** डीडवाना- कुचामन जिले में सोमवार को एक दोस्त ने अपने साथी पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना जिले के मकराना कस्बे में चमनपुरा मोहल्ला में सुबह करीब 10:30 बजे हुई। मृतक मोहम्मद आरिश उर्फ आसिफ (20) की मां मुमताज ने मकराना थाने में आरोपी कासिम पुत्र निजाम चौधरी निवासी चमनपुरा मोहल्ला, मकराना के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दी है। जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मकराना डीएसपी भवानी सिंह शेखावत ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टीमों का गठन कर आरोपी की तलाश की जा रही है। अगले 48 घंटों में आरोपी पकड़ लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार आरोपी सुबह ही भोपाल से आया था और वारदात करने के बाद मौके से फरार हो गया। घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे की है। आरोपी की तलाश में टीम गठित कर दी गई है। अगले 48 घंटे में उसे पकड़ लेंगे। मृतक की मां मुमताज पत्नी अब्दुल समद रांदड़ की रिपोर्ट के अनुसार- मोहम्मद आरिश उर्फ आसिफ अपने घर पर सो रहा था। करीब सवा से साढ़े 10 बजे कस्बे के चमनपुरा मोहल्ला निवासी कासिम पुत्र निजाम चौधरी घर आया और आसिफ को उठाकर कमरे से बाहर गेट के पास ले गया। यहां दोनों के बीच कहासुनी हुई, फिर आरोपी ने चाकू से 2 से 3 बार बेटे पर हमला कर दिया। इससे आरिश के सीने समेत शरीर पर कई जगह गहरे घाव हो गए। बेटे के चीखने की आवाज सुनकर वह दूसरे कमरे से उसे बचाने आई और बीच-बचाव किया। जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मुमताज लोगों की सहायता से लहूलुहान बेटे को मकराना के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने करीब 30 मिनट तक उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक भवानी सिंह और मकराना थानाधिकारी सुरेश कुमार सोनी घटना स्थल पहुंचे। जहां मौका मुआयना करने सहित आसपास के लोगों से भी घटना की जानकारी ली और सीसीटीवी खंगाले। इस बीच शाम 4 बजे तक मृतक के परिजन आरोपी को पकड़ने के बाद ही पोस्टमॉर्टम की मांग पर अड़े रहे। हालांकि डीएसपी ने आश्वासन दिया कि अगले 48 घंटों के भीतर आरोपी को पकड़ लिया जाएगा, जिसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम किया गया।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**झुंझुनूं।** जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जहां जिले में पेयजल, बिजली आपूर्ति, मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने गर्मी के मौसम और होली के अवसर को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने और संभावित समस्याओं का पूर्वानुमान लगाकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

बैठक में बिजली विभाग के अधिकारियों से बिजली आपूर्ति की स्थिति पर जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के मौसम में बढ़ती मांग को देखते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जिले में मौसमी बीमारियों की स्थिति की जानकारी दी।

**बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा :** बैठक में राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गति लाई जाए और बजट की राशि का समय पर उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

**यह रहे मौजूद :** बैठक में एसीईओ रामनिवास चौधरी, जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता महेंद्र सिंह झाझडिया, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राज्यपाल सिंह, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक घनश्याम गोयल, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल पूनिया, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी, नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनिया, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ सुरेश सुरा, जिला परिवहन अधिकारी डॉ मक्खन लाल जांगिड़, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बृजेंद्र राठौड़ सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सरपंच ने सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** रविवार को राधा बड़ी ग्राम पंचायत के गांव जाटुवास में सरपंच रामनिवास मितड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वच्छता अभियान चलाया इस दौरान सरपंच मितड़ ने बताया की गांवों में कुछ लोग अशिक्षित एवं अज्ञानता के कारण गांवों में सफाई का विशेष ध्यान नहीं रख पाते जिस कारण गांव में हर समय गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है। वहीं सरपंच ने बताया कि राजगढ़ पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया के मार्गदर्शन में तहसील के हर ग्राम पंचायत में सफाई अभियान चल रहा है जो की बहुत ही स्वच्छता के प्रति आमजन को प्रेरित करने वाला कार्य है उन्होंने बताया कि विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया के दिशा निर्देशन में ग्राम पंचायत के गांव जाटुवास में सफाई करने की ठानी जिसमें गांव की गली सडक् एवं बाहर लगे कचरे कूड़े के ढेर को जेसीबी मशीन से उठाकर बाहर डलवाया गया सरपंच ने बताया कि इस दौरान गांव जाटुवास के ग्रामीणों का सफाई अभियान में विशेष योगदान सराहनीय रहा।

# पुत्री ने निभाया पुत्र का फर्ज़

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाली।** पुत्री ने निभाया पुत्र धर्म सोमवार को शीतला माता गली में ललिता कुमावत पत्नी श्री रमेश कुमावत के देहांत होने पर पुत्र नहीं होने की वजह से उनकी दोनों पुत्री गुंजन कुमावत एवं रिद्धि कुमावत ने कंधा देकर एवं श्मशान घाट में मुखाग्नि देकर पुत्र धर्म को निभाया। इस अवसर पर पार्षद भावेश गुर्जर एवं भाजपा नेता भोपाल सिंह गुर्जर ने प्रशंसा करते हुए यह कहा कि आज के जमाने में पुत्र-पुत्री में कोई भेदभाव नहीं है। आज के जमाने की पुत्री भी पुत्र समान ही है इससे पूर्व गुंजन कुमावत एवं रिद्धि कुमावत के पिताजी रमेश कुमावत के देहांत होने पर भी इन्हीं दोनों पुत्री ने इसी तरह से अपना फर्ज निभाया था दादा हीरालाल कुमावत का कहना है कि मेरी पोती गुंजन, रिद्धि मेरे पुत्र के समान ही है। शवयात्रा में कुमावत समाज के साथ-साथ ही फालना शहर के गणमान्य नागरिक भी शरीक होकर सभी ने दोनों पुत्रियों की प्रशंसा करी। इस अवसर पर शोकाकुल परिवार को ढाढस बढ़ाने वालों में जुगलकिशोर, शिवलाल, पुरोषतम, नवल, गणेश, पूरण, किशोर, लवीश कुमावत, समाजसेवी अमित मेहता बीजेपी मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सीदावत व्यापार संघ अध्यक्ष श्याम सिंह जोधा पूर्व अध्यक्ष रामकिशोर गोयल, पूरण जोशी, रतन वर्मा, रतन मीणा, किशोर गुर्जर, जगदीश गुर्जर, अमर सिंह गुर्जर, मांगीलाल टेलर, लेखराज बछेटा, विजय गुर्जर, रामप्रसाद गुर्जर, रमेश माली, देवेंद्र बेरवा आदि लोगों ने शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया।

ओसवाल श्री संघ घाणेराव

# जितेंद्र पुनमिया अध्यक्ष मनोनीत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**घाणेराव।** ओसवाल श्री संघ घाणेराव के चुनावों को लेकर मुंबई में साधारण सभा आयोजित की गई। जिसमें संघ के नए पदाधिकारियों व सदस्यों के तीन वर्ष कार्यकाल को लेकर चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों में भामाशाह जितेन्द्र पुत्र कांतिलाल पुनमिया को अध्यक्ष ओर विनोद कुमार पुत्र जुगराज लोढा सचिव सर्वसम्मति से मनोनीत किया। इससे पूर्व बैठक में ओसवाल श्री संघ घाणेराव के पदाधिकारी व सदस्य सहित जैन समाज के लोग बैठक में पहुंचे। संघ के पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर अपने-अपने सुझाव रखें। गोडवाड़ के भामाशाह एवं पूर्व संघ के अध्यक्ष कनकराज पुत्र सांवतराज लोढा को आजीवन संघ के संरक्षक पद पर मनोनीत किया। इस दौरान बैठक में सदस्यों का भी चयन किया। वहीं बैठक में ओसवाल श्री संघ घाणेराव के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का बहुमान किया।

# सादड़ी में बिजली शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

**सादड़ी।** सादड़ी के सेवटो वेरा क्षेत्र में सोमवार को बिजली के पोल में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर पांच केलूपोस मकान पूरी तरह जल गए। ग्रामीणों की सूझबूझ से बाड़े में बंधे दो दर्जन से अधिक मवेशियों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया। आग इतनी भयंकर थी कि बाड़े में रखा दो ट्रॉली चारा भी जलकर राख हो गया। सादड़ी और बाली नगरपालिका की अग्निशमन टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग में डूंगाराम जगाराम राइका के मकान से कपड़े, खाट, दो बोरी अनाज और छाछ बनाने की मशीन जल गई। अचलाराम भबूतराम राइका का केलूपोस मकान और उसमें रखा सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। चेलाराम चमनाराम राइका का मड़ा बाड़ा और धन्नाराम हकमा का चारा व खाखला भी आग की भेंट चढ़ गया। इसके अलावा आशाराम चमाराम गरासिया और पुनाराम चमाराम गरासिया के मकान भी जलकर राख हो गए। हालांकि किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।




# सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** निकटवर्ती गांव पुनाड़िया के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके लिए विद्यार्थियों को पूर्व में ही विषय आंवटित किया गया था। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सावित्रीबाई फुले द्वारा महिलाओं के लिए किए गए कार्यों को अपने सहपाठीयों के समक्ष रखा। कार्यक्रम प्रभारी धर्मपाल सरेल ने बताया की ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में समाज के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महान देशभक्तों के प्रति समर्पण का भाव पैदा होता है और समाज के लिए स्वयं भी कुछ करने के लिए प्रेरित होते है। कार्यक्रम में धर्मपाल सरेल, विनोद जोशी, अवधेश सिंह गुर्जर, कृष्णपाल सिंह, अरविंद पूरी, दुष्यंत कुमार, कन्या देवी, हंजा देवी, हीरा राम मीणा आदि मौजूद रहे।



# भारत के विमर्श को संपूर्ण विश्व तक पहुंचाना साहित्य का उद्देश्य : मनोज

**पाली।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद राजस्थान क्षेत्र के जोधपुर प्रांत में प्रान्त स्तरीय कहानी प्रतियोगिता पुरस्कार सम्मान समारोह यूथ हॉस्टल रातानाडा में आयोजित हुआ। प्रांत मीडिया प्रमुख पवन पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अखिल भारतीय साहित्य परिषद राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री मनोज कुमार ने साहित्यकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय चिंतन, जीवन-मूल्यों, भावनाओं और संवेदनाओं की वाहक कहानी विधा भारत का पर्याय है। उन्होंने स्वदेशी, सामाजिक समरसता, नागरिक-कर्तव्य, कुटुंब-प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण इन पंच परिवर्तन द्वारा राष्ट्रीय पुनरुत्थान की संकल्पना को प्रस्तुत किया। राजस्थान के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रो.डॉ.अन्नाराम शर्मा ने स्वामी विवेकानंद की एकात्म दृष्टि को भारतीय चिंतन परंपरा का मूल सूत्र बताते हुए लेखकों को एकात्म भाव की अभिव्यक्ति का संदेश दिया। महात्मा गांधी अस्पताल के अधीक्षक वरिष्ठ साहित्यकार डा. फतेहसिंह भाटी ने उद्देश्यहीन और केवल मनोरंजन परक साहित्य लेखन को नकारते हुए उद्देश्यपूर्ण सार्थक रचना को सटीक माना। उनके अनुसार पूर्ण रचना वही मानी जाती है जो समाज के वास्तविक पक्ष को उजागर करे और समाज को सही दिशा दिखाए। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने कहा कि भारतीय पुरातन सनातन परंपरा ने समाज को दिशा दी है। जहां वामपंथी साहित्य ने भारतीय संस्कृति को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया, भारत को अपने मूल से अलग किया, वहीं आज का साहित्य देश को अपने मूल भाव, विचार एवं परंपरा से जोड़ने वाला है। राजस्थानी भाषा के विद्वान प्रो. कल्याण सिंह शेखावत ने आज के साहित्यकारों को साधुवाद देते हुए कहा कि आज का साहित्य सार्थक विषयों पर लिखा जाने वाला युग सापेक्ष और बदलते परिवेश में भारतीय संस्कृति को जीवित रखते हुए घर पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

# पूर्व सांसद मूलचंद डागा की 37वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पाली।** पाली के पूर्व लोकप्रिय सांसद स्वर्गीय मूलचंद डागा की 37वीं पुण्यतिथि सोमवार को पुराना बस स्टेण्ड स्थित डागा सर्किल पर कांग्रेसनों द्वारा डागा की प्रतिमा पर माला अर्पित कर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम संयोजक पुलकित चंडालिया ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व सभापति मांगीलाल गांधी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रवीण कोठारी, महावीरसिंह सुकरलाई, संपतराज भण्डारी, एडवोकेट मुरलीमनोहर बोड़ा, मदनसिंह जागरवाल, प्रकाश मुथा, केतन चंडालिया दिनेश दवे, राजेश बलाई, जीवराज बोराणा, मांगु सिंह दुदावत, नरेन्द्र डागा, आमीन अली रंगरेज, कलीम अख्तर, विजय जोशी, प्रकाश पटेल, गणपत पटेल, मांगीलाल मेघवाल, एडवोकेट अनुराग डागा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. डागा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मंच का संचालन मांगुसिंह दूदावत ने किया। इस अवसर पर सभी कांग्रेसजनों ने कहा कि स्व. डागा सच्चे, नेक और कर्मठ तथा पाली जिले की जनता के हित में अपना पूरा जीवन समर्पण कर छत्तीसी कौम के नेता कहलाते थे। उन्होंने अपने जीवन में प्रत्येक गरीब की सहायता उनकी प्रथम प्राथमिकता थी। पाली की जनता स्व. डागा को कभी नहीं भूल सकती। अंत में केतन चंडालिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# बस पलटने से चालक गंभीर चोटिल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** देसूरी के बागोल-गांधी सड़क मार्ग पर खिंवाड़ा जा रही एक निजी बस बागोल के पास खारा वाली पुलिया से नीचे गिरकर पलट गई। हादसे में बस ड्राइवर नूर मोहम्मद को गंभीर चोटें आई। जानकारी के अनुसार नूर मोहम्मद धनला का रहने वाला है। देसूरी से खिंवाड़ा की ओर बस लेकर जाते समय पुलिया के पास बस का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। हादसे में चालक के सिर में गंभीर चोट लगी। घायल चालक को तुरंत देसूरी अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने जांच में पाया कि सिर में चोट के कारण उन्हें लकवा मार गया है। स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें तत्काल पाली रेफर कर दिया।



रामनवमी शोभायात्रा को लेकर पाली में बैठक

# शोभायात्रा में सर्व हिन्दू समाज जुड़े : जोशी



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त मंत्री परमेश्वर जोशी ने कहा कि रामनवमी शोभायात्रा से सामाजिक समरसता का भाव जगे, हर हिन्दू घर से, हर हिन्दू समाज से, शोभायात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मिलित होकर हम अपनी एकता एवं संगठन शक्ति का परिचय देवे। हिन्दू समाज में पंच परिवर्तन वर्तमान समय की आवश्यकता है जिसमें पहला परिवार के सदस्यों में संस्कार हो, संयुक्त परिवार बढ़े।

दुसरा स्वयं देश हित में कार्य करना और स्वदेशी अपनाओ, तीसरा पर्यावरण को हर हाल में बचाना है इसके लिए पेड़ लगाने है। चौथा सभी आपसी भेदभाव छोड़कर हिन्दुत्व के नाम से एक जाजम पर बैठे। और पांचवां हर व्यक्ति को देश प्रेम की भावना रखनी चाहिए और देश हित में ही कार्य करना चाहिए। इन पंच परिवर्तन को धारण कर हम परिवार समाज और राष्ट्र का हित कर सकते हैं। वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर रविवार को रामदेव रोड चादर वाला बालाजी स्थित अग्रेशन वाटिका में हिन्दू महोत्सव समिति के तत्वावधान में 36 कौम एवं हिन्दू संगठनों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। जिला प्रचार प्रमुख मनीष सैन ने बताया कि मुख्य अतिथि रामनवमी शोभायात्रा अध्यक्ष शांतिलाल सिंघवी, विहिप प्रांत मंत्री परमेश्वर जोशी, बजरंग दल क्षेत्रीय संयोजक किशन प्रजापत, कमल किशोर गोयल, सुनील गुप्ता, घनश्याम प्रजापत, भरत मेहरुता, रंगलाल जाट, द्वारा राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलन कर बैठक का श्री गणेश किया गया जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव रामनवमी को निकलने वाली विराट एवं भव्य शोभायात्रा में हिन्दू समाजों और संगठनों के द्वारा अलग-अलग झांकियां निकालने की रूपरेखा तय कर उसमें 36 कौम एवं समाज संगठनों की भागीदारी तय कि गई। शोभायात्रा में सबसे आगे घोड़े पर बैठकर भगवान राम की ध्वजा लेकर दो घुड़सवार चलेंगे उसके पिछे बैंड, घोष, गैर नृत्य और आर्य वीर दल द्वारा शस्त्र व शक्ति प्रदर्शन आदि शामिल होंगे। बैठक में 36 कौम के हर समाज और संस्था संगठन के प्रतिनिधियों जिसमें 90 समाज संगठनों के लगभग 800 हिन्दुओं ने अपनी सहभागिता निभाई। बजरंग दल राजस्थान के क्षेत्रीय संयोजक किशन प्रजापत ने रामनवमी शोभायात्रा की प्रस्तावना पर अपने विचार रखे। आर्य वीर दल अध्यक्ष दिलीप परिहार एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छह अप्रैल को निकलने वाली रामनवमी शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या की भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। मातृशक्ति की उपस्थिति गर्व करने योग्य थी जिसमें महिला संगठनों ने भी सर्वाधिक संख्या शोभायात्रा में आने का संकल्प लिया। बैठक के पश्चात सकल हिन्दू समाज के लोगों ने साथ बैठकर भोजन करके सामाजिक समरसता एवं हिन्दू एकता का संदेश दिया। रामनवमी शोभायात्रा 2025 का अध्यक्ष शांतिलाल सिंघवी को बनाया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला उपाध्यक्ष रंगलाल जाट के द्वारा पधारे हुए सभी समाज बंधुओं को धन्यवाद अर्पित किया गया। कार्यक्रम में अनिल चौहान, भीमराज चौधरी, आनंद स्वरूप गुप्ता, बाबुलाल कुमावत, रामसुख पायक, प्रवीण सोनी, देवीसिंह, प्रवीण परिहार, श्रवण भिलवारा, महेश वैष्णव, रविन्द्र चौहान, केलाश कुमावत, हरीश सोनी, गौरव शर्मा, दीपक सोनी, हरीश पांडे, दिलीप परिहार, विजयराज आर्य मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की बहने, आर्य समाज की युवा शाखा आर्य वीर दल के सभी पदाधिकारी, सर्व हिन्दू समाजों के प्रमुख समाज बंधु प्रतिनिधि के रूप में मौजूद रहे। मंच संचालन रामसुख पायक व मनीष सेन ने किया।



# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुमेरपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह सोमवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय सुमेरपुर के अधिष्ठाता प्रोफेसर डा. महेश कुमार पूनिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा. हीरालाल ने की। मुख्य अतिथि प्रो. डा. महेश कुमार पूनिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह युवाओं में सामाजिक सेवा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने स्वयंसेवकों को सीखने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। संपूर्ण शिविर के दौरान हुई विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सत्र 2024-25 के सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक के रूप में राहुल वैष्णव को चुना गया। वाद- विवाद प्रतियोगिता में राजवीर सिंह, स्वास्थ्य और योग प्रतियोगिता में कुसुम राठौड़, निबंध लेखन में संगीता, सर्वश्रेष्ठ टीम वर्क पुरस्कार के लिए कृष्णा और हितेश कुमार, युवा प्रेरणा सम्मान के लिए नेहा कुमारी और मोडाराम को सम्मानित किया गया। समापन सत्र के दौरान स्वयंसेवकों ने अपने सात दिवसीय शिविर के अनुभव साझा किए और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी राहुल पलसानिया ने स्वयंसेवकों को समाजसेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और उनके समर्पण की सराहना की। अंत में प्राचार्य डा. हीरालाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।




# ट्रोली चोरी का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**सुमेरपुर।** सदर थाना क्षेत्र के नेतरा गांव में गत दिनों ट्रोली चोरी होने की घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने नेतरा निवासी विपिन सिंह 22 पुत्र हरिसिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ट्रोली जब्त की। पुलिस के अनुसार गत सात मार्च को नेतरा निवासी रामसिंह पुत्र ओटसिंह राजपुरोहित ने रिपोर्ट देकर बताया कि गत सात मार्च को रात्रि करीब 10 बजे मैंने आखरीया चौक नेतरा में ट्रोली को खड़ी कर ट्रेक्टर लेकर घर चला गया। दुसरे दिन सुबह पांच बजे मैं अपना ट्रेक्टर लेकर ट्रोली लेने के लिए पहुंचा तो वहां ट्रोली नहीं थी। मैंने आस-पास तलाश की मगर ट्रोली कहीं पर भी नहीं दिखी जिसे कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गया। पुलिस ने घटनास्थल के आस पास व मुख्य मार्गो के सीसीटीवी कैमरे चैक कर आरोपी विपिन सिंह को गिरफ्तार किया गया।

# अवैध बजरी खनन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पाली।** अवैध खनन करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन अखरोट के तहत जेतपुर थाना पुलिस की ओर से अवैध बजरी खनन करने के खिलाफ अंजाम दिया गया। इस दौरान पुलिस ने नकली नोट भी चालक के साथ बरामद किए। जेतपुर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन अखरोट के तहत नेहड़ा ओरन में बजरी से भर दो डंपर को जप्त करने के साथी चालक कैलाश बिश्नोई और हुकमाराम को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की ओर से एक डंपर की तलाश ली गई तो बनाए गए गुप्त बॉक्स में 500 रुपए के चार नकली नोट बरामद किए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी हुकमाराम को गिरफ्तार किया। आरोपी से नकली नोट लाने के मामले को लेकर अब सदस्य थाना पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# आटा-साटा में बेटी की शादी से इनकार किया तो मर्डर

**पाली।** आटा-साटा में बेटी की शादी से इनकार करना पिता को भारी पड़ गया। नाराज रिश्तेदार ने उसकी हत्या कर दी। मामला पाली जिले के रोहट थाना इलाके का है। घटना 24 जनवरी को हुई। मृतक हापूराम के भाई कालूराम ने रिश्तेदारों के खिलाफ रोहट थाने में मामला दर्ज कराया। रोहट थाने की एसएचओ पाना चौधरी ने बताया- पहले यह मामला मर्ग में दर्ज था। फिर हापूराम के भाई कालूराम ने मर्डर की आशंका जताते हुए पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। मामला दर्ज कर लिया है। जांच शुरू की है। जांच में सब कुछ साफ हो जाएगा।




## हत्या की, मोबाइल-पर्स-एटीएम निकाला

■ कालूराम ने रमेश, हीरालाल, रतनाराम, ओमाराम, कार मालिक गोपाराम पर हत्या का आरोप लगाया। रिपोर्ट में यह भी बताया कि हापूराम का मोबाइल, पर्स, एटीएम भी आरोपी ले गए।

## आटा-साटा में शादी करने का दबाव बनाया

थाना इलाके के मुकनपुरा गांव के कालूराम पुत्र खरताराम ने रिपोर्ट में लिखा- मेरे भाई हापूराम की शादी रामपुरा गांव में रतनाराम के घर में हुई। हापूराम की तीन बेटियां हैं। रतनाराम हापूराम पर दबाव डाल रहा था। कह रहा था कि एक बेटी की शादी आटा-साटा में उसके परिवार के युवक ओमाराम से करने। हापूराम और उसकी बेटियां इस शादी के खिलाफ थे। परिवार ने शादी करने से इनकार कर दिया। तब से रतनाराम, ओमाराम, हीरालाल और रमेश नाराज चल रहे थे।

## शादी में अपने ससुराल गया था हापूराम

■ कालूराम ने बताया- भाई हापूराम 23 जनवरी को अपने ससुराल रामपुरा एक शादी समारोह में गया था। वहां रतनाराम, ओमाराम, हीरालाल और रमेश ने फिर से बेटी की शादी ओमाराम से करने का दबाव बनाया। वहां हापूराम ने शादी से इनकार किया और अपने गांव मुकनपुरा आ गए। अगले दिन 24 जनवरी की शाम छह बजे रामपुरा निवासी रमेश को मुकनपुरा गांव के लोगों ने बाइक पर जाते देखा। डेढ़ घंटे बाद शाम 7.30 बजे कालूराम के पास हीरालाल का फोन आया। कहा- तुम्हारे भाई की बॉडी ला रहे हैं। घर पर ही रहना। कुछ देर बाद हीरालाल और रमेश मेरे भाई को महाराष्ट्र नंबर की कार से लेकर आए। मैं गांव वालों के सहयोग से हापूराम को पहले रोहट और फिर पाली के बांगड़ हॉस्पिटल ले गया। जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


बृहन्मुंबई महानगरपालिका

नं. डीवाय.सीएच.इंजी./एम एंड ई/5152/डब्ल्यू.एस. दि. 07.03.2025

**ई-निविदा सूचना**

महापालिका आयुक्त बृहन्मुंबई महानगर पालिका द्वारा पात्र बोलीदारों से मद दर आधार पर निम्न कार्यों हेतु **प्रतिशत दर आधार** पर ऑनलाइन **ई-निविदाएं** आमंत्रित है। बोली प्रारंभ की दिनांक व समय एवं बोली समापन की दिनांक व समय निविदा सेक्शन अंतर्गत एनआईसी पोर्टल पर साथ ही बीएमसी की विस्तृत निविदा सूचना में वर्णित है।

बृहन्मुंबई महानगर पालिका
ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | सीएच. इंजी. (एम एंड ई) |
| उप विभाग | डीवाय. सीएच. इंजी.(एम एंड ई) डब्ल्यू.एस. |
| बोली क्र. | 2025-एमसीजीएम-1157830-1<br>2025-एमसीजीएम-1158344-1 |
| विषय | 1. एच/ईस्ट वार्ड में टीचर्स कॉलोनी कब्रिस्तान में चिताओं और एपीसी प्रणाली के प्रतिस्थापन और नवीनीकरण के साथ-साथ संबद्ध कार्य।<br>2. बांद्रा फायर स्टेशन पर एलईडी साइनबोर्ड की स्थापना |
| बोली प्रारंभ | दिनांक 11.03.2025 को समय प्रातः 11.00 बजे |
| बोली समापन | दिनांक 17.03.2025 को समय शाम 16.00 बजे |
| पूर्व बोली बैठक | निरंक |
| वेबसाइट | http://portal.www.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी | ई.ई. (एम एंड ई) डब्ल्यू.एस.-।। |
| ए) नाम | श्री पी. सी. अयारे |
| बी) संपर्क नं. (कार्यालय) | 022-29675862 |
| सी) मोबाईल | 9322036428 |
| ई-मेल | aews01me@mcgm.gov.in, aews03me@mcgm.gov.in |

इच्छुक निविदाकार निविदा की अधिक जानकारी हेतु महापालिका वेबसाइट http://portal.www.mcgm.gov.in या एनआईसी पोर्टल http://mahatenders.gov.in देखें। निविदा दस्तावेज डाक/कुरियर द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

हस्ता/-
PRO/2759/ADV/2024-25 कार्य. अभि. (एम. एंड ई.) डब्ल्यू.एस.-।।

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ स्वच्छ धोएं।



# रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट से संन्याय पर तोड़ी चुप्पी

**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने कैरियर को लेकर लगाई जा रही तमाम अटकलों को रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद खारिज करते हुए कहा कि वह अभी वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने नहीं जा रहे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के समय से ही रोहित की कप्तानी और टीम में उनकी जगह को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी उनके करियर के लिए संजीवनी साबित हुई। उन्होंने फाइनल में न्यूजीलैंड पर चार विकेट से मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मैं वनडे प्रारूप से संन्यास नहीं ले रहा हूं। कृपया अफवाहें मत फैलाइए।' भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, 'कोई फ्यूचर प्लान नहीं है। जो हो रहा है, वो चलता जाएगा।' रोहित ने कहा कि पावरप्ले में आक्रामक खेलने का उनका फैसला खास लक्ष्य को ध्यान में रखकर लिया गया था। उन्होंने कहा, 'मैंने आज कुछ अलग नहीं किया। मैं पिछले तीन चार मैचों से ऐसा ही कर रहा था। मुझे पता है कि पावरप्ले में रन बनाना कितना अहम है क्योंकि हमने देखा है कि 10 ओवरों के बाद फील्ड के फैलने और स्पिनरों के आने के बाद रन बनाना मुश्किल होता है।' उन्होंने कहा, 'पिच धीमी थी और रन बनाना और मुश्किल हो गया था। ऐसे में शुरू में ही मौके लेना जरूरी था। मैंने गेंदबाज को चुना जिसके खिलाफ रन बना सकता हूं। ऐसे में कई बार ज्यादा रन नहीं बनते। आज 10 ओवरों के बाद मैंने अपने खेल में थोड़ा बदलाव किया क्योंकि मुझे टिककर खेलना था।' रोहित ने स्वीकार किया कि टीम की जीत में योगदान देना काफी संतोषजनक है। उन्होंने कहा, 'जब आप मैच जीतते हैं और उसमें योगदान देते हैं तो और बेहतर लगता है। मैंने 2019 विश्व कप में भी काफी योगदान दिया लेकिन हम जीत नहीं सके थे तो उसमें मजा नहीं आया। अगर आप थोड़े रन बनाते हैं और जीतते हैं तो ज्यादा खुशी मिलती है।' केएल राहुल को छठे नंबर पर भेजने के फैसले पर भी काफी चर्चा हुई लेकिन रोहित ने कहा कि प्रबंधन को यह देखकर खुशी हो रही है कि वह नयी भूमिका में लगातार रन बना रहा है। उन्होंने कहा, 'हर किसी का योगदान जरूरी है। केएल राहुल का बल्लेबाजी क्रम तय करते समय हमने इस पर बात की थी कि वह दबाव का बखूबी सामना करता है। हम वह शांत रवैया मध्यक्रम में चाहते थे और अक्षर का भी इस्तेमाल मध्यक्रम में करना था।' उन्होंने कहा, 'केएल इतने साल से टीम के लिये कई चुनौतीपूर्ण काम कर रहा है। उसने सेमीफाइनल में और फाइनल दोनों में अहम भूमिका निभाई। उसने भले ही 70-80 रन नहीं बनाए हों लेकिन उसके 30-40 रन काफी अहम थे। उसके रहते हमें पता था कि वह खुद तो शांत रहता ही है और वह ठहराव ड्रेसिंग रूम में भी लाता है।' रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी में मिली जीत देश को समर्पित करते हुए कहा, 'यह जीत पूरे देश के लिए है क्योंकि मुझे पता है कि देश हमारे साथ है। जब आप किसी टूर्नामेंट का फाइनल जीतते हैं, खासकर भारत में तो हमें पता है कि जहां भी हम खेलें, हमे पूरा समर्थन मिलता है।'

# हॉकी इंडिया ने वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि का ऐलान किया

**दुबई।** हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को यहां आयोजित किया जाएगा जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा। यह सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा।

युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे।



## हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2024 के लिए नामांकन इस प्रकार :

- वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कारः बिचू देवी खारीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता।
- वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कारः संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता।
- वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कारः जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, सुमित।
- वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कारः लालरेम्सियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर।
- वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार (21 वर्ष से कम): ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनेलिता टोप्पो।
- वर्ष के उभरते हुए पुरुष खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार (21 वर्ष से कम) : अर्शदीप सिंह, आमिर अली, शारदानंद तिवारी, अराइजीत सिंह हुंदल।
- वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कारः सविता पुनिया, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, नवनीत कौर।
- वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कारः अभिषेक, हार्दिक सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

# अगर आप मैदान नहीं छोड़ते, तो आपके पास मौका होता है: हार्दिक

**दुबई।** हार्दिक पांड्या को जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में चैंपियंस ट्रॉफी में नई गेंद से गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी और इस ऑलराउंडर ने कहा कि उनकी संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं ने उन्हें नई भूमिका में ढलने में मदद की। हालांकि टूर्नामेंट में पांड्या पर अधिक भार नहीं रहा क्योंकि भारत ने मुख्य रूप से चार स्पिनरों के साथ गेंदबाजी की। पांड्या ने पांच मैच में सिर्फ 24.3 ओवर गेंदबाजी की और चार विकेट लिए। पांड्य ने भारत की खिताबी जीत के बाद मिक्स्ड जोन में कहा, 'गेंदबाजी अपना काम खुद करती है। यह साल सीखने और चुनौतियों से भरा रहा। मेरी मानसिकता ने मुझे कभी चुनौतियों से भागना नहीं सिखाया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर चुनौतियां कठिन हैं तो इसका डटकर सामना करो। अगर आप मैदान नहीं छोड़ते हैं, तो आपके पास मौका होता है।' पांड्या ने कहा कि वह बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा खुद पर भरोसा रहा है कि मैं यह कर सकता हूं। और साथ ही पर्दे के पीछे की गई कड़ी मेहनत रंग लाती है। मेरा हमेशा मानना है कि आप जिस तरह से तैयारी करते हैं, आप उसे खेल में भी दिखा पाएंगे।' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जीत ने पांड्या को 2017 के टूर्नामेंट में पाकिस्तान से भारत की हार की कड़वी यादों को मिटाने में भी मदद की जिसका वह भी हिस्सा थे। पांड्या ने कहा, 'मैं कह सकता हूं कि आज एक अधूरा सपना पूरा हो गया। लेकिन आठ साल बहुत लंबा समय होता है। आठ साल में जीवन में बहुत कुछ हुआ।



# यूपी वॉरियर्स ने डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी का खेल किया खराब

▶▶ स्मृति की टीम प्लेऑफ से बाहर

**लखनऊ।** महिला प्रीमियर लीग 2025 के 18वें मैच में यूपी वारियर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 12 रन से हरा दिया। मैच में यूपी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 225 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में आरसीबी ने भी यूपी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन वह 19.3 ओवर में 213 रन बनाकर सिमट गई। इस हार के साथ ही पिछले सीजन की चैंपियन आरसीबी की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। इसके साथ ही गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस की टीम प्लेऑफ में पहुंच गई। आरसीबी के पास एक लीग मैच और बचा है, लेकिन वह अब सिर्फ औपचारिकता रह गई गई। आरसीबी इस सीजन मे सात मैच में सिर्फ दो में ही जीत हासिल कर सकी। । टीम ने सिर्फ 29 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवा दिया। मध्यक्रम में आरसीबी के लिए ऋचा घोष ने 25 गेंद में फिफ्टी पूरी कर मैच में रोमांच भर दिया था, लेकिन बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में वह अपना विकेट गंवा दी।



## आरसीबी-यूपी के मैच में बने कई बड़े रिकॉर्ड

महिला प्रीमियर लीग 2025 के इस मुकाबले में कई बड़े रिकॉर्ड बने। इस मैच में यूपी ने जॉर्जिया वोल की 99 रनों की दमदार पारी से 226 रन का स्कोर खड़ा किया। डब्ल्यूपीएल के इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने भी 213 रन बनाए। दोनों टीमों को मिलाकर 439 रन बने। इस लीग के इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा कंबाइंड टोटल है। वहीं आरसीबी के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए स्नेह राणा ने एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

# पीसीबी अधिकारियों की चैंपियंस ट्रॉफी पुरस्कार समारोह में गैर मौजूदगी

**कराची।** चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के रविवार को दुबई में संपन्न पुरस्कार वितरण समारोह में मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा मंच पर नहीं बुलाए जाने के कारण विवाद पैदा हो गया। एक सूत्र ने कहा कि पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमैर अहमद मैदान में मौजूद थे लेकिन उन्हें समारोह में नहीं बुलाया गया।



वह टूर्नामेंट के निदेशक भी हैं। सूत्र ने कहा, 'पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी दुबई नहीं जा सके क्योंकि बतौर गृहमंत्री उनकी कुछ मसरूफियत थी लेकिन पीसीबी के सीईओ को फाइनल और पुरस्कार वितरण में पाकिस्तान की नुमाइंदगी करने भेजा गया था।' उन्होंने कहा कि किसी कारण से या गलतफहमी की वजह से उन्हें मंच पर नहीं बुलाया गया जहां से आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव देवजीत सैकिया ने पदक, ट्रॉफी और खिलाड़ियों को जैकेट दिए। मेजबान पाकिस्तान का कोई प्रतिनिधि मंच पर नहीं था। पीसीबी यह मसला आईसीसी के समक्ष उठा सकता है।

## म नो रं ज न

# दीपिका ने बताई बेटी दुआ को लेकर सबसे बड़ी चिंता




बॉलीवुड सुपरस्टार दीपिका पादुकोण ने हाल ही अपनी मां बनने की जर्नी साझा की और बताया कि उनकी अपनी बेटी को लेकर सबसे बड़ी फिक्र क्या है। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने कई साल तक रिलेशनशिप में रहने के बाद साल 2018 में शादी कर ली थी। एक्ट्रेस ने पिछले साल एक बेटी को जन्म दिया जिसका नाम उन्होंने 'दुआ' रखा। प्रोफेशनल फ्रंट पर काफी सक्सेसफुल रहीं दीपिका पादुकोण के लिए बात जब बेटी दुआ की आती है तो उनकी प्राथमिकताएं पूरी तरह बदल जाती हैं। दीपिका पादुकोण ने बताया कि कैसे उनके दिमाग में उनकी बेटी को लेकर ही चीजें चलती रहती हैं और अभी उनकी सबसे बड़ी फिक्र यही है कि उनकी बेटी कब खाना उगलना बंद करेगी। दीपिका ने बताया कि वह गूगल पर ऐसी चीजें ही सर्च करती हैं या फिर उसके लार गिराने से जुड़ा हुआ ही कुछ। एक्ट्रेस ने कहा कि ये वही सब चीजें हैं जो हर मां के दिमाग में रहती ही हैं। पर्सनल चीजों के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने बताया कि जेहनी सुकून उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता रहती है। दीपिका पादुकोण ने कहा, "मेंटल इलनेस (मानसिक रोग) से ग्रसित रह चुकने के चलते मेरे लिए मानसिक सुकून हमेशा लक्ष्य होता है।

# बीआर चोपड़ा ने गोविंदा की मां को कहा था पागल



बीआर चोपड़ा की महाभारत का हिस्सा बने तमाम एक्टर्स का करियर बन गया। सीरियल में छोटा किरदार करने वाले एक्टर्स को भी अलग पहचान मिली और उनके करियर को तगड़ा बूस्ट मिला। बीआर चोपड़ा ने गोविंदा को महाभारत में अभिमन्यु का रोल ऑफर किया था। लेकिन जब उन्होंने यह किरदार करने से मना कर दिया तो वह इतना भड़क गए कि एक्टर को अपने दफ्तर से बाहर फिंकवा दिया था। महाभारत में भीष्म पितामह का किरदार निभा चुके एक्टर मुकेश खन्ना के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान गोविंदा ने बताया कि कैसे वह अक्सर ही बीआर चोपड़ा और उनके बेटे रवि चोपड़ा के दफ्तर जाया करते थे। गोविंदा ने बताया, "मैं उनके घर में जाकर काम वाम करता था। रेनू भाभी मुझे बुला लेती थीं कि चीची बेटा आजा घर पर मेरी तबीयत ठीक नहीं है। तो मैं उनके घर जाकर साफ सफाई करवा देता था। शायद बीआर चोपड़ा को यह बात मालूम नहीं थी, उन्हें नहीं पता था कि मैं उनके घर जाता रहता हूं और आंटी मुझसे बहुत प्यार करती हैं।" फिर गोविंदा ने बताया कि कैसे बीआर चोपड़ा ने उन्हें अभिमन्यु के रोल के लिए चुना था लेकिन उनका मना करना वह बर्दाश्त नहीं कर पाए। एक्टर ने बताया, "मैं उनके ऑफिस पहुंचा और उन्होंने मुझे बताया कि उन्होंने मुझे महाभारत में अभिमन्यु के रोल के लिए चुना है। मैंने उन्हें बताया कि मेरी मम्मी ने मुझसे यह रोल करने के लिए मना किया है। मैं नहीं करूंगा।

# सिकंदर' के होली गीत 'बम बम भोले' की झलक ने मचाया तहलका



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। हालांकि इसकी रिलीज डेट और ट्रेलर का कुछ अता-पता नहीं हैं। मगर इसका टीजर और गाने तहलका मचा रहे हैं, जिससे लोग मूवी की कमाई का अनुमान पहले से ली लगा बैठे हैं। होली के मौके पर इस मूवी का नया सॉन्ग 11 मार्च को आउट होगा, लेकिन उसकी झलक पहले ही फैंस को दिखा दी गई है, जिस पर लोग रिएक्ट कर रहे हैं और तारीफ कर रहे हैं। एआर मुरुगादॉस की डायरेक्टेड मूवी 'सिकंदर' के दूसरे गाने 'बम बम भोले' की शुरुआत जबरदस्त रैप से होती है, जो एक अलग ही जोश भर देता है। रंगों से भरे धमाकेदार सीन और एनर्जी से लबरेज बीट्स इस गाने को होली का परफेक्ट एंथम बना रहे हैं। टीजर ने दर्शकों का एक्साइटमेंट और बढ़ा दिया है, अब सबको इसके फुल वर्जन का बेसब्री से इंतजार है। इसमें शेखस्पीयर, वाई-ऐश और हुसैन (बॉम्बे लोकल) द्वारा लिखा रैप शामिल है। खास बात यह है कि इस रैप में किड रैपर्स भीमराव जोगू, सरफराज शेख और फैजल अंसारी (द धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट) भी नजर आएंगे। गाने में सलमान खान अपने ट्रेडमार्क स्वैग के साथ एंट्री लेते हैं। हर मूव में उनका दबंग अंदाज झलकता है, जो इस होली ट्रैक को और भी यादगार बना देता है। इसे प्रीतम ने कंपोज किया है। साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है। सलमान ने इसे शेयर करते हुए बताया है कि पूरा सॉन्ग 11 मार्च को दोपहर 1:11 बजे रिलीज किया जाएगा। इसे देख एक यूजर ने लिखा, 'बजरंगी भाईजान वाली तबाही होगी थिएटर में ईद पर।' एक ने लिखा, 'सुपरहिट सॉन्ग।' एक ने लिखा, 'ये सॉन्ग बवाल मचा देगा।' एक ने पूछा, 'किस किस को बजरंगी भाईजान वाली फील आ रही है?' एक ने लिखा, 'जिसके गाने अच्छे होते हैं, वो फिल्म बकवास होती है।' सलमान खान की मूवी का पहले गाना 'जोहरा जबीं' आया था, जिसने लोगों को दीवाना बना दिया था। उसमें रश्मिका मंदाना के साथ वह नजर आ रहे थे और मूवी का वह लव सॉन्ग था, जिसमें सबकी नजर एक्टर के कुर्ते पर टिकी थी।

# फिल्म 'मॉम' के सीक्वल में नजर आएंगी खुशी कपूर






दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की आखिरी फिल्म 'मॉम' का सीक्वल बोनी कपूर बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म में श्रीदेवी और बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर नजर आ सकती हैं। इस बात का खुलासा फिल्ममेकर बोनी कपूर ने खुद IIFA 2025 के ग्रीन कार्पेट पर मीडिया से बातचीत के दौरान किया। बातचीत के दौरान बोनी कपूर ने अपनी बेटियों खुशी कपूर और जाह्नवी कपूर की तारीफ की और कहा कि उन्हें उम्मीद हैं कि उनकी दोनों बेटियां अपनी मां की तरह कामयाब होंगी। उन्होंने कहा- मैंने खुशी की 'आर्चीज' से लेकर 'लवयापा' और 'नादानियां' सभी फिल्में देखी हैं। मैं 'नो एंट्री' के बाद खुशी के साथ फिल्म बनाने की योजना बना रहा हूं। यह फिल्म 'मॉम 2' भी हो सकती है। खुशी अपनी मां के नक्शेकदम पर चलने की कोशिश कर रही हैं। बता दें 2017 में रिलीज 'मॉम' श्रीदेवी की अंतिम फिल्म थी। इस फिल्म को बोनी कपूर ने प्रोड्यूस किया था। इस फिल्म में शानदार अभिनय के लिए श्रीदेवी को मर्णोपरांत बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। बोनी कपूर इन दिनों 2005 में रिलीज फिल्म 'नो एंट्री' के सीक्वल का निर्माण कर रहे हैं। इस फिल्म के बारे में बातचीत करते हुए बोनी कपूर ने कहा-नो एंट्री जुलाई-अगस्त में किसी समय आएगी। इसमें बहुत सी अभिनेत्रियां मुख्य भूमिका में हैं। इसलिए मैं अभी कुछ के बारे में बात नहीं कर सकता। वहीं बात करें खुशी कपूर की तो उन्होंने 2023 की फिल्म 'द आर्चीज' से एक्टिंग डेब्यू में किया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस साल उनकी फिल्म 'लवयापा' थिएटर में रिलीज हुई थी, जिसमें आमिर खान के बेटे जुनैद खान उनके साथ दिखाई दिए थे। हाल ही में खुशी कपूर की फिल्म 'नादानियां' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। इस फिल्म में उनके साथ सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान दिखे हैं।

# आमिर ने ठुकराया था सलमान की इस ब्लॉकबस्टर मूवी का ऑफर

बॉलीवुड में मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से फेमस एक्टर आमिर खान इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। आमिर ने बीते दिनों मुंबई में 'आमिर खानः सिनेमा का जादूगर' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट का हिस्सा बने। इस दौरान आमिर ने कई सवालों के जवाब खुलकर दिए। सलमान खान की फिल्म 'बजरंगी भाईजान' को लेकर एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने कहा, 'मैंने 'बजरंगी भाईजान' फिल्म की स्क्रिप्ट सुनी थी और राइटर से कहा कि वो इसमें सलमान खान को कास्ट करें। वो इस रोल के लिए बेहतर होंगे। मुझे मूवी की स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई। लेकिन मेरा रिएक्शन देखकर वो हैरान थे। मैंने कहा कि सलमान के पास जाइए, लेकिन वो उनके पास न जाकर सीधा कबीर खान के पास गए और कबीर, सलमान के पास।' आमिर ने सलमान की मूवी ही नहीं उन्होंने शाहरुख और संजय दत्त की भी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के ऑफर को ठुकराया है।



गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने पर आभार सभा

# आमजन प्रतिदिन करें गौसेवा : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ ही गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित होकर काम कर रहे है। हाल ही में पेश राज्य बजट में गौमाता और पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रदेश भर में संचालित गौशालाओं तथा नंदीशालाओं के लिए प्रति पशु अनुदान राशि को इस वर्ष 15 प्रतिशत बढ़ाकर 50 रुपए प्रतिदिन करने का फैसला किया गया है। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने निवास पर गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने पर आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की थी, जिसमें गौवंश हेतु शेड, खेली निर्माण तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। आगामी वित्त वर्ष में भी ढाई लाख गोपालक परिवारों को योजना का लाभ मिलेगा। गोपाल क्रेडिट कार्ड को जरूरी सभी दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी माफ करने और योजना के प्रावधानों को सरल बनाने का भी बजट में प्रावधान किया गया है।



▶▶ गाय की महिमा को समझकर पशुपालकों के हित में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

### विकास भी, विरासत भी

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश में विकास भी हो रहा है और देश की विरासत भी समृद्ध हो रही है। राजस्थान का प्रवासी देश-दुनिया में अपनी मिट्टी से जुड़ा हुआ है तथा प्रवासियों ने हर जगह गौशालाएं बनाई है।

### पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन गौ-संरक्षण के लिए दूरदर्शिता से काम कर रही है। 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' का दायरा बढ़ाकर आगामी वित्त वर्ष में प्रत्येक श्रेणी में बीमित पशुओं की संख्या दोगुनी की जाएगी।

### हमारी संस्कृति में गाय की महिमा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में गाय की महिमा अपरंपार है। हमारे शास्त्रों में गंगा, गोमती, गीता और गोविंद की भांति गाय भी अत्यंत पवित्र मानी गई है और गौ-माता की सेवा से सभी देवी-देवताओं के पूजन का फल मिल जाता है।



### सीएम ने लिया संतों-महंतों का आशीर्वाद

इससे पहले मुख्यमंत्री ने गौ-पूजा की तथा पांडाल में आए संत-महंतों से आशीर्वाद लिया। संतों ने मुख्यमंत्री को दुपट्टा ओढ़ाकर बजट में गौसेवा के लिए की गई घोषणाओं पर आभार प्रकट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उल्लासपूर्वक फाल्गुन के महीने में सभी के साथ फूलों की होली खेली, चंग बजाकर होली के गीत गाएं तथा सभी को होली की बधाइयां दी। इस अवसर पर राजस्थान गौसेवा समिति के अध्यक्ष महंत दिनेश गिरी जी महाराज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुनाथ भारती महाराज, प्रदेश महामंत्री रघुनाथसिंह राजपुरोहित, श्रीपतिधाम सिरोही से गोविंद वल्लभ सहित बड़ी संख्या में गौ-भक्त उपस्थित रहे।

महाराष्ट्र : बजट में ऐलान

# आगरा में बनेगा छत्रपति शिवाजी महाराज का स्मारक

**मुंबई।** पूरे देश में मुगल नाम के शब्द पर सर्जिकल स्ट्राइक हो रही है। एनसीआरटी की किताबों से मुगलों का लगभग नामोनिशान मिटाने की बातों के बीच महाराष्ट्र सरकार ने अपने बजट सत्र के दौरान आगरा में शिवाजी महाराज के नाम का भव्य स्मारक बनाने का ऐलान कर दिया है। ये नवीन स्मारक आगरा में उसी जगह बनेगा, जहां पर औरंगजेब ने छत्रपति शिवाजी महाराज को कारागार में रखा था। अब वहां ताजमहल से भी भव्य स्मारक बनाने का ऐलान महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने किया है।

ताजमहल को भूल जाएंगे पर्यटक



### गौरवशाली इतिहास की प्रेरणादायी घटना : पवार



महाराष्ट्र सरकार ने आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज का एक भव्य स्मारक बनाने का फैसला किया है। मुगलों से आगरा की मुक्ति शिवाजी महाराज की गौरवशाली इतिहास की एक प्रेरणादायक घटना है। वित्त मंत्री अजित पवार ने बताया कि, स्मारक बनवाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के सहयोग से जगह उपलब्ध कराई जाएगी।

### मीना बाजार का करेंगे अधिग्रहण : फडणवीस



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ऐलान किया था कि राज्य सरकार आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज का स्मारक बनाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने बताया था कि इस संबंध में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करेंगे और राज्य सरकार मीना बाजार नामक स्थान पर स्मारक बनाने के लिए भूमि का अधिग्रहण करेगी। सीएम फडणवीस ने कहा था, 'आगरा कोठी (जिसे मीना बाजार के नाम से जाना जाता है) में भव्य स्मारक बनाया जाएगा, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज को बंदी बनाकर रखा गया था। इसके लिए महाराष्ट्र की सरकार भूमि का अधिग्रहण करेगी।

# डमी उम्मीदवार बिठाने वालों की जमानत याचिका खारिज



- भर्ती परीक्षा में की थी गड़बड़ी
- सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भर्ती परीक्षा में डमी उम्मीदवार बिठाने वाले दो आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ऐसे आरोपियों को जमानत देने से लोगों का प्रशासन और कार्यपालिका पर विश्वास कम हो सकता है। यह अपराध लोगों के मन में दरार डाल सकता है। जस्टिस संजय करोल और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। पीठ ने कहा कि हम जानते हैं कि एक बार जमानत दिए जाने के बाद उसे सामान्य रूप से खारिज नहीं किया जाता है। हम इसका समर्थन भी करते हैं। लेकिन इस मामले में हमने जमानत को इसलिए खारिज किया है, क्योंकि आरोपियों के कृत्यों का समग्र प्रभाव समाज पर पड़ेगा। पीठ ने कहा कि हम जानते हैं कि देश में उपलब्ध नौकरियों की तुलना में सरकारी नौकरी लेने वालों की संख्या कहीं अधिक है। शीर्ष अदालत ने सात मार्च के अपने आदेश में आरोपी को दो सप्ताह में संबंधित अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक नौकरी के लिए निर्धारित प्रवेश परीक्षा या साक्षात्कार प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है। प्रक्रिया में पूरी ईमानदारी बरती जा रही है, जिससे लोगों में इस बात का विश्वास और भी बढ़ गया है।

### शुचिता से समझौता नहीं

कोर्ट ने कहा कि आरोपियों ने अपने फायदे के लिए परीक्षा की शुचिता से समझौता करने की कोशिश की। निचली अदालत ने भी कहा है कि आरोपी जमानत के हकदार नहीं हैं। यह भी सच है कि हर व्यक्ति के निर्दोष होने की धारणा तब तक उसके पक्ष में काम करती है जब तक कि उन पर लगाया गया अपराध उचित संदेह से परे साबित न हो जाए। आरोपियों को मुकदमे का सामना करना चाहिए ताकि कानून यह तय कर सके कि वे निर्दोष थे।

# गुजरात: तांत्रिक ने बच्ची की बलि दी

▶▶ घर के मंदिर में चढ़ाए खून के छींटे



**छोटा उदयपुर।** गुजरात के छोटा उदयपुर जिले के बोडेली तहसील के पानेज गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। अंधविश्वास में डूबे एक तांत्रिक ने पांच साल की मासूम बच्ची की बेरहमी से हत्या कर उसकी बलि चढ़ा दी। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि तांत्रिक लालू हिम्मत तड़वी ने बच्ची को उस समय उठाया, जब वह घर के आंगन में खेल रही थी। वह उसे अपने घर ले गया और वहां बने एक मंदिर के सामने तांत्रिक क्रिया शुरू कर दी। इसके बाद उसने कुल्हाड़ी से बच्ची की गर्दन पर वार कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। इतना ही नहीं, हत्या के बाद आरोपी ने बच्ची के खून के छींटे अपने घर में बने मंदिर में चढ़ाए। गौरतलब है कि छोटा उदयपुर आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां अब भी अंधविश्वास से जुड़ी घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस घटना के बाद से गांव में डर का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।

### गांव वालों ने रंगे हाथों पकड़ा

- हत्या के बाद तांत्रिक लालू ने बच्ची के छोटे भाई को भी उठाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने उसे देख लिया और पकड़ लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि घटना के समय बच्ची की मां कपड़े धोने गई थी। उसी दौरान तांत्रिक बच्ची को उठाकर अपने घर ले गया।

# झारखंड : दम घुटने से पांच की मौत

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले में पटाखे की दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन नाबालिग भी शामिल हैं। घटना रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना बजार की है। यहां एक दुकान में अचानक लगी आग में झुलसने और दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई। सभी को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों में दुकान संचालक कुश कुमार(46),भंडरिया थाना क्षेत्र के नवका गांव निवासी अजित केशरी (32), नमन केशरी (8), गोदरमाना बजार निवासी भोला केशरी(7) और रंका थाना क्षेत्र के बूढ़ाप्रास गांव निवासी सुशीला केरकेटा (14) शामिल हैं।

- गढ़वा जिले में पटाखा दुकान में लगी आग

# हिंदू की दुकानों से ही खरीदें मीट : नितेश राणे



**मुंबई।** भाजपा नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने सोमवार को हलाल और झटका मांस का मुद्दा उठाया है। साथ ही उन्होंने हिंदुओं से अपील की है कि वे केवल हिंदू की ही दुकानों से मीट खरीदें, क्योंकि उन्हें वहां मिलावट नहीं मिलेगी। नितेश राणे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आज हमने महाराष्ट्र में हिंदू समुदाय के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस अवसर पर मल्हार सर्टिफिकेशन डॉट कॉम का शुभारंभ किया गया। मल्हार प्रमाणीकरण के माध्यम से, हमें अपनी मटन दुकानें खोलने की सुविधा मिलेगी, जो 100 प्रतिशत हिंदू बहुल होंगी और उन्हें बेचने वाला व्यक्ति भी हिंदू होगा। मांस (मीट) में कहीं भी कोई मिलावट नहीं पाई जाएगी। इस अवसर पर मैं आपसे अपील करता हूं कि जितना संभव हो सके मल्हार प्रमाणीकरण का उपयोग करें और वास्तव में उन जगहों से मटन न खरीदें जहां मल्हार प्रमाणीकरण उपलब्ध नहीं है।

# जहां मंदिरों के अवशेष मिलेंगे हिंदुओं को मिले वो स्थान : शंकराचार्य



**संभल।** द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा है कि हिंदुओं ने किसी मस्जिद पर कब्जा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां मंदिर के अवशेष मिलेंगे वो स्थान हिंदुओं का है, हमें मिलना चाहिए। द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा है कि हिंदुओं ने किसी मस्जिद पर कब्जा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां मंदिर के अवशेष मिलेंगे वो स्थान हिंदुओं का है, हमें मिलना चाहिए। झगड़े की जगह नहीं है। शंकराचार्य ने कहा कि यदि हिंदुओं ने किसी मस्जिद पर कब्जा किया है तो हम उसे छोड़ने को तैयार हैं। पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज ने रविवार को जमशेदपुर के पास पारलीपोस स्थित विश्व कल्याण आश्रम में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संभल, ज्ञानव्यापी समेत मस्जिदों में मंदिरों व हिंदू देवी-देवताओं के साक्ष्य मिले हैं। ये कानूनन व पुरातत्व विभाग द्वारा जांच में सामने आएं हैं। जहां-जहां मस्जिदों में जांच की जा रही है, वहां खुद ब खुद अवशेष मिल रहे हैं। शंकराचार्य ने कहा कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महाकुंभ में उत्तर प्रदेश सरकार ने बेहतर व्यवस्था की।

असम सरकार का बजट पेश

# असम सरकार तैयार करेगी खुद का सैटेलाइट



### 1.43 लाख से अधिक करदाताओं को लाभ

प्रोफेशनल टैक्स में छूट के कारण 1.43 लाख से अधिक करदाताओं को लाभ होगा।मध्यमवर्गीय परिवारों को सहायता देने बजट में असम व्यवसाय एवं रोजगार कराधान अधिनियम- 1947 के तहत 15,000 रुपए प्रति माह तक कमाने वालों को प्रोफेशनल टैक्स में छूट का प्रस्ताव है।

### चाय बागान के मजदूरों के हित में बड़ी घोषणा

बजट में चाय बागान के मजदूरों के लिए बड़ी घोषणा की गई है। वित्त मंत्री ने चाय उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों को कम करने के लिए हरी चाय की पत्तियों पर टैक्स छूट को दो और वर्षों के लिए बढ़ाने की घोषणा की।

**दिसपुर।** असम के वित्तमंत्री अजंता नियोग ने सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2.63 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। यह 620.27 करोड़ रुपए के घाटे का बजट है। बजट में राज्य के सभी कामकाजी लोगों के लिए प्रोफेशनल टैक्स में छूट का भी प्रस्ताव है। असम सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सोमवार को अपना बजट पेश किया। बजट में हिमंत बिस्वा सरमा सरकार ने किसानों और गरीबों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने लोगों को टैक्स में भी छूट दी है। साथ ही ऐलान किया गया है कि असम खुद का सैटेलाइट तैयार करने की योजना बना रहा है। इसके अलावा असम खुद का OTT प्लेटफॉर्म भी लाएगा।

गैंगरेप एवं लव जिहाद मामला

# भीलवाड़ा बंद में महाआक्रोश रैली



**भीलवाड़ा।** शहर में कैफे कांड और बिजयनगर (ब्यावर) गैंगरेप की घटनाओं के विरोध में संत समाज के आह्वान पर सोमवार को भीलवाड़ा पूरी तरह बंद रहा। इस दौरान प्रमुख बाजारों में महा आक्रोश रैली निकाली गई, जिसमें लव जिहाद की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। झांकी में फ्रीज में रखे लड़की के डमी शव के जरिए समाज को संदेश दिया गया। सुबह से ही शहर के सभी प्रमुख बाजार पूरी तरह बंद रहे। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन और मेडिकल एसोसिएशन ने भी बंद को समर्थन दिया। बड़ी संख्या में बंद समर्थक टोलियों के रूप में सड़कों पर उतरे और दोपहिया वाहनों पर नारेबाजी करते हुए व्यापारियों से दुकानें बंद रखने की अपील की। सुबह दूधाधारी गोपाल मंदिर से महा आक्रोश रैली निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गों बड़ा मंदिर, भीमगंज थाना, गोल प्याऊ चैराहा, स्टेशन चैराहा, मशीनरी मार्केट और आजाद चैक से होते हुए दोपहर 2 बजे बजरंगी चैराहा पहुंची। यहां महा आक्रोश सभा का आयोजन किया गया, जिसमें लव जिहाद, गैंगरेप और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। बंद को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया, वहीं प्रमुख चैराहों और बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद रही। इस महा आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में संत, सामाजिक संगठन और आमजन शामिल हुए, जिससे पूरे शहर में उग्र विरोध का माहौल बना रहा। शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शहर के प्रमुख चैराहों पर फिक्स पॉइंट बनाए गए हैं और अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। इसके अलावा वज्र वाहन, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस को भी अलर्ट पर रखा गया है। बंद को प्रभावी बनाने के लिए शहर में सात प्रमुख पाइंट तय किए गए थे, जहां संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सोफिया स्कूल का तुगलकी फरमान!

# होली खेली तो नहीं देने दी जाएगी परीक्षा




**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर जिले के सोफिया सीनियर सेकंडरी स्कूल हर साल किसी ना किसी मुद्दे को लेकर चर्चा में बना रहता है। वहीं, एक बार फिर से स्कूल ने एक तुगलकी फरमान जारी किया। स्कूल ने स्टूडेंट को होली मनाने और रंग लगाने पर रोक लगाई गई है। सोफिया सीनियर सेकंडरी स्कूल प्रशासन की ओर से अभिभावकों को नोटिस भेजा गया। स्कूल प्रशासन ने नोटिस में कहा कि स्टूडेंट ने रंग लगाया तो परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा। वहीं, इस मामले को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गंभीरता से लिया। मंत्री दिलावर बोले कि हमारी संस्कृति से जुड़े त्योहार पर रोक लगाना गलत है। स्कूल के खिलाफ सीबीएसई को शिकायत भेजी जाएगी। बता दें कि इससे पहले भी साल 2023 में अजमेर के सोफिया सीनियर सेकंडरी स्कूल काफी सुर्खियों रहा था, जहां बच्चों से एक्टिविटी कार्ड के नाम से एक फॉर्म भरने को दिया गया। इसमें उन्हें अपनी कमर और नितम्बों का साइज लिखकर भरना है। वहीं, हिप्स और वेस्ट के साइज के साथ-साथ बच्चों को एक मेडिकल सर्टिफिकेट भी जमा करने के लिए कहा गया था।

# होली पर बदलेगा राजस्थान का मौसम

**जयपुर।** होली के जश्न के दौरान मौसम में बदलाव हो सकता है। राजस्थान में होली की तैयारियां जोरों पर हैं, ऐसे में राज्य के मौसम में थोड़ा बदलाव आने की उम्मीद है, जिससे तापमान में बढ़ोतरी और कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में बादल छा सकते हैं और बूंदाबांदी हो सकती है, जबकि अधिकांश क्षेत्रों में तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी। राजस्थान के कई शहरों में अभी से ही मध्य-गर्मी जैसी स्थिति पैदा हो गई है और कई स्थानों पर तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया है। बढ़ते पारे के स्तर से संकेत मिल रहा है कि होली पर मौसम सामान्य से अधिक गर्म रहेगा और आने वाले दिनों में तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, होली के दौरान बीकानेर, चूरू और नागौर समेत बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी या छिटपुट बारिश हो सकती है।

# भोपाल : प्रदर्शन के बीच कांग्रेस का मंच टूटा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन भोपाल में किसान कांग्रेस विधानसभा का घेराव करने इकट्ठा हुई। रंगमहल चौराहे पर प्रदर्शन के बीच कांग्रेस का मंच टूट गया। जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान समेत 10 से ज्यादा कांग्रेसी घायल हुए हैं। कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह, प्रवक्ता रोशनी यादव सिद्धांता अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में हैं। पूर्व विधायक रवि जोशी और शैलेंद्र पटेल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर में हैं। घटना की थोड़ी देर बाद ही किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता आगे बढ़े। पुलिस ने वाटर कैनन से सभी को रोक लिया। कांग्रेस सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष योगेश यादव ने बताया कि मंच टूटने से लोग उनके ऊपर गिर गए।

प्रदेश उपाध्यक्ष समेत 10 से ज्यादा घायल




वार्षिक फाल्गुनी मुख्य लक्खी मेला

# सवा सौ किलो चांदी के रथ पर निकले खाटू श्याम

**सीकर।** सीकर में बाबा श्याम के 12 दिवसीय वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले के 11वें दिन एकादशी पर रथ यात्रा निकाली गई। बाबा श्याम पहली बार 125 किलो चांदी के रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकले। रथ करीब डेढ़ करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। बाबा श्याम के चांदी के रथ को बीकानेर के नोखा में कारीगरों ने करीब डेढ़ महीने में तैयार किया है। रथयात्रा मंदिर परिसर से शुरू हुई, जो मेला कार्यालय, अस्पताल रोड, कबूतर चौक होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। रथयात्रा के दौरान बाबा श्याम के रथ को खींचने और छूने के लिए पूरे रास्ते श्रद्धालुओं में होड़ लगी रही। इस दौरान श्याम श्रद्धालु बाबा के साथ रंग और गुलाल से होली खेलते रहे।

बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे लाखों श्रद्धालु





### आज सूरजगढ़ का चढ़ेगा निशान

11 मार्च द्वादशी पर बाबा श्याम के नीचे मंदिर में सूरजगढ़ का निशान चढ़ेगा। मंदिर के गुंबद पर सूरजगढ़ के निशान चढ़ाने के साथ ही 12 दिवसीय मेले का समापन हो जाएगा। देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु बाबा खाटू श्याम के दरबार में पहुंचे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रविवार को 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए।

### बाबा को चढ़ा 56 भोग का प्रसाद

श्रीश्याम मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष कालू सिंह चौहान ने मीडिया को बताया कि एकादशी पर बाबा को 56 भोग चढ़ाया गया। प्रसाद को तैयार करने के लिए दूसरे प्रदेश से कारीगर बुलाए गए थे। बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया। देशी और विदेशी फूलों के अलावा ड्राई फ्रूट्स चढ़ाए गए।

### मुख्यमंत्री ने किए खाटू नरेश के दर्शन

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सपत्नीक खाटूश्यामजी मंदिर में पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास और आमजन की खुशहाली की कामना की।

### मेले से मोबाइल चोर गिरोह पकड़ा

**जयपुर।** जयपुर के सिंधी कैंप थाना पुलिस ने खाटूश्यामजी मेले में जाने वाले यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से 11 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पूछताछ में सामने आया कि यह गैंग पिछले छह महीनों से सक्रिय थी और वारदात करने के बाद उत्तर प्रदेश भागने की फिराक में थी। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर चारों बदमाशों-इमरान खान, अरविंद उर्फ अरुण, विजय उर्फ राजू और इंद्रजीत गुर्जर को गिरफ्तार किया।